हनुमानगढ़ जंक्शन
रविवार 30 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण नवमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 176| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

शेयर बाजार

सेंसेक्स	79,032.73	-210.45
निफ्टी	24,010.60	-33.90
डॉलर	83.36	

हनुमानगढ़ का तापमान

न्यूनतम 30° अधिकतम 38°

छह महीने में 70 हजार युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी: भजनलाल

'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' में बोले सीएम भजनलाल शर्मा, कार्यक्रम में शरीक हुए 20 हजार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक, नवनियुक्त कर्मचारियों को ईमानदारी व त्वरित भाव से कार्य करने की दी नसीहत

जयपुर. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित एवं उत्कृष्ट राजस्थान बनाने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। राजकीय सेवाओं में युवाओं को प्रदेश व समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करने एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतर रही है और उन्हें सरकारी नौकरियों के सुनहरे अवसर भी प्रदान कर रही है। शर्मा शनिवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में प्रथम बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त राज्य कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उत्कृष्ट राज्यकार्य के लिए प्रेरित किया। साथ ही, सभी जिला मुख्यालयों से जुड़े नवनियुक्त कार्मिकों से

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से 20 हजार से अधिक नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा को जब नौकरी मिलती है तो पूरे परिवार को आत्मबल की अनुभूति होती है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में नियमित रूप से 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित कर रही है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ ही खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए संभाग स्तर पर खेल सुविधाएं विकसित हो रही हैं ताकि मिशन ओलंपिक के लिए युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध हो सकें। शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विभागों में रिक्त पदों एवं सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों की कलेण्डर बनाकर भर्तियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष विभिन्न राजकीय सेवाओं के 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अब तक 16 हजार 641 पदों पर नियुक्ति, 58 हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी, 11 हजार 500 पदों के लिए परीक्षा आयोजित एवं 5 हजार 500 पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमन्त गेरा, कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पी.सी. किशन एवं आयुक्त कुमार पाल गौतम सहित वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे और सभी जिला मुख्यालयों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम... शेष पेज 9 पर

नवनियुक्त 268 कार्मिकों को सीएम ने किया संबोधित

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम आयोजित

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 का जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को जंक्शन स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में हुआ। कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त जिले के 268 कार्मिकों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीसी के जरिए संबोधित किया व संवाद किया। नवनियुक्त कार्मिकों को स्वागत सेट भी दिया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर कानाराम, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, सांख्यिकी अधिकारी विनोद गोदारा, जनप्रतिनिधि देवेन्द्र पारीक सहित अन्य अधिकारी-जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे। जिला कलक्टर कानाराम ने बताया कि नवनियुक्त कार्मिकों की भूमिका, जिम्मेदारी आदि की जानकारी कार्यक्रम में दी गई। पांच युवाओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र भी जारी किया गया। ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम रविवार को आयोजित होंगे। जनप्रतिनिधि देवेन्द्र पारीक ने कहा कि जारी किए गए संकल्प पत्र के अनुसार युवाओं को रोजगार देने का अक्षरक्षः काम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया है। आज पूरे प्रदेश में जिला स्तरीय कार्यक्रमों के जरिए हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को अपने कर्तव्यों का पालन पूर्णतया जनसेवा के लिए करने का संदेश दिया।

अब किसी भी थाना में दर्ज करवा सकेंगे एफआईआर

एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानून, अब होगी जीरो एफआईआर की शुरुआत

जयपुर. एक जुलाई से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू होंगे। इसके साथ ही जीरो एफआईआर की शुरुआत हो जाएगी। संज्ञेय अपराध के मामले में पीड़ित किसी भी थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज करवा सकेगा। इसके बाद जांच के लिए संबंधित थाना में एफआइआर को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि अपराधों में महिलाओं व बच्चों को एक पुलिस स्टेशन से दूसरे पुलिस स्टेशन जाए बिना थाने में जल्दी रिपोर्ट दर्ज होने का लाभ मिलेगा। जीरो एफआईआर की प्रति शिकायतकर्ता को दी जाएगी। साथ ही संबंधित पुलिस थाने के क्षेत्राधिकार को बताया जाएगा। यह तथ्य रोजनामचा में दर्ज कर सूचना एसपी कार्यालय को भेजी जाएगी। यदि जीरो एफआईआर ऐसे अपराध से संबंधित है, जिसमें 3 से 7 साल तक की सजा का प्रावधान हो तो फॉरेंसिक टीम से साक्ष्यों की जांच करवानी होगी। इसके लिए वृत्ताधिकारी से सहायता लेनी होगी। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति ... शेष पेज 9 पर

जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र संचालन के स्वयंसेवी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

» ई-अनुदान पोर्टल के जरिए होंगे आवेदन

हनुमानगढ़। जिले में दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र संचालन के लिए पात्र स्वयंसेवी संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। दिव्यांगों के पुनर्वास एवं उनको संरक्षण प्रदान करने लिए जिला केंद्र कार्य करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पूनियां ने बताया कि ई-अनुदान पोर्टल के जरिए 2 दिवस (1 जुलाई तक) में अपने आवेदन प्रस्ताव भेज सकते हैं। पूनियां ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लेखानुदान के अंतर्गत जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र स्थापित करने के लिए घोषणा की गई थी।

एडब्ल्यूएसएम माइनर निर्माण के लिए बजट में हो प्रावधान

विधायक गणेश राज बंसल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

विधायक गणेश राज बंसल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर आईजीएनपी परियोजना की नौरंगदेसर वितरिका की 64.500 आरडी से निकलने वाली एडब्ल्यूएसएम माइनर की 0 आरडी से 6 आरडी के निर्माण के लिए बजट में प्रावधान करने का आग्रह किया है। विधायक ने पत्र में लिखा है कि एडब्ल्यूएसएम माइनर की 0 आरडी से 6 आरडी का पक्का निर्माण शेष है। स्थानीय किसानों के हितार्थ माइनर को पक्का करवाया जाना आवश्यक है। इसके लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में प्रावधान किया जाए। इसके अलावा विधायक ने हनुमानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सम्पर्क सड़कें निर्मित

करने के लिए बजट में प्रावधान करने के लिए एक अन्य पत्र सीएम को लिखा है। पत्र में बताया गया है कि हनुमानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के गांवों, ढाणियों और चकों के सुगम सम्पर्क के लिए गांवों को जोड़ने वाली 150 किमी सम्पर्क ... शेष पेज 9 पर

गैंगस्टरों के नाम से डॉक्टर को रंगदारी की धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन में जैन नर्सिंग होम के संचालक एवं प्रतिष्ठित डॉ. पारसमल जैन (77) को कुख्यात गैंगस्टरों के नाम पर धमकी देकर रंगदारी मांगने की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। टाउन थाना प्रभारी सीआई रामचंद्र कस्वां के अनुसार फतेहगढ़ खिलेरीवास के एक युवक हरीश जाट (23) को गिरफ्तार किया गया है। वह कुख्यात गैंगस्टरों के नाम से धमकी देकर डॉ. जैन से बड़ी रकम वसूलने की फिराक में था। हरीश ने यह कृत्य जल्दी अमीर बनने के चक्कर में किया। डॉ जैन को जिन मोबाइल नंबरों से धमकियां दीं गई और

धमकी भरे मैसेज भेजे गए, पुलिस की साइबर टीम ने जांच पड़ताल कर धमकी देने वाले के रूप में हरीश जाट का पता लगाया। इस पर पुलिस की एक टीम ने उसे आज गिरफ्तार कर लिया। डॉ पारसमल जैन को पिछले वर्ष भी लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों द्वारा बड़ी रकम की डिमांड करते हुए फोन कॉल द्वारा धमकियां दी गई थीं। तब पुलिस ने कुख्यात बदमाश रितिक बॉक्सर समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार भी किया था। टाउन थाना पुलिस के मुताबिक डॉ. पारसमल जैन ने बताया है कि उसे 25 और 26 जून को लगातार दो दिन व्हाट्सएप कॉल तथा व्हाट्सएप मैसेज द्वारा बार-बार धमकियां दी गई। 25 जून को पहली बार फोन कॉल आने पर उसने अटेंड की तो कॉलर ने कहा कि वह रोहित गोदारा बोल रहा है। तब उसने फोन कॉल काट दी। जिस नंबर से कॉल आई उसे एक्यूज के नाम से सेव कर लिया। इसके बाद दो-तीन बार फिर कॉल आई लेकिन उन्होंने कॉल अटेंड नहीं की। ... शेष पेज 9 पर

एकल पट्टा प्रकरण की जांच के लिए कमेटी का गठन

पूर्व जज आरएस राठौड़ होंगे कमेटी अध्यक्ष

जयपुर. प्रदेश में एकल पट्टा प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए राज्य सरकार ने समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पूर्व न्यायाधीश आर.एस.राठौड़ की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया गया है। साथ ही, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव इस समिति के सदस्य होंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में एकल पट्टा प्रकरण में हुई अनियमितताओं पर न्यायालय से प्रकरण वापिस लेने के लिए कमेटी गठित की गई थी। लेकिन कमेटी में तत्कालीन यूडीएच मंत्री के कार्यालय से संबंधित अधिकारियों को शामिल किया गया था। इससे उक्त कमेटी की निष्पक्षता पर सवाल उठे थे। पूर्व न्यायाधीश आर.एस.राठौड़ की अध्यक्षता में नव गठित समिति एकल पट्टा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

पूर्व आईएएस ललित के पंवार को सरकार ने दिया जिम्मा

जिलों के पुनर्गठन के संबंध में समिति के गठन को मंजूरी

जयपुर. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जिलों के पुनर्गठन के संबंध में एक समिति के गठन को मंजूरी दी है। पूर्व आई.ए.एस. ललित.के.पंवार की अध्यक्षता में गठित यह कमेटी नए जिलों के पुनर्गठन के संबंध में मंत्रिमण्डलीय उप-समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में जिलों का पुनर्गठन करते हुए नवीन जिले सृजित किए गए थे। राज्य सरकार द्वारा... शेष पेज 9 पर

गंगनहर में पानी की कमी मामले में केन्द्र हस्तक्षेप करे

सांसद कुलदीप इंदौरा जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिले

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

श्रीगंगानगर से कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलकर श्रीगंगानगर जिले को सिंचित करने वाली गंगनहर को निर्धारित हिस्से के मुताबिक पंजाब से पानी दिलाए जाने की मांग की है। उन्होंने श्रीगंगानगर जिले के किसानों से सिंचाई पानी के लिए पंजाब द्वारा किये जा रहे अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया है कि गंगनहर में शेयर 2500 क्यूसेक निर्धारित है, परन्तु पूरा पानी नहीं दिया। जाकर कभी 1400 क्यूसेक तो कभी 1050 क्यूसेक तक पानी घटाया-बढ़ाया जा रहा है। इससे गंग नहर परियोजना की अधिकांश नहरें

बन्द हो जाती हैं। किसानों की सिंचाई की बारियां सूखी जा रही है। क्षेत्र में करीब 1.25 लाख हैक्टेयर में खड़ी नरमा-कपास की फसल चौपट होने जा रही है। मूंग-ग्वार की बुवाई में भी संकट पैदा हो चुका है। सांसद इंदौरा ने बताया कि पंजाबमें फिरोजपुर फीड़र का पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाये। पंजाब के हुसैनीवाला हैड से निकलने वाली पुरानी बीकानेर कैनाल के पटडे मजबूत किये जावे ताकि 45 आरडी हैड पर... शेष पेज 9 पर

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे पूजनीय

श्री रूपचंद बंसल

(सुपुत्र श्री रामजीदास बंसल)

का स्वर्गवास दिनांक 29 जून 2024 को हो गया है। जिनकी **अंतिम यात्रा** दिनांक 30-06-2024, रविवार सुबह 09.30 बजे निवास स्थान 3/2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नजदीक 99 स्टोर, हनुमानगढ़ जंक्शन से शुरू होकर गांधी नगर कल्याण भूमि में जाएगी।

-:: शोक परिवार :: -
वीना बंसल (धर्मपत्नी)
संदीप-सुधा बंसल, राजीव (बोनी)- स्नेह बंसल (पुत्र-पुत्रवधु)
अनिता-नवीन गोयल, अमीता-रवि गोयल (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त बंसल परिवार।

अखिल भारतीय किसान सभा का अनिश्चित कालीन पड़ाव कल से

बकाया फसल बीमा क्लेम व पानी-बिजली समस्या को लेकर एसडीएम का होगा घेरावः मंगेज चौधरी

तेज. रिपोर्टर | नोहर

बकाया फसल बीमा क्लेम व पानी बिजली की समस्या के अलावा लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा 1 जुलाई को नोहर उपखंड कार्यालय का घेराव कर अनिश्चित कालीन पड़ाव शुरू करेगी। मांगों का समाधान न होने तक महापड़ाव जारी रहेगा। इसे लेकर किसान सभा के जिला महासचिव कॉमरेड मंगेज चौधरी ने शनिवार को यहां पंचायत समिति सभागार में प्रेस वार्ता कर प्रशासन पर किसानों व आमजन की समस्याओं की अनदेखी के आरोप लगाए। वार्ता में मंगेज चौधरी ने कहा कि 2021 से अब तक किसानों का बकाया बीमा क्लेम चुकाया नहीं गया है। जिससे किसानों को बार-बार सड़क पर संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि माकपा के संघर्ष के बावजूद अब तक 28 में से मात्र 7 पटवार मंडलों के ही क्लेम डाला गया है। मंगेज चौधरी ने आरोप लगाया कि बीमा कंपनी रोज-रोज नए-नए बहाने बनकर किसानों को गुमराह कर रही है मगर किसानों का एक भी पैसा बीमा कंपनी को डकार ने नहीं दिया जाएगा। मंगेज चौधरी ने बताया कि अनेक निजी बैंकों में किसानों का प्रीमियम करने के बावजूद भी उन्हें आज तक बीमा क्लेम नहीं मिला है। 191 नई आपत्तियां लगा दी गई। आचार संहिता के दौरान बीमा कंपनियों द्वारा अनेक गड़बड़ झाले किए गए। मंगेज चौधरी ने संपूर्ण मामले की जांच जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर करवाने की मांग की। मंगेश चौधरी ने कहा कि सेटेलाइट के आधार पर क्रॉप कटिंग किसी भी सूरत में नहीं मानेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बीमा कंपनी सेटेलाइट के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। कुछ खेतों की सेटेलाइट इमेज चयन कर सभी का क्लेम बीमा कंपनी द्वारा डकार लिया जाता है। मंगेज चौधरी ने कहा कि पूरे क्षेत्र में पानी बिजली की समस्या बनी हुई है कस्बे की जनता दूषित पानी पीने को मजबूर है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की सरकारों ने बिजली पानी के नाम पर योजनाओं में अरबों रूपये खर्च किए। मगर आज तक हालात जस के तस है। दर्जनों गांवो में पीने के पानी का संकट बना हुआ है। मंगेज चौधरी ने आरोप लगाया कि अलटी कट के नाम पर पूरे पूरे दिन विद्युत कटौती की जाती है । इसके अलावा मेंटेनेंस के नाम पर लंबी विद्युत कटौती की जा रही है जो मेंटेनेंस का कार्य सर्दी के मौसम में होना चाहिए था वह अब किया जा रहा है। उन्होंने जल जीवन मिशन मैं भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जल जीवन मिशन में घटिया पाईप लाईन डाली गई है। अनेक गांवों में टंकियों से पेयजल सप्लाई शुरू होने से पहले ही उनमे पानी टपकने लगा है। चौधरी ने कहा कि कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि गत तीन माह में 150 से अधिक बाइक चोरी की वारदत हो चुकी है। मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे भी दर्ज नहीं होते हैं। चोरी कि घटनाएं बढ़ रही है नशा खुले आम बिक रहा है ओर तो ओर बिहार जैसे राज्यों की तर्ज पर लूटपाट की घटनाएं हो रही है ।

मंगेश चौधरी ने बताया कि 13 जून को 22 एनटीआर निवासी राजकुमार तिवाडी से लूटपाट की घटना की गई। उसे सड़क पर डालकर आरोपित भाग गए इसके अलावा असरजाना गांव में जूस निकालने वाले रेडी चालक से भी लूटपाट हुई दोनों मामलों में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रेस वार्ता में माकपा सचिव सुरेश स्वामी, पवन देडहु अजय साहू रणवीर खींची बलराम शर्मा आदि उपस्थित थे।

मनमर्जीः फतेहाबाद ब्रांच में कम हुए पानी की क्षतिपूर्ति नोहर फीडर से की जा रही

3 दिन से नोहर फीडर में 200 की डिमांड पर 30 क्यूं पानी मिलने से पिट रही किसानों की बारिया

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी

फतेहाबाद ब्रांच में पानी कम होने से हरियाणा के सीपी 5 हेड पर उपलब्ध राजस्थान के हिस्से के पानी को नोहर फीडर व सिद्धमुख नहर में अनुपात में चलाने की बजाय 3 दिन से पूरा पानी सिद्धमुख नहर में चलाने से नोहर फीडर के किसानों की बारिया पिट रही। बताते चलें कि दिसंबर 2023 व फरवरी-मई 2024 में ऐसे ही पानी कटौती करने से नोहर फीडर के किसानों को पानी नहीं मिला,मई में एसई ने हरियाणा को पत्र लिखकर सीपी 5 पांच उपलब्ध राजस्थान के हिस्से के पानी को दोनों नहरों में अनुपात में चलाने की मांग की थी जिसका उच्चाधिकारियों ने विरोध भी किया था। लेकिन विभाग न किसानों की मांग सुनीं जा रही। बताते चलें कि टोहाना हेड (सीपी पांच) से राजस्थान की नहरों में पानी चलाने का कंट्रोल नोहर एसई के पास है। जिनके द्वारा सिद्धमुख नहर 450 व नोहर फीडर में 200 क्यूं पानी की डिमांड भेजी गई थी। सीपी 5 (टोहाना हेड) से घटा पानी नोहर फीडर - सिद्धमुख नहर दोनों में समानुपात कम करके चलाने की बजाय बुधवार रात से नोहर फीडर को बंद कर सिद्धमुख नहर में 425 + क्यूं दिया जा रहा है। नोहर फीडर में 200 की डिमांड पर मात्र 30 क्यूं पानी आ रहा,अगर सीपी पांच से अनुपात में पानी दिया जाए तो नोहर फीडर के किसानों की पूरी बारिया नहीं पिटती। शनिवार दोपहर बाद नहराना हेड से नोहर फीडर में 70-75 व बरवाली नहर में 180 क्यू.पानी छोड़ा गया। चार सीपी हेड से नोहर फीडर में 65 क्यू.पानी प्रवाह होने लगा। जो सिंचाई दूर क्षेत्र में पेयजल के लिए भी अपर्याप्त है।

दो दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी

तेज. रिपोर्टर | थालड़का

गांव नेहरा वाली ढाणी में पिछले दो दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा ।है इस भीषण गर्मी और उमस में लोगों का हाल बेहाल है। गांव के जागरूक ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति सही नहीं हो रही है दिन में भी लाइट के लंबे-लंबे कट लगते हैं और रात्रि को भी बिजली नहीं आने से लोगों को भारी परेशानी होती है। विद्यार्थियों ने बताया कि रात्रि को बिजली नहीं आने के कारण पढ़ाई भी नहीं होती है क्योंकि दिन में भीषण गर्मी होती है। तो पढ़ाई नहीं होती है। इसलिए विद्यार्थियों को रात्रि को बिजली की बहुत ही ज्यादा आवश्यकता है। इधर ग्रहणियों का कहना है कि शाम के समय जब बिजली की घरों में आवश्यकता होती है इस समय बिजली कभी नहीं रहती है। शाम के समय ग्रहणियों को घर में भोजन बनाने व अन्य कार्यों में बिजली की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है और जब सुबह के समय बिजली की आवश्यकता होती है इस समय बिजली नहीं मिलती है बिजली कटौती को लेकर के महिलाओं में काफी गुस्सा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली कटौती में जल्दी ही सुधार की मांग की है नहीं तो ग्रामीण बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। 33 केवी सब स्टेशन कर्मचारी चानणराम शर्मा ने बताया कि बिजली की कटौती लाइन में फाल्ट होने के कारण हो गई और वैसे कोई बिजली कटौती नहीं हो रही है बिजली कटौती हमारे यहां 33 केवी स्टेशन से नहीं होती जो कुछ होती है पीछे से होती है और अभी बिजली सुचारू रूप से शुरू कर दी गई है।

रावला के मकान में फंदे पर लटकती मिली लाश

श्रीगंगानगर। अनूपगढ़ जिले में रावला शहर में एक मकान में एक व्यक्ति की लाश फंदे पर लटकते हुए मिली। सब इंस्पेक्टर मोहनलाल मीणा ने बताया कि कल रात लगभग 11 बजे वार्ड पंच राजेश ने सूचना दी कि वार्ड नंबर 5 में गुरमीतसिंह रामगढ़िया (40) की लाश उसके मकान में फंदे पर लटक रही है। उसके मकान से बदबू भी आ रही है। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और गुरमीतसिंह की पत्नी को सूचना दी। उसकी पत्नी तीन-चार दिन पहले रावला में ही अपने पीहर चली गई थी।गुरमीत सिंह घर में अकेला था। लाश की स्थिति के आधार पर पुलिस का कहना है कि उसने दो-तीन दिन पहले ही फांसी लगा ली थी। बदबू फैलने से लोगों को पता चला। गुरमीतसिंह अत्यधिक शराब पीने का आदी था। उसके द्वारा खुदकुशी करने के कारण का अभी पता नहीं चला। आज पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों कोसौंप दी। फिलहाल मर्ग दर्ज की गई है।

डेढ़ करोड़ रुपये करीब कीमत का अवैध डोडा चूरा जब्त

पिकअप से 987 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त, एस्कॉर्ट करता बाईक चालक गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

चित्तौड़गढ़ जिले की बस्सी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए कल रात बस्सी थाना क्षेत्र के मायरा घाटा में नाकाबंदी के दौरान एक पीकअप में 49 कट्टों मे भरा 987 किलो 600 ग्राम डोडाचुरा जब्त किया हैं। पीकअप की एस्कोर्ट करते एक बाईक चालक को गिरफ्तार कर बाईक भी जब्त की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले के समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम मे एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिह के निर्देशन व डीएसपी (ग्रामीण) चितौडगढ शिवप्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी बस्सी सबइंस्पेक्टर जयेश पाटीदार ने हवलदार विक्रमसिह, सिपाही अनिल, नारायण लाल के रामनिवास कल रात बस्सी कस्बा में गश्त करते हुए मायरा घाटा पहुंच नाकाबंन्दी की। इसी दौराने मायरा घाटा की तरफ से एक स्पलेण्डर मोटरसाईकिल आती दिखाई दी, जो वर्दीधारी पुलिस कर्मियों को नाकाबन्दी करता हुआ देखकर फोन से बात करता हुआ नजर आया। एसएचओ मय जाप्ता ने उसे टोर्च की रोशनी से ईशारा कर रूकवाया। उक्त मोटरसाईकिल चालक से इतनी रात को निकलने का कारण पूछा वहघबरा गया। फिर युवक ने बताया कि उसे गांगा जी का खेडा निवासी हेमजी जाट ने उसकि पीकअप की एस्कोर्ट कर लाने के लिए भेजा है, जिसको वह एस्कोर्ट कर लेकर आ रहा था जो उसके पीछे पीछे आ रही है।इसी दौरान मायरा घाटा की तरफ से एक पिकअप आती नजर आई, जिसका चालक घुमाव पर घूमते ही पुलिस ने रुकवाया। पिकअप को घुमाव पर ही छोडकर चालक जंगल में भाग गया।पीकअप को थाने में लाकर तौल किया तो कुल वजन 987 किलो 600 ग्राम डोडा चूरा पाया गया।एस्कोर्ट कर रहे बाईक सवार आरोपी धाकड मौहल्ला सेती थाना सदर चितौडगढ निवासी राहुल धाकड को गिरफ्तार कर अवैध डोडाचूरा, पीकअप व मोटर साईकिल को जब्त किया गया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में बस्सी थाने के सिपाही नारायण लाल व अनिल कुमार की विशेष भूमिका रही।

सरकार के नीति निर्माण में सांख्यिकी और सटीक आंकड़ों का महत्वपूर्ण योगदान

जयपुर। भारत सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं में निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में सटीक व समयबद्ध आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात मंगलायतन विश्ववि?द्यालय के. कुलपति प्रोफेसर पी. के. दशोरा ने भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के अंचल (उत्तर) कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जयपुर में मनाए गए सांख्यिकी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सांख्यिकी दिवस की थीम - निर्णय लेने में आँकड़ों का उपयोग है। उत्तर अंचल कार्यालय एनएसएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग के उप महानिदेशक हरदीप सिह चौपड़ा ने सरकार के निर्णयों में सांख्यिकी के महत्व पर अपने विचार ख़े। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से आज डेटा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित प्रोफेसर (स्वर्गीय) प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती मनाने के लिए प्रतिवर्ष 29 जून को सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में उनके गहन योगदान के लिए जाने जाते हैं। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की इस चिरस्थायी विरासत से प्रेरणा लेकर यह दिन सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति-निर्माण में सांख्यिकी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विशेषकर युवाओं में जन चेतना फैलाने का कार्य करता है। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के सांख्यिकी विमाग के अध्यक्ष प्रो. जयन्त सिंह एवं डॉ हंसराज यादव (आई.एस.एस), उप महानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय एनएसएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग जयपुर उपस्थित थे।इस आयोजन में एन.एसएसओ के अधिकारीगण व कर्मचारियों एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के शोधकर्ता व छात्रों ने भी भाग लिया।

पिता-पुत्रों पर जानलेवा हमला करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

राजियासर थाना क्षेत्र में 4 महीने पहले पिता-पुत्रों की हत्या का प्रयास किए जाने की एक चर्चित घटना का एक और आरोपी पकड़ा गया है। जांच कर रहे एएसआई रोहिताश ने बताया कि कालूराम निवासी 185 आरडी भोजेवाला को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में एक आरोपी नेतराम की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। कातिलाना हमले की यह घटना विगत 27 फरवरी की रात लगभग 8 बजे की है, जिसमें संदीप,भाई सुभाष और पिता चंदूराम मेघवाल बुरी तरह से घायल हो गए थे। इस संबंध में हर्षिता मेघवाल (29) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर नेतराम और कालूराम आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हर्षिता ने बताया कि 27 फरवरी की रात 8 बजे साइड को लेकर संदीप का नेतराम और कालूराम के साथ विवाद हो गया था। नेतराम और कालूराम ने संदीप से मारपीट की। संदीप जान बचाने के लिए भाग कर उसके घर में जाकर छुप गया।संदीप ने अपने पिता चंदूराम और भाई सुभाष को फोन करके घटना के बारे में बताया। उधर नेतराम और कालूराम ने लालचंद, सुनील, फरसाराम, नरसीराम तथा 9-10 अन्य व्यक्तियों को बुला लिया जो कि हथियारों से लैस होकर आए। यह सभी उसके घर की दीवार फांदकर अंदर आ गए ।संदीप,सुभाष और चंदूराम पर उन्होंने हमला कर दिया। संदीप का पैर टूट गया तथा उसके सिर में गंभीर चोट लगी। उसके पिता चंदूराम के भी सिर में चोट लगी और हाथ टूट गया। सुभाष भी बुरी तरह जख्मी हो गया। तीनों को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि यह झगड़ा-फसाद लव मैरिज किए जाने की बात को लेकर हुआ। मुकदमा दर्ज करवाने वाली हर्षित पटवारी हैं तथा घायल हुए संदीप व सुभाष उसके रिश्ते में लगते भाई हैं।

क्षेत्र में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई पर वन प्रेमियों ने रोष जताया

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

पीलीबंगा क्षेत्र में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई पर जागरूक वन प्रेमियों ने रोष जताया है। जगदीश कुमार, हेतराम, रामस्वरूप, कृष्ण लाल, ओम प्रकाश सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि संपर्क मार्ग डींगवाला, भागसर,प्रेमपुरा से रोजाना सुबह लगभग 3 से 5 बजे के बीच अवैध रूप से लकड़ी से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली निकलते हैं,इन ट्रैक्टर ट्राली एवं रेहड़ों में हजारों क्विंटल,हरे पेड़ों को काटकर रात को भर कर हरी लकड़ी छोड़ दी जाती है एवम मध्य रात्रि को यह ट्रैक्टर रवाना होते है एवम सुबह दिन निकलने से पहले पहुंचने की जद में तेज गति से ट्रैक्टर ट्राली को दौड़ते हैं एवं सुबह के समय यह तेज गति से इन ग्रामीण सड़कों से निकलते हुए हरे पेड़ों को काट कर पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं।बता दे कि इससे पूर्व पीलीबंगा से गोलूवाला रोड पर रमाना चक के पास सड़क के दोनों और अवैध रूप से पेड़ों की कटाई रोजाना होने की भी सूचना मिली है।वन प्रेमियों ने स्थानीय प्रशासन एवं कलेक्टर से इस और प्रमुखता से ध्यान देते हुए अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई करने वाले एवं इस कार्य में उनका सहयोग करने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आग्रह किया है। उन्होंने जताया कि शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर मजबूरन आमजन को आंदोलन करना पड़ेगा।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बैठक हुई आयोजित

शहरी आशाओं को कार्य में सुधार के दिए दिशा निर्देश

तेज. रिपोर्टर | सूरतगढ़

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ की बैठक का आयोजन प्रातः 11.30 बजे खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हाल में किया गया। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ के सीनियर नर्सिंग अधीक्षक सुरेंद्र पारीक ने आशाओं और एएनएम द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया और कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया। वहीं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर पुलकित छाबड़ा ने आशाओं को आभा स्वास्थ्य आईडी बनाने और आयुष्मान कार्ड वितरण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के आदेश दिए। इस अवसर पर सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर दया तनेजा ने कहा कि आशाओं को कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 30 जून रविवार को मनाए जाने वाले पोलियो दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीनियर नर्सिंग अधीक्षक सुरेंद्र पारीक, नर्सिंग अधिकारी तरुण सोनी, जीबी बाबू, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर दया तनेजा, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, पीएचएस सुनील कुमार, एएनएम विमला और सुनीता, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रतीक कुमार, जनता क्लिनिक सूरतगढ़ से नर्सिंग अधिकारी पंकज कुमार, एएनएम प्रीति रानी और शहरी आशाएं उपस्थित रही।

विद्युत लाइन के टावर पर चढ़े मनोरोगी को उतारने के लिए पुलिस को करने पड़े बड़े जतन, अस्पताल में भर्ती करवाया

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में रावला थाना क्षेत्र में चक 01- एसजेएम में कल शाम विद्युत लाइन के लगभग 95 फीट ऊंचे टावर पर चढ़े एक मनोरोगी को नीचे उतरने के लिए पुलिस और प्रशासन को बड़े जतन करने पड़े।रावला थाना प्रभारी सीआई बलवंतराम ने बताया कि कल शाम 5:30 बजे टावर पर चढ़ने का पता चलते ही सबसे पहले विद्युत लाइन को बंद करवाया गया। ताराचंद कपाड़िया (50) नामक इस व्यक्ति को समझा बूझाकर नीचे उतरने के काफी प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके परिवार वालों ने भी समझाया लेकिन वह नहीं माना। हाई टेंशन की विद्युत लाइन के टावर पर ताराचंद लगभग 85 फुट की ऊंचाई पर जाकर एंगल के दोनों तरफ पैर लटका कर बैठ गया था। वह बार-बार मोदी और योगी से बात करवाने की मांग करने लगा। थानाधिकारी के अनुसार ताराचंद की मानसिक हालत ठीक नहीं है। वह वैसे भी मोदी और योगी की ही बात करता रहता था। कल टावर पर चढ़ने पर उसने कई बार यह भी कहा कि उसके परिवार वालों को जेल भेज दिया जाए। पुलिस और प्रशासन तथा परिवार वालों द्वारा लगभग 5 घंटे समझाइश करने पर भी वह जब नीचे नहीं उतरा तो रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। थाना अधिकारी के अनुसार विद्युत टावर के चारों तरफ ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी मंगवाकर डलवाई गई। उसके ऊपर गद्दे बिछाए गए। फिर टावर के चारों तरफ तिरपाल को 20 फुट की ऊंचाई से तिरछा (स्लाइडिंग) के रूप में लगाया गया। इसके बाद कुआओं की खुदाई करने वाले तीन चार कुशल व्यक्तियों को बुलाया गया। अंग्रेजसिंह नामक एक युवक की भी मदद ली गई जो एक एनजीओ में काम करता है। उन्होंने बताया कि राहत बचाव के जब यह सब कार्य किया जा रहे थे, इस दौरान ताराचंद को न केवल बातों में उलझाए रखा गया बल्कि उस पर लगातार ड्रैगन लाइटों से रोशनी भी डाली गई ताकि उसे दिखाई नहीं दे कि रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो चुका है। सारी तैयारी होने के बाद उक्त चार-पांच युवकों को टावर पर चढ़ाया गया। इस दौरान ताराचंद की आंखों में तेज रोशनी डाली गई। उसे पता ही नहीं चला कि उसे दबोचने के लिए युवक ऊपर आ रहे हैं। ऊपर पहुंचने पर उक्त युवकों ने अचानक कि उसे दबोच लिया। तत्पश्चात उसे नीचे लाया गया। उसे पहले स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। उसकी मनोदशा ठीक नहीं होने के कारण रात को ही आपातकाल सेवा 108 की एंबुलेंस से श्रीगंगानगर भेज दिया गया।उसका अब जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। थानाधिकारी ने कहा कि अगर ताराचंद 5-7 फुट और ऊपर चढ़ जाता तो उसके बिजली की तारों के संपर्क में आने से बड़ी अनहोनी हो सकती थी। ताराचंद का परिवार बहुत ही गरीब है। उसके परिवार वाले पहले से ही मनोचिकित्सा से उसका इलाज भी करवा रहे हैं।

डीवाईएफआई से बीस हजार नए नौजवान जोड़ने का लक्ष्य

» नौजवानों के मुद्दे पर सरकार को घेरने का निर्णय

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी की बैठक शनिवार को जंक्शन में लाल चौक के नजदीक स्थित शहीद भगतसिंह यादगार केन्द्र में हुई। पर्यवेक्षक के तौर पर डीवाईएफआई प्रदेशाध्यक्ष सत्यजीत सिंह बैठक में मौजूद रहे। बैठक में नौजवान सभा से जिले भर से बीस हजार नौजवानों को जोड़ने का लक्ष्य तय करते हुए सदस्य बनाए जाने का निर्णय लिया गया। पांच जुलाई तक पूरे जिले में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी ब्रांच कमेटियों का गठन करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रदेशाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार बने छह माह से अधिक समय हो गया है। लेकिन विद्यार्थियों-नौजवानों से किया एक भी वादा इस सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया है। सभी पेपर लीक हो रहे हैं। पूरे देश में हुआ नीट का पेपर भी लीक हुआ। पेपर लीक के प्रकरणों में भी भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोग शामिल हैं। इसके खिलाफ भारत की जनवादी नौजवान सभा ने फैसला लिया है कि पूरे राजस्थान में जाकर हर जिले में डीवाईएफआई का गठन किया जाएगा और नौजवानों के मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश की कानून व्यवस्था लचर होती जा रही है। अपराधियों में कानून का भय नहीं रहा। अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। महिलाओं-बच्चियों पर अपराध बढ़े हैं। नौजवान सभा इसकी निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाए। प्रदेश महासचिव जगजीत सिंह जग्गी ने कहा कि देश-प्रदेश की सरकारें लगातार नौजवानों को रोजगार देने में विफल रही हैं। नौजवानों से जुड़े तमाम मुद्दों को लेकर जिले के युवाओं को लामबंद कर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उनके साथ किए जा रहे धोखे का जवाब दिया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष के निष्क्रिय होने के कारण सर्वसम्मति से जिला कमेटी सदस्य देवीलाल को जिलाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन लोहरा, तहसील अध्यक्ष वेद मक्कासर, बग्गासिंह, रामकुमार, विनोद कुमार, रामप्रताप सुथार, सहदेव गोस्वामी, भागमाल सिंहमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नशे ने लील ली एक और जिंदगी

हनुमानगढ़। सदर थाना क्षेत्र के गांव डबलीराठान निवासी एक युवक की रात्रि को अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जांच के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मृतक नशा करने का आदी था। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार जगजीत सिंह (55) पुत्र गुरबचन सिंह जटसिख निवासी डबलीबास कुतुब ने बताया कि उसका पुत्र बलतेज सिंह (30) नशा करने का आदी था। बलतेज सिंह ने प्रेम विवाह किया था। बलतेज सिंह की अपनी पत्नी से काफी समय से अनबन चल रही थी। गुरुवार रात्रि को अचानक बलतेज सिंह की तबीयत बिगड़ गई। वे उसे अस्पताल लेकर गए। चिकित्सक ने जांच के बाद बलतेज सिंह को मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। जांच डबलीराठान पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई विजय सोनी कर रहे हैं।

यूथ क्लब सोसायटी ने लगाया पौधों का लंगर

निःशुल्क बांटे 500 पौधे

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

यूथ क्लब सोसायटी, हनुमानगढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के उद्देश्य से निःशुल्क 500 विभिन्न प्रजाति के पौधों का लंगर शनिवार को भगत सिंह चौक पर लगाया गया। उदघाटन जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सामरिया, समाजसेवी सुमन चावला, युधिष्ठिर गक्खड़, भामाशाह गुरदयाल सुमराणी, विनोद भाटी, बाबा गुरप्रीत सिंह, यूथ क्लब संस्थापक व अध्यक्ष मनदीप सिंह ने राहगीरों को पोधो का वितरण कर व उन्हें इसकी सार संभाल करने के लिये जागरूक किया। जिला सूचना जनसम्पर्क अधिकारी सुरेंदर सामरिया ने क्लब द्वारा चलाये गये अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में पौधारोपण के प्रति चेतना आना मतलब उज्जवल भविष्य की शुरुआत होने के समान है। उन्होंने कहा कि शहर की अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी इन युवाओं से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति कार्य करना चाहिए। समाजसेवी सुमन चावला एवं युधिष्ठिर गक्खड़ ने कहा कि भोजन का लंगर तो सभी लगते हैं परंतु पौधों का लंगर लगाना अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस तपती गर्मी में मानव जीवन के लिए जीतना जरूरी पानी है उतने ही जरूरी पौधे हैं, इसलिए युवाओं को पौधारोपण के प्रति जागरूक होकर पौधों को लगाने के साथ-साथ उसकी कर संभाल भी करनी होगी। क्लब अध्यक्ष मनदीप सिंह ने कहा कि क्लब द्वारा हर वर्ष गर्मी के मौसम में पौधारोपण अभियान चलाया जाता है परंतु इस बार सभी सदस्यों की सहमति से पौधों का लंगर लगाने की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि पौधों के वितरण के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों की आवश्यकता एवं पौधों की सार संभाल के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर यूथ क्लब उपाध्यक्ष नितिन, सचिव करण रॉय, सदस्य हर्ष कटारिया, भूपेश पाल, हरदीप राठौड़ व हिंदुस्तान स्काउट गाइड से हरदीप सिंह व सदस्य मौजूद थे।

शराब ठेका खोलने की अनुमित न देने की मांग

वार्डवासियों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

वार्ड में खुल रहे शराब ठेका को बंद करवाने की मांग के संबंध में जंक्शन के वार्ड दो, नई खुंजा के वाशिंदों ने शनिवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले वार्डवासियों ने मौके पर एकत्रित होकर शराब ठेका खोलने के विरोध में प्रदर्शन किया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड दो, नई खुंजा में मोहल्ले के पास श्रीगंगानगर रोड पर पहले से एक शराब ठेका खुला हुआ है। शराब ठेका पर आए दिन शराबी प्रवृत्ति के लोग शराब पीकर झगड़ा करते हैं। इस कारण आए दिन विवाद होता है। अब मोहल्ले के पास ही एक और शराब ठेका खोला जा रहा है। आबादी क्षेत्र में शराब ठेका खोले जाने से मोहल्ले वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिस जगह शराब ठेका खोला जा रहा है उसके आस-पास रिहायशी मकान हैं। महिलाओं-बेटियों का भी घरों से बाहर निकलना दूभर हो जाएगा। वार्डवासियों के अनुसार पूर्व में खुले शराब ठेका के कारण ही मोहल्लेवासी काफी परेशान हैं क्योंकि यहां शराबी प्रवृत्ति के लोग उत्पात मचाते रहते हैं। हर समय अनहोनी होने का डर रहता है। वार्डवासियों ने जिला कलक्टर से मांग की कि मोहल्ले के नजदीक शराब ठेका खोलने की अनुमति न दी जाए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो वार्डवासियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस मौके पर कर्मसिंह, सुरेन्द्र, प्रेमजीत, रामकुमार, अमनदीप सिंह, अमरजीत सिंह, अजीत सिंह, रूपसिंह, सुरेन्द्र आदि मौजूद थे।

बाइक की टक्कर से टैम्पो चालक घायल

» राजीनामा के लिए दबाव बनाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सूरतगढ़ फोरलेन पर स्थित गांव डबलीराठान के बस स्टैंड पर बाइक की टक्कर लगने से टैम्पो चालक के पैर की हड्डी टूट गई। उसका टाउन के एक निजी अस्पताल में इलाज चला। आरोप है कि बाइक चालक की ओर से राजीनामा करने के लिए टैम्पो चालक पर दबाव बनाया जा रहा है। इस संबंध में टैम्पो चालक की पुत्री ने बाइक चालक के खिलाफ सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार राजवीर कौर (25) पुत्री कुलवन्त सिंह रायसिख निवासी वार्ड 12, डबलीबास मौलवी ने लिखित रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज करवाया कि उसके पिता कलवन्त सिंह पुत्र जगतार सिंह टैम्पो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उसके पिता परिवार में अकेले कमाने वाले हैं। 18 जून की शाम करीब 5.30 बजे उसके पिता डबलीराठान बस स्टैंड के पास टैम्पो को सड़क की दक्षिण दिशा में सड़क से नीचे खड़ा कर टैम्पो के पीछे बैठे थे। तभी हनुमानगढ़ की तरफ से तेज गति से आई बाइक नम्बर आरजे 13 सीएस 9262 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए उसके पिता व टैम्पो में जोर से टक्कर मारी। बाइक की टक्कर से उसके पिता को गम्भीर चोट लगी और बाएं पैर की हड्डी टूट गई। इससे उसके पिता का पैर लटक गया और वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। उसके पिता को टाउन के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। राजवीर कौर के अनुसार उसके पिता की ओर से इस घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज करवाने के लिए डबलीराठान पुलिस चौकी डबलीराठान में 21 जून को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर बाइक चालक के हौसले बुलंद हैं तथा वह उसके पिता पर इस प्रकरण में राजीनामा करने का नाजायज दबाव बना रहा है। भविष्य में भी किसी प्रकार की घटना कारित करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच डबलीराठान पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई विजय सोनी को सौंपी है।

बाइक चोरी के प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

» पिछले साल चिकित्सक के निवास के बाहर से चुराई थी बाइक

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन थाना पुलिस ने चिकित्सक के निवास के आगे खड़ी बाइक चोरी करने के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी बाइक चोरी के एक अन्य मामले में जिला कारागृह में न्यायिक अभिरक्षा में बंद थे। दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि अनिल कुमार (22) पुत्र मुखराम निवासी मोटेर हाल बिजली बोर्ड, टाउन ने 22 जून को मुकदमा दर्ज करवाया था कि वह 29 सितम्बर 2023 की शाम करीब पांच बजे अपनी बाइक नम्बर आरजे 13 एसएल 4272 लेकर राजेश कटेवा के निवास पर मरीज दिखाने के लिए आया था। मरीज दिखाने के बाद वापस बाहर आकर देखा तो बाइक मौके से गायब मिली। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में अज्ञात चोर नजर आया जो उसकी बाइक चोरी कर ले गया। थाना प्रभारी कस्वां ने बताया कि थाना क्षेत्र में बढ़ रही दुपहिया चोरी की वारदातों का खुलासा करने के लिए हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी व मानवीय आसूचना से दो आरोपियों की पहचान कर प्रवीण कुमार उर्फ पीना (26) पुत्र दलीपराम निवासी चक 12 एफटीपी ढाणी पीरकामड़िया व कुलदीप कुमार (24) पुत्र बलवन्त राम मेघवाल निवासी वार्ड तीन, पीरकामड़िया पीएस टिब्बी को जिला कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को जंक्शन थाना पुलिस ने गत दिनों चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया था। आरोपियों की निशानदेही पर पूर्व में चोरीशुदा बाइक बरामद की जा चुकी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई, कांस्टेबल कृष्णसिंह, मानसिंह व गंगाबिशन शामिल रहे।

एक साल से फरार हेरोइन सप्लायर गिरफ्त में

हनुमानगढ़। सदर थाना पुलिस ने करीब एक साल से फरार हेरोइन सप्लायर को शनिवार को धर दबोचा। आरोपी श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ थाना क्षेत्र का निवासी है। सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र ने बताया कि 19 मार्च 2023 को थाना के तत्कालीन प्रभारी एसआई लखवीर सिंह गिल ने गश्त के दौरान जेहना बीबी पत्नी (46) यूसुफ अली निवासी जंडावाली को 40 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की। प्रकरण दर्ज होने के बाद से हेरोइन सप्लायर मिर्जा खान (23) पुत्र बास खां निवासी गोसियां मस्जिद के पास सरदारगढ़ पीएस सदर सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर फरार चल रहा था। उच्चाधिकारियों के निकटतम सुपरविजन में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान आरोपी मिर्जा खान की तलाश के लिए टीम गठित की गई। शनिवार को कार्रवाई करते हुए मिर्जा खान की तलाश के लिए गठित टीम ने आरोपी मिर्जा खान को दस्तयाब कर अनुसंधान बाद गिरफ्तार किया। आरोपी से अनुसंधान जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी लाल बहादुर चन्द्र, एएसआई लालचन्द, हैड कांस्टेबल विजय सिंह, कांस्टेबल धर्मपाल व अशोक शामिल रहे।

नहर से सड़ी-गली हालत में लाश बरामद

हनुमानगढ़। फेफाना थाना पुलिस ने केएनएन नहर से अज्ञात व्यक्ति का सड़ी-गली हालत में लाश बरामद किया है। इस संबंध में फेफाना पुलिस थाना में मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार थाना में सूचना मिली कि चारणवासी से रतनपुरा के मध्य स्थित केएनएन नहर के पुल के पास अज्ञात व्यक्ति का शव तैर रहा है। सूचना मिलने पर थाना के एएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम नहर में शव की तलाश करती हुई रोही रतनपुरा में पहुंची तो नहर में एक शव तैरता नजर आया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया जो सड़ी-गली हालत में था। फूले हुए शव के हाथ-पैर, मुंह क्षत-विक्षत हालत में थे। करीब 25-30 वर्षीय पुरुष का शव 20-25 दिन पुराना प्रतीत होने के कारण पहचान योग्य नहीं था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के मोर्चरी कक्ष में रखवाया। इस संबंध में दर्ज मर्ग रिपोर्ट की जांच थाना प्रभारी एसआई विजेन्द्र शर्मा कर रहे हैं।

संगीत-नृत्य प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

शनिवार को हंसवाहिनी संगीत कला मंदिर के तत्वाधान में 24वां संगीत-नृत्य प्रशिक्षण शिविर का प्रतिभा सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेशराज बंसल, कार्यक्रम अध्यक्ष सुमित रणवां, विशिष्ट अतिथि बनवारी लाल पारीक, तरुण विजय, लालचंद फूलिया व संतोष राजपुरोहित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कला मंदिर अध्यक्ष गुलशन अरोड़ा ने बताया की कार्यक्रम में जानवी एंड ग्रुप ने आफत लगती हमें पढ़ाई कविता, आद्विक एंड ग्रुप ने कुकड़ू कू व आले, पलाक्षी एंड ग्रुप ने सेल्फी ले ले पर डांस प्रस्तुत किया। निशा एंड ग्रुप ने मुझे माफ करना, अवनीका एंड ग्रुप ने लाल पीली अखियां, वंदना एंड ग्रुप ने हम कथा सुनाते, काव्या एंड ग्रुप ने आरंभ है प्रचंड, लक्ष्य एंड ग्रुप ने पंजाबी भांगड़ा जैसी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कला मंदिर संरक्षिका प्रोफेसर सुमन चावला ने हंसवाहिनी की गतिविधियों की जानकारी दी। विनोद यादव ने संगीत संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करवाया। कार्यक्रम में दीनदयाल शर्मा ने भी कविता के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन किया। मंच संचालन पवन बजाज, करिश्मा गुप्ता, तनिष्का, गीतिका, नव्या, अंशिका, कौशल शर्मा व मानसी महाजनी ने किया। कार्यक्रम में दीक्षा अरोड़ा, प्रवीण वर्मा, मनमोहन शर्मा, मनदीप सिंह, तरुण मोदी व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। ममता अरोड़ा ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

हथकढ़ शराब सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन थाना पुलिस ने 25 लीटर हथकढ़ शराब बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एएसआई जसकरण सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान सुरेशिया क्षेत्र से रविन्द्र कुमार पुत्र हनुमान नामक युवक के कब्जे से पांच लीटर हथकढ़ शराब बरामद की। रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। वहीं एसआई चुंका ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कालूराम (45) पुत्र मनफूल मेघवाल निवासी वार्ड छह, गांव मक्कासर को 20 लीटर हथकढ़ शराब सहित गिरफ्तार किया।

वारंटी को किया गिरफ्तार

हनुमानगढ़। जंक्शन थाना पुलिस ने शनिवार को एक वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। कांस्टेबल महेन्द्र सिंह ने बताया कि एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी वारंटी सुखपाल सिंह (28) पुत्र बूटासिंह निवासी नई खुंजा, जंक्शन को गिरफ्तार किया गया।

साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश

जिला कारागृह का किया निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यवाहक अध्यक्ष रविप्रकाश सुथार ने शनिवार को जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागृह का वातावरण स्वच्छ पाया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को मिलने वाले भोजन व्यवस्था व चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कारागृह में निरूद्ध बंदियों से संवाद वार्ता कर जेल मेन्युअल के अनुसार मिलने वाली सुविधाओं आदि के संबंध में पूछने पर बंदियों ने किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना जाहिर किया। कार्यवाहक अध्यक्ष रविप्रकाश सुथार ने जेल प्रशासन को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। जिला कारागृह में बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, धारा 436ए के तहत जमानत का लाभ प्राप्त करने आदि के संबंध में विधिक जानकारी प्रदान की गई। रालसा, जयपुर की ओर से दिए गए निर्देशों की पालना में जिला कारागृह में निरूद्ध दोषसिद्ध बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के तहत अपील के संबंध में जानकारी दी गई।

पंचतरणी भंडारे में सेवा के लिए जत्था रवाना

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

श्री अमरनाथ सेवा समिति (रजि) हनुमानगढ़ का दूसरा जत्था पंचतरणी भंडारे में सेवा के लिए आज रवाना हुआ। समिति अध्यक्ष सूरजभान मित्तल की अगुवाई में 6 सदस्य सेवा जत्था नई धान मंडी ने श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में पूजा अर्चना कर रवाना हुआ, इस जठर में उपाध्यक्ष पवन सिंगला, संरक्षक विनोद गर्ग, प्रचार मंत्री राजकुमार चुग, प्रवक्ता विनय सिंगला आदि सेवादार पंचतरणी भंडारे में 10 दिन रह कर के सेवा करेंगे। यह भंडारा शिव भक्तों की सेवा के लिए निशुल्क लगाया जाता है,समिति सचिव इंदरजीत चराया ने बताया श्री अमरनाथ सेवा समिति श्रीनगर (कश्मीर) के पंचतरणी में श्री अमरनाथ यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिये निःशुल्क भोजन,नाश्ता, मेडिकल दवाइयां, ठहरने,नहाने की व्यवस्था दुर्गम पहाड़ो में करती है,जो जनसहयोग से किया जाता है, समिति द्वारा इस वर्ष 28 वा भंडारे की व्यवस्था की है,इस के साथ साथ बालटाल में भी बेस केम्प लगाकर वहां भी यात्रियों के ठहरने का पूरा पूरा इंतजाम किया है, यह भंडारा 19 अगस्त 2024 तक चलेगा, समय-समय पर सेवादारों के जत्थे हनुमानगढ़ से जाकर यात्रियों की सेवा करते रहेंगे।

किसी भी कंपनी का
जीवन स्वास्थ्य
गाड़ी प्रोपर्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए
सम्पर्क करें
99585-95529



आमिर ने मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्क्वायर यार्ड्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपये में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्क्वायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है। आमिर का यह नया अपार्टमेंट पाली हिल एरिया की बेला विस्ता अपार्टमेंट्स नाम की अप-स्केल बिल्डिंग में है।

आमिर के हैं और भी अपार्टमेंट

आमिर के पास बेला विस्टा और पाली हिल्स में मरीना में भी कई अपार्टमेंट हैं और दोनों जगहों को नया रूप दिया जा रहे है। नेट वर्थ की बात करें तो मुंबई के पॉश इलाके में आमिर का एक आलीशान घर है। साल 2009 में उन्होंने इसे खरीदा था। उस वक्त इस घर की कीमत लगभग 18 करोड़ रुपये थी। इसमें दो फ्लोर हैं। घर में एक बड़ा सा ओपन एरिया है, जहां आराम से पार्टियां और इवेंट्स हो सकते हैं।

इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं अभिनेता

आमिर खान के वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्टर की अपकमिंग फिल्म में सितारे जमीन पर में नजर आएंगे। इस मूवी में उनकी को-स्टार जेनेलिया डिसूजा होंगी। फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले आमिर की फिल्म लापता लेडीज ने भी ओटीटी र खूब धमाल मचाया था और इसे दर्शकों की खूब सराहमा मिली थी। अब फैंस को अभिनेता की आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है।

ऋचा ने साइन की कॉमेडी फिल्म, कहा- लंबे ब्रेक पर नहीं जाऊंगी

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। वह प्रेग्नेंसी के 9वें महीने को एन्जॉय कर रही हैं। लेकिन इन दिनों वह अपनी अगली कॉमेडी फिल्म साइन करने को लेकर सुर्खियों में हैं। इस पर काम अक्टूबर में शुरू होने वाला है। बताया जा रहा है कि कॉमेडी फिल्म की स्क्रिप्ट पहले से ही तैयार है, जिसे अमितोष नागपाल ने लिखा है। फिल्म नॉर्थ इंडिया पर सेट है। मैटरनिटी ब्रेक के दौरान काम करने को लेकर ऋचा ने कहा, मैं सभी महिलाओं की ओर से बात नहीं कर सकती। हर किसी का सफर अलग होता है। लेकिन मैं लंबे ब्रेक पर नहीं रहूंगी। मैं जल्द से जल्द काम पर वापस लौटने की कोशिश करूंगी। मेरे पास कई प्रोजेक्ट्स पेंडिंग पड़े हुए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह अपनी मां से प्रेरित हैं, उन्होंने दोनों भूमिकाओं को कुशलता से निभाया है।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि मैं दोनों जिम्मेदारियों को अच्छे से निभा सकती हूं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके आस-पास किस तरह का सपोर्ट सिस्टम है और आपका साथी कितना मददगार है। इन मामलों में, मैं दोनों ही चीजों में भाग्यशाली हूं। उन्होंने कहा, मैंने मुंबई की महिलाओं को 9वें महीने में भी लोकल ट्रेन से काम पर जाते हुए देखा है, वे अपने गजरे के साथ पूरी तरह सजी-धजी दिखती हैं। मैं औसत भारतीय महिला से बहुत प्रेरित हूं और नहीं चाहती कि इसे मेडिकल कंडीशन के रूप में देखा जाए। यह जिंदगी का एक स्वाभाविक हिस्सा है।

फिल्म के निर्माण से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि ऋचा को स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है। प्री-प्रोडक्शन का काम अगस्त में होने वाला है। फिल्म की शूटिंग सर्दियों में की जाएगी। ऋचा चड्ढा ने साल 2022 में परिवार और दोस्तों के मौजूदगी में अली फजल के साथ शादी की। दोनों की मुलाकात साल 2012 में फिल्म फुकरे के सेट पर हुई थी। इस दौरान दोनों की दोस्ती हुई, जो गहरी होती-होती प्यार में बदल गई। एक इंटरव्यू में ऋचा ने बताया कि दोनों में से सबसे पहले प्यार का इजहार उन्होंने ही किया था और अली ने 3 महीने के बाद हां में जवाब दिया था। दोनों ने लंबे वक्त तक अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा था। मालदीव ट्रिप के दौरान अली ने ऋचा को शादी के लिए प्रपोज किया था। दोनों ने 2020 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की, और 4 अक्टूबर 2022 को कपल ने रीति-रिवाजों के अनुसार धूमधाम से लखनऊ में शादी की। इसी साल फरवरी में ऋचा और अली ने अपने फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की कि वे पहली बार पेरेंट्स बनने वाले हैं।

ऐसे किरदार चाहती हूं जो घर से निकलने पर मजबूर करें

प्रतिष्ठित कपूर खानदान की बड़ी बेटी करिश्मा कपूर ने बॉलीवुड में अच्छी पहचान बनाई है। 25 जून को 50 वर्ष की हुई करिश्मा ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। अब वह ओटटी पर भी कदम रख चुकी हैं। करिश्मा कपूर का कहना है कि वे ऐसे किरदार चुनना पसंद करती हैं, जो उन्हें घर से बाहर निकलने और सेट पर पहुंचने के लिए मजबूर कर दें। करिश्मा का कहना है कि वह चुनिंदा काम करना पसंद करती हैं, जो उन्हें सहज रखे और उनके पास ऐसा करने का विकल्प है वे इसके लिए शुक्रगुजार हैं। करिश्मा के मुताबिक, मैं अपनी पसंद से चुनिंदा काम करती हूं, मैं लकी हूं कि मैं ऐसी स्थिति में हूं जहां मैं किसी प्रोजेक्ट के लिए हां या ना कह सकती हूं। करिश्मा ने कहा, मैं दिलचस्प किरदार करना चाहती हूं, ऐसे रोल जो मुझे घर से बाहर निकलने पर मजबूर कर दें।

विवेक अग्निहोत्री ने उठाया वास्तविक दर्द का फायदा

विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स साल 2022 में रिलीज हुई थी। तमाम विवादों के बाद भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया था। दर्शकों और समीक्षकों समेत कई फिल्मी हस्तियों ने भी इसे सराहा था। हालांकि, अब इसके आलोचकों में एक और नया नाम जुड़ गया है। अभिनेता गुलशन देवैया ने लोगों के पुराने दर्द को कुरेदने के लिए फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री की आलोचना की है। गुलशन देवैया हेट स्टोरी पर फिल्म निर्माता के साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, उन्हें निर्माता की मार्केटिंग करने का तरीका पसंद नहीं आया। एक इंटरव्यू में अभिनेता ने कहा, वह एक मार्केटिंग आदमी हैं और उनके बहुत सारे अनुयायी हैं। एक फिल्म निर्माता और एक लेखक के रूप में वह अब बेहद सफल हैं। लेकिन हां, कुछ चीजें हैं जिनकी मैं आलोचना करता हूं। गुलशन देवैया ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं द कश्मीर फाइल्स के बारे में जो उदाहरण लिख रहा था, उसमें उन लोगों के बहुत सारे फुटेज का उपयोग किया गया है जो उस दर्द से गुजरे हैं। जिन लोगों ने फिल्म देखी, उन्हें कश्मीरी पंडितों के पलायन का समय और उनके साथ क्या-क्या हुआ, याद आ गया। इसलिए वे उसे प्रचार के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे थे। मुझे लगता है कि यह शोषण है। उन्होंने आगे कहा, आप किसी के वास्तविक दर्द और आघात का फायदा उठा रहे हैं। मुझे लगता है कि आप अपनी फिल्म का प्रचार करने के लिए पलायन का दर्द झेल चुके कश्मीरी पंडितों की वास्तविक भावनाओं का शोषण कर रहे हैं। इस एक बात पर मैं उस फिल्म को लेकर क्रिटिकल हूं। अन्यथा, यह एक अच्छी फिल्म थी और मुझे लगता है कि वह एक अच्छे निर्देशक हैं।

अपनी फिटनेस से कोई समझौता नहीं करती हैं शरवरी वाघ

शरवरी वाघ इन दिनों अपनी फिल्म मुंजा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बॉक्स ऑफिस पर शरवरी वाघ की फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहीं शरवरी वाघ को आज जिम से निकलते हुए स्पॉट किया गया। शरवरी वाघ कैजुअल लुक में काफी प्यारी लग रही थीं। शरवरी वाघ ने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों को हाई पोनी अंदाज में बांधा था।

पूर्व पत्नी कोंकणा संग मिलकर पाल रहे हैं बेटे को रणवीर, बोले अपनी जिंदगी में खुश हूं

अभिनेता रणवीर शौरी इन दिनों बिग बॉस ओटीटी 3 में सुर्खियां बटोर रहे हैं। वे बिग बॉस के घर में बेबाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। रणवीर धीरे-धीरे अरमान मलिक के संग खुलने लगे हैं। शो के नए एपिसोड में वे अपनी पूर्व पत्नी कोंकणा सेन शर्मा और अपने बेटे के बारे में बातें करते नजर आए। उन्होंने अरमान को बताया कि वे किस तरह की जिंदगी बिग बॉस के घर से बाहर जीते हैं।

मैं अकेला ही रहता हूं

बिग बॉस ओटीटी 3 शुरू हो चुका है और हर दिन इस शो से जुड़ी बातें सुर्खियां बटोर रही है। बिग बॉस ओटीटी 3 के नए एपिसोड में प्रतियोगी अरमान मलिक और रणवीर शौरी आपस बातें करते नजर आते हैं। रणवीर कहते हैं, घर पर तो अकेला मैं हूं। मेरा मतलब मेरा बेटा आधा टाइम मेरे साथ होता है और आधा टाइम अपनी मां के साथ और बचे हुए समय में वह आता-जाता रहता है। बच्चे के लिए जो जरुरी है वह हमदोनों ही करते हैं।

रोमांटिक रिश्ते के लिए समय नहीं

रणवीर शौरी से जब अरमान मालिक पूछते हैं कि क्या वे किसी और को अपनी जिंदगी में आने देने को तैयार हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेता कहते हैं, मैं अपनी जिंदगी में काफी खुश हूं और उससे भी ज्यादा मैं संतुष्ट हूं। मुझे नहीं लगता है कि मैं अभी किसी रोमांटिक रिश्ते में बंधने के लिए तैयार हूं। मैं अपने काम में ही इतना खोया रहता हूं कि किसी और चीज के लिए समय नहीं मिलता है।

कोंकणा के साथ किया था कई फिल्मों में काम

रणवीर शौरी और कोंकणा सेन शर्मा ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया था। दोनों ने सितंबर 2010 में की थी। शादी के कुछ ही समय बाद रणवीर और कोंकणा एक प्यारे से बेटे के माता-पिता बने थे। हालांकि बेटे के जन्म के कुछ समय बाद ही दोनों अलग हो गए थे और अब दोनों मिलकर बेटे को को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। कोंकणा और रणवीर ने रजत कपूर द्वारा निर्देशित मिक्स्ड डबल्स और आजा नचले जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है।

वरुण धवन ने बेबी जॉन में खुद ही किए खतरनाक स्टंट

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। सूत्रों के मुताबिक वरुण ने फिल्म में खतरनाक स्टंट खुद ही किए हैं। एक सूत्र ने कहा, यह क्रिसमस बेबी जॉन के साथ बेहतरीन एक्शन एंटरटेनर होने वाला है। फिल्म में ज्यादातर स्टंट वरुण ने खुद ही किए हैं, जो आपको चौंका देंगे। फिल्म में दमदार एक्शन इसे साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर मूवीज में से एक बनाते हैं। हाल ही में फिल्म को नई रिलीज डेट मिली। यह फिल्म पहले 31 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। मेकर्स ने अपडेट जारी करते हुए बताया कि यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को बेबी जॉन की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए। इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी। इसके अलावा फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है। फिल्म का निर्माण एटली के ए फॉर एप्पल स्टूडियोज, सिने1 स्टूडियोज और जियो स्टूडियोज के बैनर तले हो रहा है। इसे प्रिया एटली, मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। वरुण धवन को अब से पहले नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रोमांटिक ड्रामा बवाल में देखा गया था, इसमें जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में थीं। यह फिल्म बीते साल 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। उन्होंने हॉरर कॉमेडी मुंज्या में भी कैमियो किया।

आशा नेगी ने कहा कि इंडस्ट्री ने शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से कराया परिचित

हाल ही में रिलीज हुए शो इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस आशा नेगी ने कहा कि यह सीरीज लोगों को शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराती है। हिंदी फिल्म उद्योग के अंदरूनी लोगों की झलक दिखाने वाली इस सीरीज के बारे में बात करते हुए आशा ने कहा कि शो इंडस्ट्री को बहुत अच्छी समीक्षाएं मिल रही हैं और खास तौर पर इंडस्ट्री के लोगों से इसे काफी सराहना मिल रही है, क्योंकि यह हर किसी से मेल खाती है। अपने किरदार को लेकर आशा ने कहा कि लोग उनके महत्वाकांक्षी किरदार सान्या सेन से जुड़ रहे हैं। अब तक फीडबैक बहुत बढ़िया रहा है। बहुत से लोग, खास तौर पर इंडस्ट्री के लोग मेरे किरदार से जुड़ रहे हैं। टीवी शो पवित्र रिश्ता से चर्चा में आईं एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि इंडस्ट्री पर्दे के पीछे के संघर्षों को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि उद्योग से बाहर के लोगों को यह शो दिखाता है कि बाहर से ग्लैमरस दिखने वाली इस इंडस्ट्री के पीछे कड़ी मेहनत और संघर्ष होता है। इस ग्लैमर में बहुत धैर्य, कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष छिपा है।

मामूली डोप पेडलर से तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा, 23 करोड़ की हैरोइन जब्त: तीन तस्कर काबू

» पाकिस्तान से ड्रोन द्वारा पिछले वर्ष आई थी हैराइन की बड़ी खेप, गाय चराने वाला गोपालक उठाकर ले आया

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

एक मामूली डोप पेडलर से हैरोइन तस्करी के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एक शातिर अपराधी समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग 23 करोड रुपए अंतर्राष्ट्रीय मूल्य की 4 किलो 414 ग्राम हैरोइन बरामद की है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि कल देर शाम को श्रीगंगानगर में सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़- अबोहर बाईपास पर हुंडई शोरूम के समीप मोटरसाइकिल पर जा रहे बलकार सिंह (35) पुत्र गुरमेल सिंह निवासी रिद्धि सिद्धि आंगन कॉलोनी और पुनीत (31) पुत्र सुखलाल धोबी निवासी शंकर कॉलोनी एसएसबी रोड चक 3-ई छोटी को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 334 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।इनसे पूछताछ के आधार पर सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी सद्दाम हुसैन (31) पुत्र यासीन को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास 4 किलो 80 ग्राम हैरोइन मिली। बलकारसिंह और पुनीत के खिलाफ सदर थाना में और सद्दाम हुसैन के विरुद्ध श्रीकरनपुर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ समय से गुप्त रूप से सूचना मिल रही थी कि श्रीगंगानगर शहर में नशा करने वालों को गुपचुप रूप से एक युवक द्वारा हैरोइन की बिक्री की जा रही है। इन सूचनाओं का पीछा करते हुए पुलिस के रडार पर सबसे पहले पुनीत आया। पुनीत पर नजर रखी गई तो उसके संपर्क बलकारसिंह से पाए गए। पुलिस दोनों पर ही नजर रखने लगी। कल देर रात को इन दोनों को तब काबू कर लिया गया, जब भारी मात्रा में हैरोइन सप्लाई करने जा रहे थे। इसके बाद श्रीकरनपुर में सद्दाम को काबू कर लिया गया। जिसके पास लगभग 21 करोड रुपए मूल्य की 4 किलो 80 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बलकार और पुनीत ने सद्दाम से ही हैरोइन प्राप्त की थी, जिसके साथ में पकड़े गए थे। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के अनुसार हैरोइन की यह खेप क्रॉस बॉर्डर पाकिस्तान से तस्करों द्वारा ड्रोन के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में पहुंच जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।पकड़े गए तस्करों के संबंध पंजाब के किसी बड़े तस्कर गिरोह से होने की आशंका भी उन्होंने व्यक्त की है। पुलिस के मुताबिक बलकार सिंह मूल रूप से श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती चक 19-ओ का निवासी है। उसका परिवार काफी समय पहले गांव छोड़कर श्रीकरनपुर के वार्ड नंबर 10 में रहने लगा था। बलकार सिंह ने लव मैरिज की है। उसकी पत्नी रिद्धि सिद्धि आंगन कॉलोनी में सिलाई का काम करती है। बलकारसिंह लगभग 3 वर्ष तक पंजाब की कपूरथला जेल में बंद रहा है। वह विगत फरवरी माह में जेल से छूटने के बाद यहां रिद्धि सिद्धि आंगन कॉलोनी में पत्नी के साथ ही रह रहा था। पुनीत का परिवार अग्रसेन नगर में रहता था जो कुछ अरसा पूर्व शंकर कॉलोनी में रहने लगा। उसके पिता सुखलाल बैंक से सेवानिवृत कर्मचारी हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बलकार सिंह के खिलाफ आधा दर्जन मुकदमे विभिन्न स्थानों में दर्ज हैं।

संपत्तियों की भी जांच पड़ताल

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि पकड़े गए तीनों तस्करों की चल अचल संपत्तियों की भी जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। पता लगाया जा रहा है कि उनके द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री से अर्जित की गई कोई संपत्ति तो नहीं है। अगर ऐसी संपत्ति पाई गई तो उसे अटैच करने की कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में इस प्रकार की जिले में कुछ कार्यवाहियां की गई हैं। इनकी अचल संपत्तियां सरकारी जमीन पर कब्जे की पाई गई तो उन्हें धराशाई करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

पिछले वर्ष आई थी हैरोइन की खेप

पुलिस सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी तस्करों द्वारा ड्रोन के माध्यम से हैरोइन की एक बड़ी खेप श्रीकरनपुर थाना क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के समीप के इलाके में पिछले वर्ष पहुंचाई गई थी। यह खेप सद्दाम हुसैन के हाथ लगी। सद्दाम हुसैन का परिवार गायों का पालन करता है। वह गायों को चराने के लिए श्रीकरणपुर के नजदीक के खेतों में ले जाता था। पुलिस सूत्रों ने के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सद्दाम हुसैन ने बताया है कि वह पिछले वर्ष एक दिन गायों को चराने के लिए श्रीकरनपुर से लगभग चार किमी दूर बॉर्डर की तरफ के खेतों में लेकर गया था। उसे एक खेत मे हैरोइन के पैकेट मिले थे, जिसे वह उठाकर घर ले आया। जानकार सूत्रों ने बताया कि श्रीकरनपुर में बलकार सिंह और सद्दाम हुसैन पड़ोसी हैं।

तीन वर्ष तक कपूरथला जेल में बंद रहा

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के मुताबिक बलकारसिंह पर हत्या के मामले सहित 6 अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज हैं। श्रीकरनपुर थाना में 2011 में बलकारसिंह पर हत्या का एक मामला दर्ज हुआ जबकि मारपीट के भी दो मुकदमे उस पर श्रीकरणपुर थाने में दर्ज हैं। उस पर एक मामला भीलवाड़ा जिले के बीगोद थाना में दर्ज हुआ जो कि मादक पदार्थ की तस्करी से संबंधित है। उस पर 2008 में चूनावढ थाना में चोरी का और 2014 में पदमपुर में अवैध शराब के मामले भी दर्ज हुए। खास बात यह है कि बलकार सिंह पंजाब की कपूरथला जेल में लगभग 3 वर्ष तक बंद रहा। उसे पंजाब पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक मामले में ही पकड़ा था लेकिन इस मामले की जानकारी फिलहाल श्रीगंगानगर पुलिस को नहीं है।कल रात पकड़े जाने पर खुद बलकारसिंह ने ही बताया कि वह 3 वर्ष कपूरथला जेल में बंद रहा और विगत फरवरी माह में छूट कर आया है। उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 में गिरफ्तार किया गया था।पुलिस कपूरथला जेल से जानकारी जुटा रही है कि उसे पंजाब में किस थाने की पुलिस ने किस मामले में पकड़ा था। यह भी पता लगाया जा रहा है कि पंजाब में पकड़े जाने के बाद इसकी सूचना श्रीकरनपुर थाना पुलिस को क्यों नहीं मिली। पुनीत और सद्दाम का अभी तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया

पंजाब और पाकिस्तानी तस्करों से संबंध

हैरोइन तस्करी में पकड़े गए उक्त तीन युवकों में से बलकार सिंह के ही संबंध पंजाब तथा पाकिस्तान के बड़े तस्करों से होने की संभावना है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कपूरथला जेल में रहते बलकारसिंह वहां के मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले किन्हीं बड़े तस्करों के संपर्क में आ गया। उसी के द्वारा पाकिस्तानी तस्करों से संपर्क कायम कर हैरोइन की बड़ी खेप ड्रोन से श्रीकरणपुर इलाके में मंगवाने की संभावना से भी पुलिस सूत्र इनकार नहीं कर रहे। इस बात की भी प्रबल संभावना है कि बलकारसिंह ने पाकिस्तान से आई हैरोइन की खेप लेने के लिए सद्दाम को ही बॉर्डर एरिया में भेजा, जो गायों को चराने के बहाने खेप को उठा कर लाया। अभी यह नहीं पता चल पाया कि पाकिस्तान से कितनी बड़ी हैरोइन की खेप ड्रोन से आई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस खेप में से लगभग 5 किलो हैरोइन इन तस्करों के पास रही, जबकि बाकी हिस्सा पंजाब के तस्कारों तक पहुंच गया। पुलिस जानने की कोशिश में जुटी है की कुल कितनी हैरोइन आई और किन तस्करों में कितनी मात्रा में बंटवारा हुआ। पुलिस की साइबर टीम इन तस्करों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स तथा लोकेशंस को खंगाल में जुटी है, जिससे कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की संभावना है।

खिलाड़ियों का हित सर्वोपरि: राठौड़

» खेल मंत्री बोले- एडहॉक कमेटी बताएगी आरसीए चुनाव में देरी की वजह

तेज | रिपोर्टर जयपुर

राजस्थान सरकार प्रदेश के स्पोर्ट्स एक्ट (खेल नीति) में बदलाव करने से पहले खिलाड़ियों और खेल संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत की जाएगी। इसके बाद ही प्रदेश की खेल नीति में बदलाव होगा। गुरुवार को जयपुर में खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इसकी जानकारी दी। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- बदलाव जीवन का नियम होता है। स्पोर्ट्स एक्ट में कितना बदलाव होगा या नहीं होगा। यह बात तो सही समय पर ही पता चल सकेगी। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि सरकार जो भी काम करेगी। उसे सभी संगठनों के साथ मिलकर ही पूरा किया जाएगा। खेल संघ और खिलाड़ियों से चर्चा के बाद ही स्पोर्ट्स एक्ट में संशोधन का मसौदा तैयार किया जाएगा। जिस पर चर्चा के बाद ही उसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे भी खेल और खिलाड़ियों का हित सबसे पहले होना चाहिए। इसको ध्यान में रखते हुए ही सरकार अपनी नीतियों पर काम कर रही है।

एडहॉक कमेटी के कामकाज पर भी नाराजगी जाहिर की

खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भंग कर बनाई गई एडहॉक कमेटी के कामकाज पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब तक राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी। इसमें देरी क्यों हुई है, इसको लेकर एडहॉक कमेटी से जवाब मांगा गया था। जिस पर उन्होंने जवाब देते हुए चुनाव में देरी के कुछ कारण बताएं हैं। फिलहाल मुझे उन कारणों का पता नहीं है। लेकिन जो भी कारण होंगे उस पर मंथन और चिंतन कर अंतिम फैसला किया जाएगा। बता दें कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को फरवरी में भंग कर 90 दिन के लिए सरकार ने पांच सदस्य एडहॉक कमेटी का गठन किया था। जिसे अपने 90 दिन के कार्यकाल में ही चुनाव प्रक्रिया की घोषणा करनी थी। लेकिन बीजेपी विधायक जयदीप बिहानी के नेतृत्व वाली पांच सदस्य एडहॉक कमेटी अपने पूरे कार्यकाल में यह काम नहीं कर पाई है। ऐसे में सरकार एडहॉक कमेटी के सदस्यों में बदलाव कर एडहॉक की समय अवधि को भी बढ़ा सकती है। ताकि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की पुरानी कार्यकारिणी फिर से पावर में नहीं आए और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का आयोजन कराया जा सके।

दक्ष प्रजापति जयंती पर आयोजित किया जायेगा प्रतिभा सम्मान समारोह

» जिला प्रगतिशील कुम्हार समिति की बैठक में लिया निर्णय

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

अगले महीने मनाई जाने वाली दक्ष प्रजापति जयंती पर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह निर्णय आज जिला प्रगतिशील कुम्हार समिति की चहल चौक स्थित कुम्हार धर्मशाला में हुई बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष का. महेन्द्र बागड़ी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई को दक्ष प्रजापति जयंती समाज की ओर से समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई जायेगी, इसी जयंती पर कुम्हार समाज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसके लिए बकायदा 11 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी की देखरेख में ही प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर शानदार सहभोज का आयोजन किया जायेगा। बैठक में समाज के अनेक जागरूक समाजबन्धुओं ने अपने सुझाव भी दिए। साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह संबंधी कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी विशेष चर्चा की गई। इस दौरान यह भी चर्चा हुई कि कक्षा 10वीं व 12वीं में उच्च अंक हासिल करने वालों व को सम्मानित करने वाली श्रेणी में लिया जायेगा इसके साथ अनेक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया जायेगा। साथ ही यह भी चर्चा की गई कि इसके लिए आवेदन ऑनलाइन या ऑफ लाइन। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाओं को सम्मानित करना चाहिए ताकि समाज के लोगों में इसके लिए जागरूकता आए और वे अपने बच्चों को और अधिक मेहनत से पढ़ाएं। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया।

लॉयंस क्लब अभिनंदन के नए सत्र का आगाज पौधारोपण से किया जाएगा

डॉक्टर्स और सीए को भी किया जाएगा सम्मानित

श्रीगंगानगर। लायंस क्लब श्रीगंगानगर अभिनंदन के नए सत्र का आगाज 1 जुलाई को पौधारोपण से किया जाएगा। क्लब का कहना है कि आज के समय में जहां गर्मी में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस पार होने लगा है। इस कारण पेड़ों की महत्ता और भी बढ़ गई है। मनुष्य और जीव-जंतु दैनिक क्रियाकलापों के लिए पूरी तरह से पेड़ों पर निर्भर हैं। इसी बात को देखते हुए क्लब की नई कार्यकारिणी ने निश्चय किया है कि नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई को इंदिरा वाटिका में पौधारोपण से जाएगी। एक जुलाई को सीए एवं डॉक्टर्स-डे है। डॉक्टर्स और सीए दोनों ही समाज में बहुत ही उच्च स्थान प्राप्त प्रोफेशन हैं। इस दिन क्लब द्वारा 7 डॉक्टर्स एवं दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया जाएगा।दोनों कार्यक्रमों के प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन गुरमुखसिंह कक्कड़ होंगे। इन कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष लायन दीपक बेदी ने की। सचिव नरेश सिडाना, कोषाध्यक्ष लायन डॉ. आशीष सुखीजा, लायन गुरमुख सिंह कक्कड़, लायन रवि कटारिया, लायन नरेश अरोड़ा, लायन डॉ. भूपेंद्र शर्मा, लायन योगेश शर्मा, लायन विवेक सुखीजा, लायन अमित कटारिया और लायन विनोद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

1 से 3 अगस्त तक पर्यावरण संरक्षण पर होगा सेमीनार

'कूल कॉन्क्लेव बाय इशरे' में स्वास्थ्य सेवाएं, पुनर्निर्माण, वाणिज्यिक केंद्र, और आवासीय क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग पर चर्चा होगी

जयपुर। पर्यावरण संरक्षण के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर में आगामी 1 से 3 अगस्त तक इंडियन सोसाइटी आफ हीटिंग रेफ़्रीजरेटिंग एंड एयर कंडिशनिंग इंजीनियर्स (इशरे) सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। सेमिनार के संयोजक सुधीर माथुर ने बताया कि पर्यावरणीय समस्याओं को समाप्त करने के लिए यह एक बड़ी पहल है जिसका आयोजन जेईसीसी, इंटरकंटिनेंटल और नोवेटल में किया जाएगा। इसमें मुख्य विषयों डीकार्बनाइजेशन, स्थायित्व, और जलवायु प्रतिरोध, एचवीएसी प्रणालियों का गहन अन्वेषण और नवाचारी समाधान प्रदान करेगा वहीं वर्तमान पर्यावरणीय प्रभाव को केंद्रित रखते हुए इसमें विचार विमर्श किया जायेगा। इस कूल कॉन्क्लेव का मुख्य केंद्र डीकार्बनाइजेशन है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए, इस घटना में कटिंग-एज तकनीकों और अभ्यासों को हाइलाइट किया जाएगा। ये चर्चाएं उपयुक्त डीकार्बनाइजेशन रणनीतियों को अमल में लाने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। यह कार्यक्रम नेटवर्किंग के अवसर भी प्रदान करेगा जिससे विभिन्न विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान हो, जिससे जलवायु परिवर्तन की इस लड़ाई में बदलाव का एक पहला कदम उठाया जा सकेगा। सम्मेलन चेयरमैन पंकज धारकर ने बताया कि विषय विशेषज्ञ डेटा केंद्र, स्वास्थ्य सेवाएं, पुनर्निर्माण, वाणिज्यिक केंद्र, और आवासीय क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग पर चर्चा करेंगे और इसके कई पहलुओं के बारे में विशेष तौर पर ज्ञान प्रस्तुत करेंगे। वाइस चेयरमैन आशु गुप्ता के अनुसार सरकारों, उद्योगों और व्यक्तियों के महत्वपूर्ण हिस्सेदार और निर्णयकर्ता भी यहां उपस्थित होंगे।

प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुजल शाह ने बताया कि इस कार्यक्रम में डिकार्बोनाइजेशन उत्कृष्टता पुरस्कार भी रखे जाएंगे जिनका नामांकन 15 मई से खुला हुआ है। जैसे-जैसे हम अपने घर की वास्तविकता का सामना कर रहे हैं और आने वाली मुश्किलों से अवगत हो रहे हैं, ऐसे में इस सम्मेलन का मंच हमें पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान ढूंढने में हमारी मदद कर सकेगा।

नर्सिंग ऑफिसर पर धमकाने का आरोप, पीएमओ को की शिकायत

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

जिला अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुमार शर्मा ने पुलिस लाइन डिस्पेंसरी में पदस्थापित एक दूसरे नर्सिंग ऑफिसर पिलास बिश्नोई पर आज सुबह जिला अस्पताल कैंपस में धमकाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद शर्मा ने पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा को लिखित में शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि पिलास बिश्नोई नर्सिंग ऑफिसर ने उसे आज सुबह डराया-धमकाया तथा देख लेने की धमकी दी। विनोद शर्मा के मुताबिक बच्चा वार्ड में उसकी 24 जून से नाइट ड्यूटी लगी हुई है। वह कल रात ड्यूटी पर आने के बाद आज सुबह 7:45-8 बजे के दौरान ड्यूटी करके घर जा रहा था। जब वह मोटरसाइकिल पर अस्पताल से जाने लगा, तभी पिलास बिश्नोई ने उसे रोक लिया। उसे धमकी दी कि उसकी ड्यूटी के बारे में बोलने वाला वह कौन होता है। मैं ड्यूटी करूं या ना करूं, मेरी दादागिरी ऐसे ही चलेगी। आज तक मेरी ड्यूटी को लेकर किसी ने कुछ नहीं बोला। उसे पुलिस लाइन डिस्पेंसरी में ड्यूटी पर लगे 20 साल हो गए।किसी की भी हिम्मत नहीं हुई है। विनोद शर्मा के मुताबिक उसका पिलास बिश्नोई की ड्यूटी और उसके बारे में किए गए कथन से कोई लेना-देना नहीं है।

अलबत्ता विनोद ने आरोप लगाया है कि पालास बिश्नोई जिला अस्पताल में ही घूमता रहता है। वह नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी में दखलअंदाजी तथा राजनीति करता है। उसे पाबंद किया जाए।

प्रदेश में कई जगहों पर झमाझम बारिश, बीकानेर, भीलवाड़ा, भिवाड़ी में भारी बारिश से सड़कें डूबीं

तेज | रिपोर्टर बीकानेर

राजस्थान में मानसून की शुरुआत अच्छी हुई है। लगातार हो रही बारिश से बांधों में भी पानी आना शुरू हो गया है। मानसून आने के बाद सूखे पड़े 15 बांधों में पानी आया है। जयपुर में दिनभर की उमस के बाद शाम को झमाझम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज से अगले तीन दिन 7 से 12 जिलों में भारी बारिश होने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, नागौर, धौलपुर, भीलवाड़ा, सीकर सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया। धौलपुर जिले के बाड़ी कस्बे में शनिवार सुबह 2 घंटे में (8 बजे से 10 बजे तक) तक चार इंच बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण शहर के कई मोहल्लों की गलियों में पानी भर गया। बीकानेर में शनिवार दोपहर तेज बारिश के बाद केईएम रोड पानी में डूब गई। इस दौरान सड़क पर दो से ढाई फीट तक पानी नजर आया। दुकानों के अंदर तक पानी घुस गया। खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी में शनिवार सुबह 5 बजे से बारिश होने लगी। भिवाड़ी में बाइपास पर तीन से चार फीट तक पानी भर गया। पार्श्वनाथ मॉल के आसपास का पूरा एरिया पानी से लबालब भरा हुआ है। भिवाड़ी बाइपास का हाल भी यही है। डीग शहर में शनिवार सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे तक रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। लगातार बारिश के कारण मेला मैदान में 2 फीट पानी भर गया। वार्ड नंबर 15 में घरों में पानी घुस गया। डेढ़ घंटे की बरसात ने नगर परिषद के नालों की सफाई और पानी निकासी के सारे दावों की पोल खोल दी। डीग जिले के नगर कस्बे में शनिवार सुबह तेज बारिश हुई। इसके बाद दोपहर तक रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान मुख्य बाजार में रोड पर एक फीट तक पानी भर गया। इसके कारण वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भरतपुर के बयाना में देर रात एक घर के बाड़े में बिजली गिरने से दर्जनभर से ज्यादा पशुओं की मौत हो गई। भरतपुर के बयाना के इमलिया कुंड, ग्वालखो धाम, दर्र बराहना, शेरगढ़ सहित कई स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इस कारण एक-दो स्थानों झरने भी बहने लगे हैं।

जयपुर में तेज बारिश

जयपुर में भी बारिश शुरू हो गई है। शाम करीब 5.30 बजे खातिपुरा इलाके में तेज बारिश शुरू हुई। जो 25 मिनट तक जारी रही। इसके बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में भी तेज बारिश शुरू हो गई। अच्छी बारिश के कारण दिनभर उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। जयपुर में सहकार मार्ग, मालवीय नगर, जगतपुरा, गोपालपुरा, चारदीवारी, मानसरोवर, सिरसी रोड और खातीपुरा समेत कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। इससे पहले जयपुर शहर में दिनभर उमस रही।

डीग जिले में बच्चे पर गिरी दीवार, मौत

डीग जिले के कामां थाना इलाके में एक 10 साल के बच्चे के ऊपर दीवार गिर गई। आसपास के लोगों ने रेस्क्यू कर बच्चे को मलबे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बोलखेड़ा गांव की है। सुबह 7 बजे से डीग जिले के अलग-अलग इलाकों में बारिश का दौर जारी था। बोलखेड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र चौधरी ने बताया- शनिवार शाम करीब 4 बजे बारिश बंद हुई तो बच्चे बाहर खेलने आ गए। इस दौरान प्रकाश चौधरी का इकलौता बेटा भी पड़ोसी हरी किशन के घर के पास खेल रहा था। अचानक एक दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई।

भीलवाड़ा में तेज बरसात, सड़कों पर पानी भरा

भीलवाड़ा में शाम करीब 4.30 बजे को तेज बरसात हुई। इससे सुबह से उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। तेज बरसात के कारण पुराने भीलवाड़ा, रामद्वारा रोड, रामसनेही, रोडवेज बस स्टैंड, हरी सेवा मार्ग, आदर्श विद्या निकेतन, माणिक्य नगर में सड़कों पर पानी भर गया। इसके चलते बाइक और स्कूटर सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मकराना में सड़क पर 3 फीट तक पानी भरा

नागौर जिले के मकराना में बारिश से सड़कें लबालब हो गईं। यहां एक घंटे में 26 एमएम बारिश हुई। मानसून की पहली अच्छी बारिश में लोग घरों से बाहर निकल आए। गुलजारपुरा, इकबालपुरा, भाकरों की ढाणी, नदी मोहल्ला, अली चेंबर, कन्या पाठशाला गली की तरफ सड़क पर 2 फीट तक पानी बहने लगा। अस्पताल रोड पर तीन फीट पानी भर गया। यहां कुछ घरों और दुकानों में पानी चला गया।

बिजली गिरने से 3 घरों को नुकसान

धौलपुर जिले के बाड़ी कस्बे की बजरंग कॉलोनी के होद मोहल्ले गली नंबर 5 में बिजली गिरी। इसके कारण 3 घरों को नुकसान हुआ है और कई घरों में बिजली उपकरण खराब हो गए। एक मकान की छत पर लगी पानी की टंकी का पिलर भी टूट गया।

नीट पेपर से लेकर छतों तक लीक ही लीक...

राकेश अचल

देश की संसद हो या सरकार ,पुल हो या हवाई अड्डा,परीक्षा हो या चुनाव सबके सब लीक प्रूफ होना चाहिए। लीकेज को राष्ट्रीय उद्योग न बनाकर राष्ट्रीय अपराध बनाया जाना चाहिए। वैसे केंद्र और राज्य सरकारों ने ऐसे कानून एहतियात के तौर पर बनाये हैं ,सरकार चाहे तो इन लीकबाजों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता,भारतीय साक्ष्य संहिता में भी तरमीम कर सकती है और इसके आरोपियों के खिलाफ बुलडोजरों का इस्तेमाल भी कर सकती है ,लेकिन मुझे पता है कि ऐसा करने के लिए चार सौ पार वाली सरकार चाहिए।

हम जब बच्चे थे तब जिस लीक के बारे में जानते थे,वो आजकल के पेपर लीक और छत लीक से एकदम अलग थी । अंग्रेजी की लीक और हिंदी की लीक में जमीन -आसमान का अंतर होता है। अंग्रेजी की लीक को हमारे यहां हिंदी में ही नहीं बल्कि बुंदेलखंडी में भी टपकना या चूना कहते है । हमारे यहां लीक का दूसरा अर्थ पगडण्डी भी होता है और एक अर्थ सिर में पड़ने वाले जुओं के बच्चे भी होते हैं। ये सफेद रंग के होते हैं। कहावत है कि-

लीक लीक कायर चले और लीक चले कपूत,
लीक छोड़ तीन ही चलें शायर, सिंह , सपूत।

आज दुर्भाग्य से कहिये या सौभाग्य से लीक यानि लीकेज एक राष्ट्रीय समस्या है । सड़क से लेकर संसद तक इस लीक की चर्चा हो रही है। लेकिन संसद में लीक पर चर्चा की इजाजत देने के बजाय बहस की मांग करने वाले विपक्ष के नेता का माइक तक बंद किया जाने लगा है। अर्थात अभिव्यति की स्वतंत्रता या अधिकार का गला घोंटा जा रहा है। गला घोंटना एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय न्याय संहिता के तहत तहत किस धारा में अपराध होता है ये अभी मुझे पता नहीं ,क्योंकि मैंने जो संहिता अपने पाठ्यक्रम में पढ़ी थी वो भारतीय दंड संहिता थी।

सबसे पहले अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर की छत से होने वाली लीकेज की बात की जाये । चूंकि हम अयोध्या से सैकड़ों किमी दूर बैठे हैं इसलिए हमें सच्चाई का पता नहीं है, लेकिन जो तस्वीरें वायरल हुईं हैं उनकी बिना पर हम कह रहे हैं कि राम जी के मंदिर की छत लीक हो रही है । लेकिन मंदिर के ट्रस्टी कह रहे हैं कि -ये अफवाह है। अब हम तस्वीरों को सही मानें या ट्रस्टियों की बात को ये भी हमें पता नहीं है कि इन दोनों में से कौन सा साक्ष्य नए साक्ष्य संहिता की किस धारा के तहत आता है ?

वैसे अयोध्या में राम मंदिर के लीकेज से पहले यहां भाजपा की छत में भी लीकेज हुआ है और राम जी ने इसकी सजा भाजपा को यानी मंदिर निर्माण करने वाली राष्ट्रहितैषी पार्टी को चुनाव हारकर दे दी है। ये बात और है की भाजपा इस सजा को भी राम जी का प्रसाद और अनुकम्पा मानती है। ये भाजपा की और चम्पत राय की दरियादिली है। आजकल की अदावत की राजनीति में दरियादिली की सख्त जरूरत है। विपक्ष ने भी लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान न कराकर दरियादिली का मुजाहिरा किया ही है।

अयोध्या से यदि आप दिल्ली आएं तो यहां अंतर्राष्ट्रीय इंदिरा गाँधी हवाई अड्डे पर टर्मिनल -1 की छत लीक हो रही है

और पार्किंग की छत तो टपक ही गयी। मेरा मानना है कि इसके लिए इंदिरा गाँधी ही जिम्मेदार निकलेंगी । यदि उनके नाम की वजाय ये हवाई अड्डा किसी भाजपा नेता के नाम पर होता तो शायद न छत लीक होती और न छत टपकती। वैसे पीने के पानी को लेकर हाय ! हाय !! कर रही पूरी दिल्ली ही इस समय लीक हो रही है । आम आदमी से लेकर खास आदमियों के घर में पानी घुस चुका है । सड़कें यमुना की सगी बहनों की तरह सड़कों पर बह रही है। किसी की क्या मजाल की कोई इस पानी को रोक सके । पानी को रोकने के लिए तो कोई स्विच भी नहीं होता अन्यथा सरकार ओम बिरला ने जिस तरह से राहुल गांधी की बोलती बंद कर दी ठीक उसी तरह पानी की बोलती भी बंद करा देती।

लीकेज और टपका-टपकी केवल दिल्ली का ही मसला नहीं है। हमारे मध्यप्रदेश में जहां डबल इंजिन की सरकार है वहां भी जबलपुर में हवाई अड्डे का पोर्च एक कर के ऊपर आ गिरा। कार का कचूमर निकल गया ठीक उसी तरह जिस तरह देश की जनता का कचूमर पिछले एक दशक से निकल रहा है और जनता है कि मुस्कराये जा रही है ,फिर से पुरानी सरकार को सत्तारूढ़ देखकर। अब जबलपुर में हवाई अड्डे का पोर्च टपकने के लिए हमारे पहलवान मुख्यमंत्री डॉमोहन यादव को तो जिम्मेदार ठहराया नहीं जा सकता । इसके लिए तो पूर्व के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ही दोषी माना जाना चाहिए ,लेकिन कर-चोर मौसेरे भाई होते है। कौन -किसे जिम्मेदार ठहराए इसको लेकर भी विवाद खड़ा हो सकता है।

अब आइये बिहार चलते हैं। यहां नालंदा विश्व विद्यालय को नव जीवन दिया गया है। यहां से ही नीट का पेपर लीक हुआ है जो हमारी मोशा सरकार के गले की हड्डी बन गया है। चूंकि बिहार सरकार की बैशाखी पर मोशा की सरकार टिकी है इसलिए नीट पेपर लीक को लेकर सरकार संसद में बहस करने से कन्नी काट रही है। कन्नी होती ही काटने के लिए है। बिहार में पेपर ही लीक नहीं होते बल्कि पूरे के पूरे पुल ही बह जाते है। अभी तक तीन-चार पुल तो बह चुके हैं। अब भाजपा और जेडीयू के बीच जो नया पुल बना है वो कितने दिन टिकेगा इसकी गारंटी कोई नहीं दे सकता। माननीय गारंटी महोदय भी नहीं। बिहार का और गारंटी का कोई रिश्ता नहीं है। बिहार न नीतीश कुमार की गारंटी दे सकता है और न तेजस्वी यादव की। चिराग पासवान हों या जीतन माझी। कोई भी गारंटी देने का खतरा मोल नहीं ले सकते। पता नहीं कब,किसे ,किसके साथ खड़ा होना पड़े? वैसे लीकेज सचमुच है ही विश्वव्यापी समस्य । आपको याद है न कि एक विकीलीक्स हुआ करती है ,जो दुनिया भर की सरकारों के बारे में न जाने क्या-क्या लीक करती रहती है। विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे हैं। वे अक्सर जेल आते-जाते रहते हैं। पिछले दिनों अमेरिका ने उन्हें अपनी जेल से रिहा कर दिया। अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुई डील के बाद उन्हें लंदन की हाई सिक्योरिटी जेल से छोड़ दिया गया है। रिहाई के बाद असांजे अपने मूल देश ऑस्ट्रेलिया चले गए। लेकिन हमारे देश में किसी भी लिक्बाज को न पकड़ा जाता है और न सजा होती है ,क्योंकि हमारे यहां लीक करना एक कुटीर उद्योग है। ये यूपी,बिहार,मध्यप्रदेश,राजस्थान ही नहीं बल्कि दिल्ली तक में बाकायदा सरकारी संरक्षण में पनपता है ,भले ही सरकार कांग्रेस की हो या भाजपा की। लीकेज का धंधा बिना सरकारी सांरक्षण के चल ही नहीं पाता ,लेकिन इस हकीकत को हमारी संसद सुनना नहीं छति और सरकार स्वीकार करना नहीं चाहती।

मेरा तो मशवरा है कि न सिर्फ केंद्र में बल्कि राज्य में लीकेज की समस्या को देखते हुए एक पृथक मंत्रालय की स्थापना कर देना चाहिए। एक अलग मंत्री लीकेज के मामले को देखे । रोज-रोक सीबीआई कहाँ तक लीकेज के मामले दिखेगी ? सीबीआई के पास विपक्षियों की धर-पकड़ का इससे ज्यादा महत्वपूर्ण काम पहले से ही है। मै तो कहता हूँ कि उन्हें भी लीकेज के मामले में संसद पर बहस करने पर जोर नहीं देना चाहिए,उन्हें सड़कों पर उत्तर कर पीड़ितों के बीच खड़े होकर संसद के बाहर लीक काण्ड पर बहस करना चाहिए। संसद भीतर की बहस से नहीं बल्कि बाहर होने वाली बहस से हिलती है। भीतर तो उनका माइक सरकार बंद करा सकती है किन्तु बाहर ऐसा करना सरकार के लिए भी मुमकिन नहीं है।

आपकी हो या न हो किन्तु मेरी स्पष्ट धारणा है कि देश की संसद हो या सरकार ,पुल हो या हवाई अड्डा,परीक्षा हो या चुनाव सबके सब लीक प्रूफ होना चाहिए। लीकेज को राष्ट्रीय उद्योग न बनाकर राष्ट्रीय अपराध बनाया जाना चाहिए। वैसे केंद्र और राज्य सरकारों ने ऐसे कानून एहतियात के तौर पर बनाये हैं ,सरकार चाहे तो इन लीकबाजों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता,भारतीय साक्ष्य संहिता में भी तरमीम कर सकती है और इसके आरोपियों के खिलाफ बुलडोजरों का इस्तेमाल भी कर सकती है ,लेकिन मुझे पता है कि ऐसा करने के लिए चार सौ पार वाली सरकार चाहिए। 240 पार वाली सरकार ये सब नहीं कर सकती। बहरहाल हम देश के नौजवानों के लिए प्रार्थना ही कर सकते हैं कि उनकी परीक्षाओं के पेपर लीक न हों। हम देश के हवाई अड्डों ,पुलों, मंदिरों और नई नवेली संसद के लिए भी प्रार्थना ही कर सकते हैं कि वे न लीक हों और न टपकें और न बहें। हम नहीं जानते कि प्रार्थनाओं में कितना दम होता है ,लेकिन हमें इसके अलावा कुछ और आता ही कहाँ है ?

संपादकीय

राष्ट्रपति के अभिभाषण का सार

भारत के संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की परंपरा वर्षों पुरानी है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद, पहले सत्र में सदस्यों के शपथ ग्रहण करने और सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है। यह अभिभाषण सरकार का नीति वक्तव्य होता है। इसमें सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख रहता है, इसलिए सरकार के द्वारा ही इसके मसौदे को तैयार किया जाता है। परंपरा तो यह रही है कि इस सबसे गरिमापूर्ण औपचारिक कार्यवाही के दौरान विपक्ष शांतिपूर्ण ढंग से इसे सुनता है। अभिभाषण के बाद जब सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो विपक्षी सांसदों को अपनी आपत्तियों और असहमतियों को दर्ज कराने का अवसर मिलता है लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ वर्षो से राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों के सांसद सदन में शोरगुल करते हैं और हंगामा बरपाते हैं। अठारहवीं लोक सभा में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के पिछले दस वर्षो के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र किया तो विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति को निवेदन करना पड़ा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से उनके अभिभाषण को सुनें। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस समय के सबसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दे के रूप में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है और इसे रोकने के लिए कड़े उपाय कर रही है। जाहिर है कि पेपर लीक का मामला सीधे-सीधे देश के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। निश्चित रूप से सरकार को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

चिंतन-मनन

शांति इंसान के अंदर है

पानी में मिला हुआ नमक दिखाई नहीं देता। इसका यह मतलब नहीं कि वह गायब हो गया। हालांकि आंख से नहीं देख सकते, पर जबान से उसे चख तो सकते हैं। मनुष्य के साथ ही कुछ ऐसा ही होता है। हम शांति को आंखों से नहीं देख सकते, परंतु हृदय से उसका अनुभव कर सकते हैं। वह शक्ति भी सब जगह है- थल में भी है, आकाश, वायु, जल और पेड़ों में भी है और उसी के होने की वजह से आप भी जीवित हैं। आप विश्वास करते हैं कि आपकी जन्मपुंडली में लिखा हुआ है, इसकी वजह से आप जीवित हैं, परंतु नहीं।

कौन कब जाएगा, यह किसी को नहीं मालूम। कब क्या होगा, यह किसी को नहीं मालूम। पर लोग अपने जीवन के अंदर इसी चीज का विश्वास करके चलते हैं कि उनको मालूम है कि कल क्या होगा। आप जीते कहां हैं? आज में। कल तो आप जी नहीं सकते। अगर कल आएगा भी तो उसको आज का रूप लेना पड़ेगा। तो आप जीते कहां हैं? आज में। और आपकी आशाएं कहां हैं? कल में। आप चिंता किसकी करते हैं? कल की। और कल कभी आएगा नहीं। सारी जिंदगी आज में आपको जीना है। संस्कार यह डालने चाहिए कि आपके अंदर शांति है, उसे खोजो, उसको महसूस करो। अगर शांति-शांति कहने से ही शांति हो जाती तो अब तक तो हो जानी चाहिए थी। अब तक नहीं हुई है, तो कम से कम कुछ तो बदलिए। क्या बदलिए? मुंह को बंद कीजिए और अंतर्मुख होकर हृदय को खोलिए। क्योंकि शांति को पैदा करने की जरूरत नहीं है। शांति तो स्वयं आपके अंदर है, जैसे वह नमक जो पानी में मिला हुआ है, वैसे ही शांति भी आपके अंदर है।

होश संभालने के साथ ही आप शांति, आनंद और चैन को ढूंढ रहे हैं। परंतु वह आपके हृदय के अंदर ही स्थित है। उसके अनुभव के लिए आपको इसे अपनाना पड़ेगा। इसे महसूस करने के लिए आप में इच्छा होनी चाहिए कि आप अपने जीवन में यह शांति चाहते हैं। जब तक अनुभव नहीं होगा, तब तक सारी बातें अधूरी हैं। जिस शांति की आपको तलाश है, वह शांति आपके अंदर है। कब तक रहेगी? जब तक आप जीवित हैं, तब तक रहेगी। आपकी सुंदरता कब बढ़ेगी? इस संसार के अंदर ऐसी कौन सी चीज है, जिसे पहनकर आप दरअसल अच्छे लगेंगे? वह है शांति।

आप शांति रूपी चादर ओढ़ेंगे तो आपके चेहरे पर मुस्कान होगी। वह मुस्कान सबसे सुंदर दिखाई देगी, तब आप असल में चमकेंगे। हृदय के दर्पण में आप अपनी परछाई देखेंगे, तो आप भी ऐसे आनंद से भर जाएंगे और कहेंगे-हे बनाने वाले, तुमने कितनी सुंदर चीज बनाई है जिसे हम बाहर ढूंढ रहे हैं।

डेटा-संचालित प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की चुनौती

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस सालाना 29 जून को सांख्यिकी के क्षेत्र में प्रोफेसर पीसी महालनोबिस के अतुलनीय योगदान को ध्यान में रखकर उनके सम्मान में मनाया जाता है। ये विषय राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों में आमजनों द्वारा विश्वास करने, सरकार व निजी क्षेत्र का आधिकारिक डेटा को सुरक्षित करने, नवाचार और सार्वजनिक डेटाबेस प्रबंधन के महत्व को दशार्ता है। प्रो. महालनोबिस को भारतीय सांख्यिकी का जनक माना गया है। पहला राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस सन 2007 को मनाया गया था। पिछले वर्ष-2023 की थीम थी ह्यसतत विकास लक्ष्यों की निगरानी के लिए राज्य संकेतक ढांचे को राष्ट्रीय संकेतक ढांचे के साथ संरेखित करनाह्न। सरकारी स्तर पर सांख्यिकी दिवस समसामयिक राष्ट्रीय महत्व के विषय वस्तु पर मनाया जाता है।

राष्ट्रीय विकास में आधिकारिक सांख्यिकी के महत्व को उजागर करने के लिए ये दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। आज कई जगहों पर सेमिनार, चचाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगे, जहां लोगों को सांख्यिकी के संबंध में जागरूक किया जाएगा। किसी भी प्रतिष्ठान या व्यावसायिक गतिविधियों की पारदर्शी कार्यशैली की नींव उसके सांख्यिकी या डाटा से पहचानी जाती है। नागरिक समाज, निजी क्षेत्र, परोपकारी निकायों, अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय एजेंसियों, भू-स्थानिक समुदाय, मीडिया जैसे तमाम पेशेवर निकायों की विश्वसनीयता उनकी सांख्यिकीय पर निर्भर करती हैं। डिजिटल डेटा और प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं में खपलेबाजी आधुनिक समय की बड़ी समस्याओं में गिनी जाने लगी है।

इस दिवस के महत्व की जहां तक बात है, तो रोजमर्रा की जिंदगी में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाना और देशवासियों को इस बाबत जागरूक करना की सांख्यिकी नीतियों को आकार देने और तैयार करने में कैसे मदद करती है। 29 जून को प्रोफेसर महालनोबिस की जयंती भी होती है जिनका सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में योगदान अमूल्य रहा है। महालनोबिस का जन्म 29 जून 1893 को कलकत्ता में एक धनी और शैक्षणिक रूप से उन्मुख बंगाली परिवार में हुआ था। उन्होंने भौतिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में उच्च शिक्षा के लिए लंदन चले गए थे। उन्होंने भौतिकी में अपना ट्रिपोस पूरा किया और मानव विज्ञान और मौसम विज्ञान में समस्याओं को हल करने में सांख्यिकी की प्रभावकारिता की खोज की थी। उनका निधन 28 जून 1972 को कलकत्ता में 78 वर्ष की आयु में हुआ था। सांख्यिकी दिवस पर सामाजिक-आर्थिक नियोजन में सांख्यिकी की भूमिका के बारे में जन जागरुकता बढ़ाना, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच रिपोर्ट, कार्यक्रम, कार्यान्वयन, निगरानी आदि सभी का प्रबंधन सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन की प्रस्तुति देना भी होता है।

सांख्यिकी दिवस-2024 की थीम है ह्यनिर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोगह्न। केंद्रीय बजट में सांख्यिकी की सबसे बड़ी भूमिका होती है। बजट निमार्ण में केंद्र सरकार तमाम प्रख्यात सांख्यिकीविदों को इसलिए शामिल करती हैं ताकि उनके अनुभव से डेटा एक विश्वसनीय प्रारूप तैयार किया जाए। जिसे वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत किया जाता है। सांख्यिकी शब्द का दो प्रकार से प्रयोग होता है। बहुवचन के स्वरूप में यह परिमाणात्मक जानकारी या आंकड़ों को व्यक्त करता है। वहीं, एकवचन के स्वरूप में ये शब्द सांख्यिकीय विधियों का दूसरा नाम है। यहां इसका अर्थ आंकड़ों के संकलन, संगठन, प्रस्तुतीकरण, विश्लेषण और निर्वचन का शास्त्र या विज्ञान भी होता है। भारत में सांख्यिकी के वर्तमान अध्यक्ष प्रो. राजीव लक्ष्मण करंदीकर हैं, जिन्हें 30 नवंबर 2022 को तीन साल की अवधि के लिए केंद्र सरकार ने आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

सांख्यिकी दिवस मनाने से सांख्यिकीविदों, सरकारी संगठनों, नीति निमार्ताओं और अन्य एजेंसियों को वर्तमान डेटा-संचालित दुनिया में उच्च गुणवत्ता वाले डेटा और सांख्यिकी के मूल्यों को बढ़ावा देने का अवसर मिलता है। सांख्यिकी स्वास्थ्य सेवा, अर्थशास्त्र, शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में एक शानदार भूमिका निभाती है। यह न केवल दुनिया की जटिलताओं को समझने में मदद करती है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी नीतियों के विकास में भी मदद करती है। सांख्यिकी साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

- डॉ. रमेश ठाकुर(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

मुद्दा : संसद में बेमतलब के नारे

प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवतः जान बूझकर गलत दशार्या गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अखेका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए हाल में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए।

सबसे पहले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रास्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थित इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार करके पूरे विश्व को

भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है।

इसी प्रकार, भारत में हाल में संपन्न हुए लोक सभा चुनाव पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है आदि, परंतु भारतीय मतदाताओं ने चुनाव में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ संपन्न हो गए। इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है, जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है।

दरअसल, पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोर कसर नहीं छोड़ती हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, इथियोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है अर्थात सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था जबकि पूरा विश्व जानता है कि श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है। फिर किस प्रकार ऐसे सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में ऐसे सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। सवाल पैदा होता है कि अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा।

यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था 'स्टैंडर्ड एंड पूअर' ने हाल में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकलन करते हुए भारत के संबंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक करते हुए कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास संबंधी विभिन्न पैमानों आधारभूत ढांचे को विकसित करने एवं राजकोषीय घाटे को कम करने से संबंधित आंकड़ों एवं प्रयासों का गंभीरता से लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रही है। वैश्विक पटल पर पश्चिमी देशों की विभिन्न संस्थानों द्वारा भारत के प्रति ईर्ष्या का भाव रखने के चलते समय आ गया है कि भारत विभिन्न पैमानों पर अपनी रेटिंग तय करने के लिए अपने सूचकांक विकसित करने पर विचार करे क्योंकि वैश्विक स्तर पर पश्चिमी देशों द्वारा जितने भी सूचकांक तैयार किए जा रहे हैं, उनमें भारत के संदर्भ में वस्तुस्थिति का सही वर्णन नहीं किया जा रहा है।

गुलाम हैदर को भारत आने का जल्द मिल सकता है वीजा, खुलेगी सीमा की पोल

-सीमा हैदर के खिलाफ भारतीय अदालतों में दर्ज कराएंगे अपना बयान

इस्लामाबाद। गैरकानूनी तरीके से नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर का पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर भारत आने के प्रयास में है। गुलाम ने कहा था कि वह 10 जून तक भारत आएगा लेकिन वह नहीं आ सका। अब गुलाम ने बताया है कि उसने वीजा प्रक्रिया को पूरा कर लिया है और जल्द ही अपने बच्चों से मिलने भारत जाएंगे और सीमा हैदर की खोलेंगे पोल। अंसार बर्नी ट्रस्ट ने गुलाम की मदद करते हुए भारत में मोमिन मलिक को उसका वकील बनाया था। गुलाम ने कहा कि जल्द ही भारत जाने की तारीख भी तय हो जाएगी। गुलाम ने कहा कि कुछ और लोग भी उनके साथ जाना चाहते थे लेकिन फिलहाल वह अकेले ही भारत जाएंगे। गुलाम ने कहा उसे भारत जाने की तारीख आने का इंतजार है ताकि वह भारत की अदालतों में सीमा के खिलाफ गवाही दे सके। एक महीने तक गुलाम को भारत में रहने का मौका मिल सकता है। ट्रस्ट ने कहा है कि उनको उम्मीद है कि वीजा मिल जाएगा क्योंकि ऐसी कोई वजह नहीं है, जिसको आधार बनाकर वीजा ना दिया जाए। ट्रस्ट की ओर से ये भी कहा गया है कि वकील मोमिन मलिक ने कई सारे मामले सीमा पर लगाए हैं। इन मामलों में गुलाम का बयान जरूरी है और उनको वहां जाकर अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का बयान.... तहरीक-ए-तालिबान के खिलाफ एक्शन लेगी सेना

लौहार (ईएमएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच तनाव दिख रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि सेना के सैन्य अभियान ऑपरेशन आजम-ए-इस्तेहकाम के तहत तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्री आसिफ ने पाकिस्तान के कई नेताओं के टीटीपी के साथ बातचीत की संभावना को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि टीटीपी के साथ बातचीत का कोई आधार नहीं है। एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा कि यह सैन्?य अभियान चलाने का फैसला किसी हड़बड़ी में नहीं लिया गया है। उनका यह बयान उस समय पर आया है जब इमरान की पार्टी ने खुलकर सैन्य अभियान चलाने का विरोध किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस सैन्य अभियान को लेकर राजनीतिक दलों की चिंताओं को दूर किया जाएगा। साथ ही उनके हर सवाल का जवाब भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य सीमा के पास टीटीपी के ठिकानों को निशाना बनाना है। आसिफ ने कहा कि देश की एकजुटता से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। उन्होंने अफगानिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने को न्यायोचित बताकर दलील दी कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन नहीं करेगा। आसिफ ने कहा कि इसकी वजह यह है कि अफगानिस्तान से पाकिस्तान में आतंकवाद का निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने 4000 स्लीपर सेल के सदस्यों को आने दिया जो अब पाकिस्तान में अशांति फैला रहे हैं।

भविष्य में धूम्रपान से भी ज्यादा जोखिम है डिमेंशिया, -हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डायबिटीज, शिक्षा और धूम्रपान है प्रमुख जोखिम

वाशिंगटन। धूम्रपान से भी ज्यादा जोखिम भविष्य में डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) के मामलों को बढ़ा सकता है। हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डायबिटीज, शिक्षा और धूम्रपान समेत आनुवंशिक (जेनेटिक) और पर्यावरणीय कारकों का मिलना मनोभ्रंश रोग के लिए प्रमुख जोखिम फैक्टर है। यह खुलासा हुआ एक ताजा अध्ययन में। शोधकर्ताओं ने कहा, यूरोप और अमेरिका में भी धूम्रपान के स्तर में कमी आई है, क्योंकि यह सामाजिक रूप से अब कम स्वीकार्य होने के साथ ज्यादा महंगा हो गया है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं ने पता लगाया कि समय के साथ इन जोखिमों के प्रसार में किस प्रकार परिवर्तन आया है। शोधकर्ताओं की टीम ने 1947 और 2015 के बीच जुटाए गए आंकड़ों और 2020 में प्रकाशित लेटेस्ट शोधपत्र के आधार पर विश्व स्तर पर मनोभ्रंश से पीड़ित लोगों से जुड़े 27 शोधपत्रों का विश्लेषण किया। परिणामों से पता चला कि निम्न शिक्षा और धूम्रपान करने वालों की संख्या में समय के साथ कमी की वजह से डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) की दरों में गिरावट आई है। समय के साथ मोटापे और डायबिटीज की दरें बढ़ी हैं। साथ ही मनोभ्रंश के जोखिम में भी इनका योगदान बढ़ा है। ज्यादातर अध्ययनों में हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) सबसे बड़ा डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) का कारण बनकर उभरा है। यूसीएल साइकियाट्री की प्रमुख लेखिका नाहिद मुकदम ने कहा, समय के साथ हृदय संबंधी जोखिम ने डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) के जोखिम को और अधिक बढ़ा दिया है। इसलिए भविष्य में मनोभ्रंश की रोकथाम के प्रयासों के लिए इन पर ज्यादा ध्यान देकर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर समय के साथ कई उच्च आय वाले देशों में बढ़ा है। जिसका मतलब है कि यह डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) का कम महत्वपूर्ण जोखिम कारक बन गया है।

शराब के कारण सालाना होती है 30 लाख लोगों की मौतें, -डब्ल्यूएचओ ने कहा- हाल के वर्षों में मौतों में आई है कुछ कमी

जिनेवा। शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है। हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यह 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। यह कहना है विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का। इस बारे में डब्ल्यूएचओ की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब की वजह से हर साल दुनिया भर में 20 में से करीब एक मौत होती है, जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाना, शराब के कारण हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियां और विकार शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में शराब के सेवन से 2.6 मिलियन मौतें हुईं - नवीनतम उपलब्ध आंकड़े - जो उस साल दुनिया भर में हुई सभी मौतों का 4.7 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि इनमें से करीब तीन-चौथाई मौतें पुरुषों की थीं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा, पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। पुरानी बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है और दुखद रूप से हर साल लाखों लोगों की मृत्यु को रोकता है। उन्होंने बताया कि 2010 से दुनिया भर में शराब के सेवन और उससे होने वाले नुकसान में कुछ कमी आई है। उन्होंने कहा, लेकिन शराब के सेवन के कारण स्वास्थ्य और सामाजिक बोझ अस्वीकार्य रूप से उच्च बना हुआ है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवा लोग असमान रूप से प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में इसके कारण हुई सभी मौतों में से अनुमानित 1.6 मिलियन गैर-संचारी रोगों से थीं। इनमें से 474,000 हृदय संबंधी बीमारियों से, 401,000 कैंसर से और 724,000 लोग यातायात दुर्घटनाओं और खुद को नुकसान पहुंचाने सहित चोटों से थे। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 2019 में शराब के कारण होने वाली मौतों का उच्चतम अनुपात - 13 प्रतिशत - 20 से 39 वर्ष की आयु के लोगों में था। शराब पीने से कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियां जुड़ी हुई हैं, जिनमें लीवर का सिरोसिस और कुछ कैंसर शामिल हैं।

तेहरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में इब्राहिम रईसी की मृत्यु के बाद इब्राहिम रईसी के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए त्वरित राष्ट्रपति चुनाव में शुक्रवार को मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए कतार में खड़ी ईरानी महिलाएं।

वर्जीनिया की चुनावी रैली में ट्रंप ने डिबेट में अपने प्रदर्शन का मनाया जश्न

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां प्रेसिडेंशियल डिबेट जारी है। डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन पर निशाना साधा। इसके बाद वर्जीनिया में आयोजित एक चुनावी रैली में ट्रंप ने डिबेट में अपने प्रदर्शन का जश्न मनाया। अपने भाषण में ट्रंप ने कई मुद्दों पर बाइडन को घेरा। उन्होंने बाइडन से कहा कि देश उन्हें नहीं चाहता और यहां से भाग जाओ। उन्होंने कहा कि बाइडन राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर नहीं निकल रहे हैं। ट्रंप ने कहा, कल रात के प्रदर्शन के बाद कई लोग कह रहे हैं कि जो बाइडन दौड़ से बाहर हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि मैं ऐसा नहीं मानता। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि बाइडन से डिबेट के मॉडरेटर मिले हुए थे। जिसका अर्थ है कि बाइडन बहस में हेराफेरी करने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप ने अप्रवासियों द्वारा अश्वेत और हिस्पैनिक अमेरिकियों से नौकरियां छीनने के बारे में निराधार आरोप लगाए। बाइडन ने यह याद दिलाए जाने पर कि ट्रम्प के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ जॉन केली ने कहा था कि ट्रंप ने मृत सैन्य दिग्गजों को मूर्ख और असफल कहा था। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया और केली का अपमान करते हुए उन्हें उनमें से सबसे मूर्ख और एक खोई हुई आत्मा बताया।

चीन के एयरपोर्ट पर अडानी का कब्जा! नेपाल ने भारत से निभाई दोस्ती, जिनपिंग के उड़े होश

नई दिल्ली(एजेंसी)। अडानी ग्रुप बड़े स्तर पर दुनिया में छाया हुआ है और अब बारी एयरपोर्ट्स की है। खबर है कि नेपाल के एयरपोर्ट्स को अडानी टच मिलने वाला है। बड़ी बात ये है कि नेपाल में जिस एयरपोर्ट को चीन ने बनाया वो एयरपोर्ट भी अडानी ग्रुप संचालित करने जा रहा है। माना जाता है कि पिछले साल भारत की यात्रा के दौरान, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कुमार दहल प्रचंड ने नवनिर्मित हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए भारत से मदद मांगी थी। नेपाली अधिकारी अपने तीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए भारतीय अरबपति समूह अडानी एंटरप्राइजेज के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। बहुराष्ट्रीय सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होल्डिंग कंपनी अडानी समूह का हिस्सा है। नेपाली सूत्रों ने कहा कि अडानी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के वरिष्ठ अधिकारी नेपाली एजेंसी के निमंत्रण पर काठमांडू में नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) के साथ शुरुआती दौर की वार्ता कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बैठकें जनवरी से हो रही हैं जब समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने 'वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन' के मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राम शरण महत के साथ एक बैठक के दौरान नेपाल के हवाई अड्डे और ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि व्यक्त की थी। हालांकि, अडानी के अधिकारियों ने अभी तक इस मामले पर अंतिम फैसला नहीं किया है, जब तक कि समूह हवाई अड्डों के संचालन की व्यवहार्यता का आकलन नहीं कर लेता। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने वैश्विक निविदा के माध्यम से कम से कम तीन हवाई अड्डों - पोखरा क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (पीआरआईए), गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीबीआईए) और त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) के संचालन को तीसरी कंपनी को आउटसोर्स करने का निर्णय लिया है।

मई 2022 में उद्घाटन भैरहवा में गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण चीन के नॉर्थवेस्ट सिविल एविएशन एयरपोर्ट कंस्ट्रक्शन ग्रुप द्वारा किया गया था। इसे एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए ओपेक फंड द्वारा वित्त पोषित किया गया है। दूसरी ओर, पिछले जनवरी में उद्घाटन किए गए पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण चीन के निर्यात-आयात बैंक से 215 मिलियन डॉलर के ऋण की मदद से किया गया था। इसका निर्माण चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने किया है। पोखरा हवाई अड्डे को नेपाल में चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत निर्मित प्रमुख परियोजना के रूप में वर्णित किया गया है।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्यों कि नेहरु को याद

-पंचशील के सिद्धांतों पर कही ये बात

बीजिंग (एजेंसी)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वर्तमान समय के संघर्षों के अंत के लिए पंचशील के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को रेखांकित कर पश्चिमी देशों के साथ चीन के संघर्षों के बीच 'ग्लोबल साउथ' में अपने देश का प्रभाव बढ़ाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार पंचशील के सिद्धांतों को पहली बार औपचारिक रूप से 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत क्षेत्र के बीच व्यापार व संबंध को लेकर चीन और भारत के बीच हुए समझौते में शामिल किया गया था। चीन में इस शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत जबकि भारत में पंचशील का सिद्धांत कहा जाता है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई जब सीमा मुद्दे का समाधान खोजने में विफल रहे थे तब उन्होंने पंचशील के सिद्धांतों पर सहमति जाहिर की थी। शी ने कहा, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों ने समय की मांग को पूरा किया और इनकी शुरुआत एक अपरिहार्य ऐतिहासिक घटनाक्रम था।

शी ने सम्मेलन को संबोधित कर कहा, चीन-भारत और चीन-म्यामांर संयुक्त वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को शामिल किया था। इन वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को द्विपक्षीय संबंधों के लिए बुनियादी मानदंड बनाने का आह्वान किया गया था। सम्मेलन में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे सहित चीन क करीबी देशों के नेता और अधिकारी शरीक हुए। शी ने कहा कि शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों की शुरुआत एशिया में हुई, लेकिन जल्द ही ये विश्व मंच पर छा गए। उन्होंने कहा कि पंचशील सिद्धांत आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय की समान संपत्ति बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 1955 में बांडुंग सम्मेलन में 20 से अधिक एशियाई और अफ्रीकी देशों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में उभरे गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने भी इन सिद्धांतों को मार्गदर्शक सिद्धांत के तौर पर अपनाया। अमेरिका और यूरोपीय संघ से बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना कर हाल के वर्षों में एशियाई, अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी देशों में अपना प्रभाव बढ़ाने की जुगत में लगे चीन का भारत और अन्य विकासशील देशों के साथ संघर्ष हुआ है। इन देशों को मोटे तौर पर 'ग्लोबल साउथ' कहा जाता है।

हूती विद्रोहियों ने एक पोत पर मिसाइल हमले किए

लंदन। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर मिसाइल हमले किए। ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही वर्तमान में समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन' (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं। यूकेटीएमओ ने बताया कि हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले के बारे में बताया है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं। हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में करीब 16 लोगों की मौत हुई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने की बना रहे हैं योजना : जेलेंस्की

कीव (एजेंसी)। यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा, हमारे लिए युद्ध को खत्म करने की एक योजना बनाना बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाना चाहिए। यह एक कूटनीतिक रास्ता है जिस पर हम काम कर रहे हैं। इससे पहले ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ की शिखर सम्मेलन में, ज़ेलेंस्की ने कहा था कि वह युद्ध को खत्म करने के लिए कुछ ही महीनों में एक विस्तृत योजना पेश करेंगे। सैनिकों और नागरिकों के बीच मौत के बढ़ते आंकड़ों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं है।

ज़ेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों को देखे तो शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों देश अब भी एक-दूसरे से बिलकुल अलग नज़र आते हैं। शांति समझौते को लेकर यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि बातचीत शुरू होने से पहले रूस को अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से अपने सैनिकों को वापस बुलाना होगा। ज़ेलेंस्की ने इस महीने की शुरुआत में स्विट्ज़रलैंड में एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। इस सम्मेलन में रूस को नहीं बुलाया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाना ही था। 90 से अधिक देशों ने इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। अधिकतर देशों ने एक विज्ञप्ति पर सहमति भी जताई, जिसमें किसी भी समझौते में यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की जरूरत पर जोर दिया गया। लेकिन भारत जैसे कुछ प्रमुख देश सहमत नहीं हुए और रूस के सहयोगी चीन जैसे कुछ और देशों ने रूस को आमंत्रित नहीं किए जाने के विरोध में शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया था।

नासा ने बढ़ाई स्टारलाइनर मिशन की अवधि, अभी धरती पर नहीं लौटेंगी सुनीता

-अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेसवॉक में भी आ रही हैं दिक्कतें

वॉशिंगटन (एजेंसी)। नासा की भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और एक अन्य साथी स्पेस में फंसे हुए हैं। सुनीता बोइंग स्टारलाइनर के जरिए वह अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस स्टेशन गई थीं और बोइंग कैप्सूल में खराबी के कारण वह वहां फंस गई।

नासा ने अब कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री ज्यादा समय तक स्पेस में ही रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में आई खराबी को सुधारने का काम जारी है। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के स्टीव स्टिच ने कहा कि हमें अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि नासा स्टारलाइनर के मिशन की अवधि को 45 से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रहा है।

बता दें पांच जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। सालों की देरी और असफलताओं के बाद बोइंग का यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट करीब एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी। विल्मोर और विलियम्स के लिए स्टेशन से जुड़ने के दौरान कैप्सूल की जांच के लिए पर्याप्त समय था लेकिन कैप्सूल के थ्रस्टर में खराबी के कारण नासा और बोइंग को समस्या का विश्लेषण करते समय वापसी की उड़ान में देरी करनी पड़ी।

नासा को अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेसवॉक में भी दिक्कतें आ रही हैं। इसी सप्ताह एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी लीक होने के बाद स्पेसवॉक रद्द कर दी गई। समस्या का समाधान नहीं हुआ है और अगले सप्ताह की प्रस्तावित स्पेसवॉक भी रद्द कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलाइनर की उड़ान से पहले रॉकेट में हीलियम लीक देखने को मिला था। उड़ान के दौरान कई और रिसाव देखे गए। हीलियम का इस्तेमाल थ्रस्टर्स के लिए ईंधन पर दबाव डालने के लिए किया जाता है। पांच फेल थ्रस्टर्स में से चार को ठीक कर लिया गया है। एक थ्रस्टर के ठीक होने की उम्मीद नहीं है।

पाकिस्तान को अब हथियार देगा अमेरिका? बिना तैयारी कर दिया सैन्य ऑपरेशन का एलान, फंसने पर लगा गिड़गिड़ाने

इस्लामाबाद (एजेंसी)। अगर लंबे समय तक खाई को घूरेंगे तो खाई भी आपको घूरने लगेगी।' जर्मन दार्शनिक नीत्शे का एक क्योट है। डेढ़ सौ साल पहले कही गई ये बात अब हमारे पड़ोस में साकार हो रही है। पाकिस्तान तालिबान को घूर रहा है, लेकिन क्यों ? क्योंकि तालिबान की परछाई उसके अपने घर में आकार ले रही है। पाकिस्तान वैसे तो आतंकवाद को पालने वाला देश माना जाता है टीटी के आतंक से परेशान होकर देश में आतंकवाद खत्म करने के लिए एक सैन्य अभियान चलाने का ऐलान किया है। लेकिन इस अभियान में पाकिस्तान कामयाब होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हाल ही में पाकिस्तान की सरकार ने नाम की सैन्य अभियान को मंजूरी दी है। पाकिस्तान की सरकार का कहना है कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य टीटीपी और दूसरे आतंकी गुटों से लड़ना है। शहबाज शरीफ के कार्यालय की ओर से इसकी घोषणा कर दी गई है। लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने इसकी अभी पूरी तरह से तैयारी नहीं की है। ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम (स्थिरता का संकल्प) के ऐलान के तुरंत बाद से ही अमेरिका से हथियारों की मांग शुरू कर दी है। पाकिस्तान ने अमेरिका से छोटे हथियार की मांग की है।

पाकिस्तानी मीडिया संस्थान जियो न्यूज के मुताबिक अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मुसुद खान ने वाशिंगटन डीसी में विलशन सेंटर के एक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम (स्थिरता का संकल्प) की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उनके देश को छोटे हथियारों और दूसरे आधुनिक सैन्य उपकरणों की आवश्यकता है। मुसुद खान ने ये भी कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका को अपने संबधों को मजबूत करने के लिए दूसरे मोर्चे के साथ भी खुफिया सहयोग भी बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही सैन्य प्लेटफॉर्मों की बिक्री फिर से शुरू करनी चाहिए। यह क्षेत्रीय सुरक्षा और आतंकवाद को रोकने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

सिर्फ 1 साल में 3 आईसीसी फाइनल, एक सुखद अंत की हकदार है रोहित शर्मा-राहुल द्रविड़ की जोड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। यह भारत के कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी दिन होगा। शनिवार, 29 जून को जब बारबाडोस में पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में एशियाई दिग्गज दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेंगे तो टी20ई क्रिकेट में भारत के कप्तान के रूप में यह शायद रोहित शर्मा का आखिरी दिन होगा। अरबों सपनों के साथ, सुपरहिट जोड़ी है एक सुखद अंत पर नजर। और यह एक का हकदार भी है! हालांकि, खेल में कोई भी किसी चीज का हकदार नहीं है। आपको उस दिन प्रदर्शन करके दिखाना होता है।

फिर भी, यह उचित होगा यदि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के ताज के लिए भारत का 11 साल का इंतजार रोहित और द्रविड़ के नेतृत्व समूह द्वारा समाप्त हो जाए। 2021 में साथ आने के बाद रोहित और द्रविड़ उतार-चढ़ाव भरे दौर से गुजरे हैं, जिसने यकीनन भारतीय क्रिकेट को फलते-फूलते और ऊपर उठते देखा है। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने प्रक्रियाओं का अच्छा ध्यान रखा है, खासकर 2022 टी20 विश्व कप की हार के बाद। जब द्रविड़ ने 2021 में टीम के मुख्य कोच का पद संभाला, तो उन्हें एक मसीहा के रूप में देखा गया।

यह उस युग के अंत का प्रतीक है जिसमें सफेद गेंद वाली टीम कमजोर दिखती थी और उसमें अजेयता की भावना नहीं थी जो कि सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड द्वारा संचालित टीम में होनी चाहिए थी। टी20 विश्व कप 2021 में जल्दी बाहर होने और 2019 सेमीफाइनल की हार ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय सफेद गेंद क्रिकेट को पाठ्यक्रम में सुधार की जरूरत है। विराट कोहली के कप्तानी से दूर होने के बाद राहुल और रोहित ने टीम में कई सुधार की कोशिश की। धीरे-धीरे यह रंग लाता हुआ भी दिखाई देने लगा।

भारत के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने कार्यकाल में अविश्वसनीय निरंतरता दिखाने के लिए राष्ट्रीय टीम की सराहना की। द्रविड़ के नेतृत्व में, भारत आईसीसी टूर्नामेंटों (टी20 विश्व कप 2024 सहित) में तीन फाइनल में पहुंचा है और खेल के तीनों प्रारूपों में शीर्ष टीम का दर्जा प्राप्त किया है। बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, द्रविड़ ने भारतीय पक्ष की सराहना की और अविश्वसनीय काम करने के लिए भारतीय क्रिकेटरों को श्रेय दिया।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट में बिना एक भी गेम हारे टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में पहुंच गई है। प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन 2023 में उनके घरेलू विश्व कप के समान है। भारत फाइनल में प्रबल दावेदार के रूप में आया है, उसने शिखर मुकाबले से पहले बारबाडोस में एक मैच खेला था।

ब्रैथवेट की कप्तानी में अगले माह टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी वेस्टइंडीज

नई दिल्ली (एजेंसी)। सेंट जॉन्स (ईएमएस)। क्रैग ब्रैथवेट की कप्तानी में वेस्टइंडीज टीम अगले माह इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने 10 जुलाई से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की रिचर्ड्स बॉथम सीरीज के लिए 15 सदस्यीय जो टी घोषित की है। उसमें चोटिल तेज गेंदबाज केमर रोच की जगह पर सेंट किट्स एंड नेविस के तेज गेंदबाज जेरेमिया लुइस को शामिल किया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि टीम को रोच की कमी खलेगी पर अन्य खिलाड़ी इसके लिए पर्याप्त हैं। रिचर्ड्स बॉथम सीरीज सर विवियन रिचर्ड्स और इंग्लैंड के महान ऑलराउंडर लॉर्ड इयान बॉथम के नाम पर रखी गयी है। इंडीज टीम 4 जुलाई से बेकेनहैम में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज इसाई थॉर्न को भी टीम में जगह मिली है।

टीम इस प्रकार है- क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज़े, जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, ज़ाचरी मैकास्की, किर्क मैकेंज़ी, गुडाकेश मोती, जेरेमिया लुइस, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, और इसाई थॉर्न।

आने वाले समय में पारी की शुरुआत करेंगे फेजर : वार्नर

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले दिनों में टीम की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए दिखेंगे। फ्रेजर ने घरेलू क्रिकेट के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में भी शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया था। टी20 विश्वकप में उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया था हालांकि उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था। ऑस्ट्रेलियाई टीम के टी20 विश्वकप से बाहर होते ही वार्नर का अंरतराष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था। वार्नर ने कहा कि टी20 और एकदिवसीय में आने वाले समय में फ्रेजर ही सलामी बल्लेबाज होंगे

वार्नर ने कहा कि 50 ओवर क्रिकेट कैसे खेलना है। यह एक चीज है जो मैंने ट्वेंटी 20 से सीखी है। मुझे सात मैचों के बाद बाहर कर दिया गया क्योंकि मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। फिर मैंने समझा कि एकदिवसीय क्रिकेट कैसे खेलना है और टी20 क्रिकेट कैसे खेलना है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अभी स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं, ऐसे में फ्रेजर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आया है। इस साल की शुरूआत में इस युवा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान 2 मैचों में 23 गेंदों पर 51 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने मार्श कप में मात्र 29 गेंदों में शतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था और सबका ध्यान खींचा था। इसके अलावा आईपीएल में भी 36.66 की औसत और 234.04 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। इसमें चार अर्धशतक शामिल थे।

भारतीय टीम ने महिला टेस्ट क्रिकेट में बनाया सबसे बड़ा टीम स्कोर

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट पर 575 रन के पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने रिकॉर्ड बनाने के बाद पहली पारी छह विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की। ऑस्ट्रेलिया ने इस साल पर्थ में यह स्कोर बनाया था लेकिन ऋचा घोष (86 रन) के एनेरी डर्कसन के 109वें ओवर की शुरूआती गेंद पर चौका लगाते ही भारत ने नया रिकॉर्ड बना दिया। इस उपलब्धि का श्रेय काफी हद तक भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (205 रन) और स्मृति मंधाना (149 रन) को जाता है जिन्होंने 292 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है। जेमिमा रोड्रिग्स (55 रना) के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर (69 रन) और ऋचा ने अर्धशतक बनाकर योगदान दिया। भारतीय महिला टीम ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए थे जो टेस्ट मैच में एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। इससे उसने श्रीलंकाई पुरुष टीम के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिसने 2002 में कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 509 रन बनाए थे।

अब कोच की भूमिका में नजर आएगें रिकी पोंटिंग

मुम्बई । ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड अब अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अब सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड का कहना है कि वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम ज़म्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

गुस्साएं राहूल द्रविड़ ने क्यों कहा.....ये मेरे उसूलों के खिलाफ

नई दिल्ली । टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद बढ़ाया गया था। इस टी20 विश्व कप के बाद उनका यह कार्यकाल खत्म हो जाएगा। सोशल मीडिया पर कोच द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतने को लेकर कैंपेन चलाया जा रहा है। फैंस उनकें लिए टूर्नामेंट का खिताब जीतने के लिए यह कैंपेन चला रहे हैं। लेकिन द्रविड़ इस बात से नाराज दिख रहे है। द्रविड़ ने कहा कि मैं जिस तरह का इंसान हूं, यह बिल्कुल उसके खिलाफ है। मैं इस तरह की चीजों में यकीन नहीं रखता कि किसी के लिए कोई ट्रॉफी जीतो। मुझे किसी की कही बात याद आती है कि जब पूछा गया, आप एवरेस्ट क्यों चढ़ना चाहते हैं, तब जवाब मिला। मुझे एवरेस्ट चढ़ना है क्योंकि वह वहीं है।

कैफ ने कोहली का समर्थन किया, कहा- धोनी का भी 2011 में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने विश्वास व्यक्त किया है कि विराट कोहली एमएस धोनी जैसा वीरतापूर्ण प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, जैसा उन्होंने 2011 वनडे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में किया था। कैफ ने कोहली के मौजूदा फॉर्म और 2011 विश्व कप में धोनी के सफर के बीच तुलना की। उन्होंने प्रशंसकों को याद दिलाया कि धोनी ने एक असाधारण टूर्नामेंट नहीं खेलने के बावजूद श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में मौके का फायदा उठाया, नाबाद 91* रन बनाए और लॉन्ग ऑन पर एक यादगार छक्का लगाकर जीत सुनिश्चित की। कैफ ने सुझाव दिया कि कोहली, जिन्होंने अभी तक इस टूर्नामेंट में कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है, उनमें धोनी के वीरतापूर्ण प्रदर्शन की नकल करने की क्षमता है। कैफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'विराट कोहली को यह याद रखना चाहिए कि 2011 में धोनी का भी विश्व कप अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फाइनल में उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल कर ली। वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, जो गेंद को अपनी योग्यता के अनुसार खेल सकते हैं और किसी भी गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो सकते हैं। कुलसेकरा की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर धोनी का छक्का सभी के दिमाग में बसा हुआ है। इसलिए मुझे लगता है कि विराट कोहली के पास हीरो बनने का शानदार मौका है।' पिछले आईसीसी टूर्नामेंट्स में भारत के लिए अहम भूमिका निभाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। हालांकि कैफ ने उन्हें वनडे विश्व कप में ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके शानदार शतक की याद दिलाई और कोहली को उस पारी से आत्मविश्वास लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'उन्हें यह भूल जाना चाहिए कि वह खराब फॉर्म में हैं। उन्होंने तब शतक लगाया था, जब भारत ने आखिरी बार वनडे विश्व कप में ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उस दिन वह शानदार थे और उन्होंने बहुत अच्छा खेला, लेकिन वह उस दिन शानदार प्रदर्शन नहीं कर रहे थे, बल्कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ गेंद को योग्यता के अनुसार खेल रहे थे।'

रोहित शर्मा हमें न सिखाएं कि क्या कहना है और क्या नहीं

-टीम इंडिया के कप्तान के बयान से इंजमाम-उल-हक नाराज

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के गेंदबाजों पर गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाने वाले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक को रोहित शर्मा ने अपने दिमाग का इस्तेमाल करने का आग्रह किया था। रोहित के इस बयान पर इंजमाम बहुत नाराज हुए। उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पर तीखे हमला करते हुए कहा है कि वह उन्हें न सिखाएं कि क्या कहना है और क्या नहीं।

बता दें कि इंजमाम ने टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्शदीप सिंह द्वारा फेंके गए 15वें ओवर में मिल रही गेंद रिवर्स-स्विंग पर सवाल उठाए थे। टीम इंडिया की 24 रनों से जीत के बाद इंजमान ने दावा किया था कि गेंद पर गंभीरता से काम किया गया, लेकिन रोहित ने धूप में रिवर्स-स्विंग की बारीकियां बताईं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले इंजमाम के आरोपों पर कहा था कि यहां के विकेट काफी शुष्क हैं। सभी टीमों को रिवर्स स्विंग मिल रही है। आपको अपना दिमाग खुला रखने की जरूरत है। यह ऑस्ट्रेलिया नहीं है।

इंजमाम ने कहा कि आप किसी ऐसे व्यक्ति को कुछ नहीं सिखाते जिसने वास्तव में दुनिया को सिखाया हो। उसे बताएं कि ये बातें कहना सही नहीं है। हम निश्चित रूप से अपने दिमाग का इस्तेमाल करेंगे लेकिन पहली बात यह है कि रोहित स्वीकार ने किया कि ऐसा हो रहा है। तो इसका मतलब है कि हमने जो देखा वह सही है।

दूसरी बात रोहित शर्मा को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि रिवर्स स्विंग कैसे काम करती है, कितनी धूप में काम करती है। मैंने अंपायरों को केवल सुझाव दिया था कि अपनी आंखें खुली रखें क्योंकि 15वें ओवर में गेंद घूम रही थी और मैं अभी भी अपनी बात पर अडिग हूं। मैं उनसे फिर कहूंगा अपनी आंखें खुली रखें। क्या हो रहा है?

इंजमान की बात का पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलीम मलिक ने भी समर्थन किया है। हालांकि उक्त मामले पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि इस मामले को रिपोर्टर को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं थी। हालांकि सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह रोहित की जगह होते तो ऐसी किसी भी टिप्पणी से बचते। बता दें कि भारत टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंच चुका है और आज 29 जून को बारबाडोस में ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका के साथ फाइनल मैच खेलेगा।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल कराने के लिए आईओए का किया समर्थन

नयी दिल्ली । खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल करने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के प्रस्ताव का समर्थन किया है। मांडविया ने एक बयान में कहा ,'' योग की अप्रतिम लोकप्रियता को देखते हुए इसे प्रतिस्पर्धी खेलों का दर्जा देकर एशियाई खेलों में शामिल किया जाना चाहिये।'' उषा ने एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह को 26 जून को पत्र लिखकर योग को एक खेल के रूप में एशियाई खेलों में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। मांडविया ने कहा ,'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किये जाने के लिये काफी मेहनत की है। योग को लोकप्रिय बनाने में भारत अग्रणी रहा है और हमने इसे खेलो इंडिया युवा खेलों में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल किया।

ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से सात जुलाई को पेरिस रवाना होंगी चानू

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारोत्तोलक मीराबाई चानू की नजरें अब आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों पर लगी हुई हैं। चानू ने पिछली बार टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और इस बार उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना रहेगा। इसी कारण हालत से तालमेल बिठाने के साथ ही अभ्यास के लिए सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनका मुकाबला सात अगस्त को होगा।

चानू ने कहा कि वह इन खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की अकेली भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए अपनी फिटनेस बनाये रखने पर ध्यान दे रही हैं।

इस खिलाड़ी ने कहा, 'पेरिस को लेकर उत्साहित हूं हालांकि थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल टोतोक्यो ओलंपिक के बाद हालात बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है पर अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।

चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का रहा है। वह चोटों के साथ ही पीठ की समस्या के बाद भी इन खेलों की तैयारी करती रही हैं। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिसके कारण वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है।

मीराबाई ने कहा, 'मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 फीसदी फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'इस बारे में कुछ कहना कठिन पर मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर प्रयास करना रहेगा।

11 जुलाई से शुरु होगी ... यूपी कबड्डी लीग

नोएडा । 11 से 25 जुलाई तक नोएडा सेक्टर 21ए स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में यूपी कबड्डी लीग की शुरूआत हो रही है। इस बार आपको कोई भी मुकाबला देखने के लिए कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी। कबड्डी के शौकीन लोग अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ मिलकर कबड्डी देखने हर रोज जा सकते हैं। इस कबड्डी लीग में यूपी-मुंबई सहित कई टीमें अपना दमखम दिखाएँगी। इस बार यूपी कबड्डी लीग ने नए खिलाड़ियों को प्लेटफार्म दिया है। जिन लोगों को खेलने के लिए कोई प्लेट फार्म नहीं मिल रहा था या फिर अपने सपने को समेटे घर बैठे थे, उन कबड्डी खिलाड़ियों को यूपी कबड्डी लीग ने उतारा है। जो अपना दमखम सबके सामने दिखाएंगे। बता दें कि प्रोग्राम के बारे में यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन और एकेएफआई के संयुक्त सचिव और यूपी कबड्डी एसोसिएशन के सदस्य विनय कुमार सिंह के साथ यूपीकेएल के स्पोर्ट्स एंबेसडर राहुल चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता कबड्डी खिलाड़ियों के लिए पेशेवर स्तर पर प्रदर्शन और अनुभव हासिल करने का एक महत्वपूर्ण स्थान देने जा रही है। इसके पहले यूपी कबड्डी लीग ने ट्रॉफी को यूपी के 20 से अधिक प्रमुख शहरों जैसे लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, झांसी, आगरा, मथुरा, नोएडा जैसे शहरों में प्रदर्शित किया।

वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेलते दिखेंगे युवराज सिंह और हरभजन सहित कई दिग्गज

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह, हरभजन सिंह और सुरेश रैना सहित कई दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर मैदान पर चौके और छक्के लगाते दिखेंगे। युवराज अगले माह जुलाई में इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पूर्व क्रिकेटरों के टूर्नामेंट 'वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में 'इंडिया चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा इंग्लैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की पूर्व खिलाड़ियों की टीमें हिस्सा लेगी।

'इंडिया चैंपियंस टीम में युवराज के अलावा हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू और यूसुफ पठान जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय टीम अपने मुकाबले एजबेस्टन, बर्मिंघम और नॉर्थम्पटनशर में खेलेगी। टीम की जर्सी के अनावरण के अवसर पर टीम के मालिकों के साथ पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह और पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा भी मौजूद थे।

रैना ने इस मौके पर कहा कि वह 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि युवराज और हरभजन के साथ हमने पाकिस्तान के साथ कई मैच खेले हैं। जब आप देश का प्रतिनिधित्व करते हैं तो अच्छा करने की कोशिश होती है। हम इंग्लैंड में पाकिस्तान का सामना करने का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेशेवर खेल से संन्यास जरूर लिया है पर दिल से कभी क्रिकेट नहीं हटेगा।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के लिए 'इंडिया चैम्पियंस की टीम इस प्रकार है

युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू, यूसुफ पठान, गुरकीरत मान, राहुल शर्मा, नमन ओझा, राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, विनय कुमार, धवल कुलकर्णी।

प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के तीसरे दौर में गुकेश से ड्रा खेला

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गये। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे। अभी 350000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

नौनिहालों को बूथ पर लाएं, दो बूंद जिंदगी की पिलाएं

» राष्ट्रीय पोलियो अभियान आज से, जिलेभर में निकली रैलियां, हुई जागरूकता गतिविधियां

श्रीगंगानगर। जिले में रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा। पहले दिन बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर लोकबंधु ने विडियो संदेश जारी आमजन से बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का आह्वान किया, वहीं अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित नहीं रहना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि रविवार को जिला कलेक्टर लोकबंधु स्थानीय शिक्षण संस्थान में नौनिहालों को दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत करेंगे। पोलियो अभियान को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए जिला स्वास्थ्य भवन से रवाना हुई जिलास्तरीय रैली को सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला एवं पोलियो प्रभारी एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता ने हरी झंडी दिखाई। वहीं डॉ. संजय राठी, राकेश सिब्बू एवं गगनदीप आदि मौजूद रहे। इस दौरान ''एक भी बच्चा छूटा, समझो सुरक्षा चक्र टूटा'' के नारों के साथ युवाओं व आमजन ने जोश दिखाया और अभियान के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। जिलास्तरीय रैली स्वास्थ्य भवन से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए वापिस कार्यालय पहुंची। इससे पूर्व अभियान की सफलता के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान जिला कलेक्टर लोकबंधु ने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो दवा पिलाई जाए, किसी भी स्तर पर कोई बच्चा दवा से वंचित न रहे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो दवा अवश्य पिलवाएं। पहले दिन दवा से वंचित रहने वाले बच्चों को आगामी दो दिन में हर हाल में दवा पिलाई जाए।

कंट्रोल रूम गठित

एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता ने बताया कि विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है, फिर भी यदि तीन दिवस में कोई बच्चा दवा से वंचित रह जाता है तो कंट्रोल रूम नंबर 0154-3590167 पर सूचना अवश्य दें ताकि वंचित बच्चों को दवा पिलाई जा सके।

श्रीगंगानगर जिले के करीब सवा लाख बच्चे गटकेंगे दवा

सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि विभाग की ओर से करीब एक लाख 30 हजार बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार को 808 बूथ स्थापित किए गए हैं, जो सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक क्रियाशील रहेंगे, जबकि 12 मोबाइल बूथ और 32 ट्रांजिट टीमें भी कार्य करेंगी।इसके बाद सोमवार व मंगलवार को डोर टू डोर दवा पिलाने के लिए 2594 टीमें रहेंगी। वहीं पहले दिन की तरह दोनों दिन 12 मोबाइल बूथ और 32 ट्रांजिट टीमें भी कार्य करेंगी। हाई रिस्क एरिया को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं, जहां विशेष गतिविधियां आयोजित होंगी और सघन निगरानी की जाएंगी। तीनों दिन 140 सुपरवाइजर पोलियो अभियान की मोनिटरिंग करेंगे।

कविता सिहाग डीएसओ बनने के बाद गांव में पहुंचे पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत

तेज. रिपोर्टर | थालड़का

गांव भगवान की बेटी कविता सिहाग (आरएएस)ने जिला रसद अधिकारी बनते पहली श्रीगंगानगर में डीएसओ का पदग्रहण करने के बाद पहली बार शनिवार को पैतृक गांव भगवान में पहुंचे पर ग्रामीणों ने मुख्य बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं मौजूद । ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर और राजस्थानी साफा एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर गांव के युवाओं महिलाओं नाच गाकर के खुशियां जाहिर की और पूरे गांव में रैली निकाल करके स्वागत किया गया। रैली में गांव में जगह-जगह कविता सिहाग का स्वागत किया गया । आपको बताते कि कविता सिहाग पुत्री कृष्ण लाल सिहाग जो मूलरूप से गांव (भगवान) तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ़ की रहने वाली है। कविता सिहाग ने बताया कि मेरी मेहनत और गुरुजनों के आशीर्वाद और माता-पिता के आशीर्वाद से आज इस पद पर पहुंची हूं। कविता सिहाग ने सबसे पहले सरकारी नौकरी ग्राम सचिव पद पर, उसके बाद में पुलिस विभाग में एसआई के पद पर कार्य कर चुकी है। बताया कि अभी जिला रसद अधिकारी के पद पर ज्वाइन करने के बाद सबसे पहले प्राथमिकता जनता की सेवा और ईमानदारी से कार्य करना पहली प्राथमिकता रहेगी। कविता सिहाग की लगातार मेहनत से गांव, तहसील और जिले का नाम रोशन हुआ है। बताया कि अभी तो और आगे बढ़ाना है। अभी मेरा सपना और बड़ा है उसे पूरा करना है। मेहनत करते जाओ कामयाबी आपका कदम चूमेगी । गांव और तहसील क्षेत्र में पहले आरएएस अधिकारी बनी है कविता सिहाग इसलिए क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर उपजिला प्रमुख मुकेश सहारण, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा, अमरसिंह चौहान व्याख्याता, मनीराम सिहाग, देवीराम सिहाग, राम सिंह बेनीवाल, अमर सिंह सिहाग जेईयन, मदनलाल सहारण, बृजलाल सिहाग, सुनील शर्मा, शीशपाल सिहाग, सुरेंद्र सिहाग, जीतू, मोनू, राजेंद्र भूपसिंह सहित काफी संख्या लोगों मौजूद रहे।

आज पोलियो रोधी दिवस,बच्चों को पिलाएंगे दो बूंद जिंदगी की

पीलीबंगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आज रविवार को 30 जून रविवार को पोलियो रोधी दिवस मनाया जाएगा। बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा के अनुसार चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवा विभाग के तत्वावधान में भारत को पोलियो मुक्त बनाने के उद्देश्य से जीरो से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दो बूंद पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। बीसीएमओ डॉ. अरोड़ा ने बताया कि पीलीबंगा ब्लॉक में कल 162 पोलियो बूथ बनाए गए हैं जहां पर 19716 ग्रामीण क्षेत्र एवं 2963 शहरी क्षेत्र के बच्चों के अलावा 61 ईट भट्ठा पर कार्यरत श्रमिक परिवारों के छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी।ब्लॉक के निर्धारित सभी पोलियो बूथ पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रथम पेज का शेष...

छह महीने में...

से भी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं नवनियुक्त कार्मिक जुड़े।

रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस दिशा में प्रदेश में जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क, भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तथा हैंडीक्राफ्ट पार्क स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन, निर्माण, सेवा, एमएसएमई, कृषि, गैर-परंपरागत ऊर्जा में निवेश एवं ढांचागत सुधारों के जरिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, स्किल डवलपमेंट के माध्यम से युवाओं में कौशल संवर्द्धन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा करने वाले सावधान रहें, क्योंकि प्रदेश में सरकार बदल गई है और युवाओं के हितों पर कुठाराघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सरकार का गठन होते ही पेपरलीक मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है।

सीएम ने किया संवाद

मुख्यमंत्री शर्मा ने राजकीय सेवाओं में नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद भी किया। प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी आकांक्षा दुबे ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर नवनियुक्त कार्मिक ललित कुमार, श्री हरीश परिहार ने कहा कि राज्य सरकार ने 6 माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति प्रदान की है, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हैं। नीमकाथाना जिले से वरिष्ठ उपाध्याय (प्राध्यापक) उदय शर्मा ने शीघ्र नियुक्ति देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रीट पेपर लीक का दंश वह झेल चुके हैं इसलिए सरकार द्वारा पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई सराहनीय है। जोधपुर से शिक्षा विभाग में व्याख्याता ओमाराम ने कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं। उनका सरकारी नौकरी लगने का सपना पूरा हुआ है। इस नौकरी के जरिए वह शिक्षा का उजियारा फैलाएंगे।

मंत्रियों ने भी रखी अपनी बात

कार्यक्रम में कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजकीय सेवाओं में नवनियुक्त कार्मिक मेहनत एवं लगन से समाज और जरूरतमंद की मदद करके सकारात्मक परिवर्तन लाएं। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्यस्थल पर अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजकीय सेवा में आकर जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकता है। उन्हें उम्मीद है कि नवनियुक्त कार्मिक अच्छा कार्य करेंगे। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसला लेकर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को राजकीय सेवाओं में आने की प्रेरणा मिलेगी। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री श्री के.के. विश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समाज के सभी वर्गों के हितों में जनकल्याणकारी फैसले लिए हैं। विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

सीएस का भाषण वायरल

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पेपर लीक को लेकर पिछली गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए बयान दिया। पंत का बयान सोशल मीडिया पर ज्यादा सुर्खियों में रहा। उन्होंने पिछली सरकार में हुई परीक्षाओं में गड़बड़ी का जिक्र किया। कहा कि पिछली सरकार में परीक्षाओं की क्रेडिबिलिटी पर प्रश्न लग गया था अब नई सरकार आई है तो युवाओं का भरोसा वापस लौटा है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की प्रणाली पर उठे सवालों को भाजपा सरकार में ठीक कर लिया गया है। मुख्य सचिव का यह बयान सियासी गलियारों के साथ सोशल मीडिया में भी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। अब इस बयान से जुड़ी पोस्टों पर लोग धड़ाधड़ सवाल भी दाग रहे हैं। कई लोग सीएस के इस बयान को राजनैतिक बता रहे हैं और पूछ हैं कि क्या ब्यूरोक्रेट राजनीतिक बयान दे सकते हैं। हालांकि कुछ लोग इसे सीएस और गहलोत की अदावत का नतीजा बता रहे हैं। गहलोत ने पिछले दिनों पंत को एडहॉक सीएम बताते हुए कहा था कि भजनलाल तो सिर्फ फेस हैं काम तो सारे सीएस ही कर रहे हैं। आज जब सीएस ने सार्वजनिक मंच से पिछली सरकार में पेपर लीक को लेकर बयान दिया तो लोगों ने कमेंट बॉक्स में यह भी पूछा कि आप भी पिछली सरकार में राजस्थान में ही तैनात थे। पंत ने कहा कि छह महीने पहले सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह कोशिश रही है कि युवाओं को ना केवल रोजगार दिए जाएं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खोले जाएं। उन्होंने कहा कि एंटी चीटिंग टास्क फोर्स के गठन के साथ ही प्रदेश में पेपर लीक माफिआओं पर लगाम लगाने में कामयाबी मिली है।

अब किसी भी...

(अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989. कानूनी रूप से इस प्रावधान के अंतर्गत नहीं आता है। इसलिए, एफआईआर किसी भी प्रारंभिक जांच के बिना दर्ज करनी होगी। धारा 173- संज्ञेय मामलों में एफआईआर किसी भी थाने में दर्ज करवाई जा सकती है। एफआईआर इलेक्ट्रॉनिक सूचना द्वारा भी दी जा सकती है, लेकिन सूचनाकर्ता को तीन दिन के भीतर हस्ताक्षरित करनी जरूरी होगी।

अधिकारी के लिए भी सजा का प्रावधान

बीएनएस की धारा 199 (सी) में धाराएं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएएस) 2023 की धारा 173 (3) में सजा का प्रावधान 3 से 7 साल है। इन अपराधों के लिए प्रारंभिक जांच का विकल्प उपलब्ध नहीं है। कोई भी अधिकारी जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 173 (1) के तहत दी गई जानकारी को दर्ज करने में विफल रहता है। धारा 64, धारा 65, धारा 66, धारा 67, धारा 68, धारा 70, धारा 71, धारा 74, धारा 76, धारा 77, धारा 79, धारा 124, धारा 143 या धारा 144 के अंतर्गत संज्ञेय अपराध के संबंध में दंडनीय है। 2 छह माह से 2 साल तक कठोर कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है।

गैंगस्टरों के नाम...

तत्पश्चात व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि- उसे जान प्यारी नहीं है क्या? फोन कॉल उठाओ! डा. जैन के मुताबिक अगले दिन 26 जून को सुबह 6 बजे तथा फिर 10 बजे के आसपास दो-तीन बार इसी प्रकार से फोन कॉल तथा व्हाट्सएप पर मैसेज आए। अज्ञात बदमाशों द्वारा फिर से उनको मृत्यु का भय दिखाकर रुपयों की मांग की जा रही है। पुलिस ने बताया कि डॉ. जैन को पिछले वर्ष भी धमकियां मिली थीं। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच की गई?। जांच पड़ताल के बाद चंदन सिडाना, गुरविंदरसिंह गुरी, हर्ष उर्फ काकू, रहमान उर्फ बबलू,मणिशंकर उर्फ मनी तथा रितिक बॉक्सर को गिरफ्तार किया गया था। रितिक बॉक्सर, लॉरेंस बिश्नोई का करीबी और शातिर गुर्गा है। वह जयपुर में एक होटल एंड बार पर रात्रि के समय फायरिंग करने की एक बहुत चर्चित घटना में भी शामिल रहा था। पुलिस ने बताया कि हरीश से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि डॉक्टर जैन के अलावा भी अन्य व्यक्तियों को रंगदारी की धमकियां दी गई है या नहीं हरीश के साथ कोई और भी शामिल है या नहीं इसका भी पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

एडब्ल्यूएसएम माइनर...

सड़कों के निर्माण की आवश्यकता है। इसके लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में प्रावधान किया जाए। सीएम के नाम लिखे तीसरे पत्र में राजस्थान राज्य में शराब की दुकानों का समय रात्रि 10 बजे तक करने को कहा गया है। पत्र में बताया गया है कि राजस्थान राज्य में वर्तमान में शराब की दुकानों के खुलने का समय सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक है। साधारणतया रात्रि 8 बजे तक व्यक्ति अपनी व्यापारिक/रोजगार संबंधी गतिविधियों से निवृत नहीं हो पाता। इस कारण रात्रि 8 बजे शराब की दुकानों पर भीड़ के कारण अव्यवस्था बढ़ती है और आमजन रात्रि 8 के उपरांत अवैध रूप से शराब खरीदने के लिए बाध्य हो जाता है। इससे राज्य सरकार को राजस्व की हानि होती है। अन्य राज्यों पंजाब व हरियाणा में शराब की दुकानों का समय रात्रि 12 बजे तक, उत्तरप्रदेश में रात्रि 10 बजे तक व मध्यप्रदेश में रात्रि 11.30 बजे तक निर्धारित है। वर्तमान में करीब 50 प्रतिशत शराब ठेके लम्बित पड़े हैं, जो कि वर्तमान नीति के इज ऑफ डूइंग बिजनेस के विपरीत होने के कारण इस व्यापार में शराब ठेकेदारों की उदासीनता का कारण है। इससे राज्य सरकार के राजस्व पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए कानून व्यवस्था एवं राज्य राजस्व हितों के मद्देनजर शराब की दुकानों के बंद होने का समय रात्रि 8 बजे के स्थान पर रात्रि 10 बजे तक किए जाने के आदेश जारी किए जाएं।

पूर्व आईएएस ललित...

गठित नवीन जिलों की प्रशासनिक आवश्यकताओं, वित्तीय संसाधनों सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा का फैसला किया गया था। हाल ही में इस सन्दर्भ में मंत्रिमण्डलीय उप-समिति का गठन भी किया गया है। नवगठित कमेटी मंत्रिमण्डलीय उप-समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

गंगनहर में पानी...

पूरा पानी पहुंच सके ताकि यहां से गंगकैनाल को पूरा पानी मिल सके। पंजाब में बीकानेर कैनाल व ईस्टर्न कैनाल की साफ-सफाई करवायी जाकर दोनों नहरों के पट्डों को मजबूत कर आरडी 45 हैड से गंगकैनाल में पूरा पानी चलाया जा सकता है। आरडी 45 हैड से लेकर गंगानगर जिले में शिवपुर हैड तक की नहर की लाईनिंग दुबारा बनायी जाये तथा इसके दोनों ओर सड़क बनायी जाकर पटड़ों को मजबूत किया जाये। इंदौरा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को बताया कि फिरोजपुर फीड़र के निर्माण के दौरान दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था आईजीएनपी के लौहगढ़ हैड से बनी लिंक चैनल से गंग नहर में पानी लिया जा सकता है।लिंक चैनल की भी साफ-सफाई करवाने की व्यवस्था की जाये। भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीएमबीबी) राज्यवार सिंचाई पानी का शेयर तय करता है, लेकिन इसका नियंत्रण पंजाब के पास है जो कि सही नहीं है। बीएमबीबी को पानी का नियंत्रण अपने हाथों में लेना चाहिये ताकि सिंचाई पानी वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आये। ऐसा होने से पंजाब सरकार अपनी मनमानी नहीं कर पायेगी। उन्होंने बताया कि भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड में राजस्थान सरकार का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। इस कारण बीएमबीबी में हम हमारे राजस्थान के किसानों के हितों का पक्ष नहीं रख पाते। कृप्या बीएमबीबी में राजस्थान को प्रतिनिधित्व दिलाने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि पूरा पानी नहीं मिलने के कारण श्रीगंगानगर के किसान सड़कों पर आन्दोलित है व संघर्ष कर रहे हैं। इस क्षेत्र का अन्नदाता संकट में होने के कारण सिंचाई पानी की समस्या का वे व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर समाधान करावें।

नदी में बहने से पांच जवानों की मौत

नई दिल्ली. लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में लाइन ऑफएक्चुअल कंट्रोल के पास श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से सेना के 5 जवान बह गए। सभी की मौत हो गई है। इनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर भी थे। घटना शुक्रवार की रात करीब 1 बजे की है। जानकारी शनिवार को सामने आई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक सेना के जवान मिलिट्री एक्सरसाइज के बाद देर रात टी-72 टैंक से लौट रहे थे। मिलिट्री टैंक ईस्टर्न लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे। लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक, हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन नदी में तेज बहाव और बढ़े जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि श्योक नदी के ऊपरी इलाके में बारिश के चलते अचानक पानी बढ़ गया। रात होने के चलते जवानों को इसका पता नहीं चल सका। आमतौर पर टी-72 टैंक पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। हालांकि हादसे के वक्त टैंक पर 5 जवान सवार थे। टी-72 टैंक 5 मीटर (16.4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायमीटर वाले स्नोर्कल की मदद से नदी पार करता है। पानी के अंदर टैंक का इंजन बंद होने पर इसे 6 सेकेंड के भीतर चालू करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं करने पर कम दबाव होने के कारण इंजन में पानी भर जाता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों को रीब्रीदर दिया जाता है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- लद्दाख में नदी के पार टैंक ले जाते समय हादसे में हमारे पांच बहादुर सेना के जवानों की जान जाने पर दुख हुआ। हम राष्ट्र के प्रति अपने वीर सैनिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा-लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम सभी शहीद जवानों के परिजनों के साथ खड़े हैं।

सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान, दीर्घायु होने की मंगल कामना

पीलीबंगा। केंद्रीय राज्य फॉर्म से सेवानिवृत हुए टेक्निकल कार्मिक बग्गा सिंह के रिटायरमेंट पर शनिवार रात्रि को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। एडवोकेट संजीव आहूजा, सरपंच प्रतिनिधि फिरोज बोदला, एड. मनीष आहूजा, लावण्या सहित ग्रामीणों ने कठिन परिश्रम एवं मेहनत के साथ लगभग तीन दशक से अधिक समय तक राजकीय सेवाएं देने वाले बग्गा सिंह का सम्मान करते हुए उनके दीर्घायु होने की मंगल कामना भी की।अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रोजाना अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ-साथ आमजन के साथ भी उनका मृदुल स्वभाव होने के कारण अमिट छाप होने पर उनका आभार जताते हुए भविष्य में भी रिटायरमेंट के बाद इसी प्रकार आमजन से जुड़ाव रखने का आग्रह किया।इस दौरान काफी संख्या में केंद्रीय फॉर्म के कार्मिक और ग्रामीण भी मौजूद रहे।

खिनानिया वितरिका में आया अज्ञात व्यक्ति का शव

चारणवासी। क्षेत्र की खिनानिया वितरिका में शुक्रवार को हरियाणा से बहकर आए अज्ञात के शव को देर रात ग्रामीणों की मदद से निकालकर मोर्चरी भिजवाया गया। चारणवासी के पास शाम 5 बजे वितरिका में मामूली पानी होने से आस पास काम में लगे किसानों को बदबू आने पर नहर में जाकर देखा तो वहां पर एक अज्ञात पुरुष का शव था। फेफाना पुलिस थानाधिकारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। शव 30 साल के आसपास की उम्र का पुरुष होना प्रतीत हुआ। शव काफी गला होने के कारण अनुमान है 20-25 दिन पुराना शव है। शरीर पर कपड़े नहीं और पहचान होना भी मुश्किल है। जानकारी सीमावर्ती राज्य के भाखड़ा बेल्ट से जुड़े क्षेत्र के थानों में भिजवाकर शिनाख्त के प्रयास करेंगे।

शिक्षण समिति की हुई बैठक, विद्यार्थी सुरक्षा सर्वोपरि एवं विद्यार्थियों को खेलों से अधिकाधिक जोड़ने का लक्ष्य

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

शिक्षण समिति की एक बैठक शनिवार को अध्यक्ष स.जगजीत सिंह सिद्धू की अध्यक्षता में हुई।संस्था सचिव अशोक गोयल ने बताया कि बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय संचालन,स्टाफ की नियुक्ति, विद्यार्थी सुरक्षा सर्वोपरि एवं विद्यार्थियों को खेलों से अधिकाधिक जोड़ने,उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर भविष्य की रणनीति बनाई गई।इसके अलावा वर्ष भर शिक्षण समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले कार्यों पर भी विचार विमर्श किया गया। इससे पूर्व बीते सत्र के परीक्षा परिणाम पर भी बैठक सदस्यों ने अपने अनुभव व्यक्त कर सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं स्टाफ के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना भी की। प्रिंसिपल परमजीत कौर ने विद्यालय के भौतिक संसाधन, आवश्यकता और उपयोगिता सहित इस वर्ष के स्कूल के फ्यूचर विजन और निर्धारित लक्ष्य की जानकारी देकर श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम का भरोसा दिलाया।बैठक में उपाध्यक्ष प्रदीप दुग्गड,कोषाध्यक्ष जितेंद्र गोयल(जिम्मी), उप सचिव अमित मरेजा,भागीरथ पारीक आदि मौजूद थे।

डींगवाला पंचायत सर्किल में निर्माण विकास करवाने की मांग

पीलीबंगा। पंचायत सर्किल में निर्माण विकास करवाने की मांग करते हुए सरपंच गोगा बीवी बोदला ने विधायक विनोद गोठवाल को आग्रह पत्र लिखा है।सरपंच के भेजे ज्ञापन में बताया कि पंचायत मुख्यालय के राजकीय विद्यालय में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा,स्कूल में अत्यधिक जिम सेंटर बनाने अमरपुरा ढाणी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कमरों का निर्माण, ख्वाजा ईंट भट्ठा से चक 19 पीबीएन विधालय तक सीसी ब्लॉक सड़क का निर्माण, अमरपुरा ढाणी के सरकारी विद्यालय में कमरे बनवाने, डींगवाला के सरकारी स्कूल में सीसी ब्लॉक लगवाने, डींगवाला कब्रिस्तान की चार दिवारी और मुख्य गेट निर्माण सहित अन्य अति आवश्यक निर्माण कार्यों की स्वीकृति विधायक निधि मद से करवाने की मांग की है। सरपंच गोगा बीवी ने बताया कि पंचायत द्वारा भी इसके अलावा विभिन्न निर्माण विकास कार्य करवाए जा रहे है शीघ्र ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण की दिशा में पंचायत द्वारा विशेष कार्य योजना बनाई गई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत अरड़की पंचायत समिति नोहर, जिला हनुमानगढ़

क्रमांक/निविदा/2024-2025/13 दिनांकः - 28/06/2024

ई-निविदा सूचना 01/2024 2025

ग्राम पंचायत अरड़की में पन्द्रहवा वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यो मय एक वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) के हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के संशोधित नियम 181 (1) के तहत पंचायतीराज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वा. अभि. विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य 1 दिनांक 8.7.2024 समय 11.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । विस्तृत जानकारी / शर्ते कार्यालय में देखी / प्राप्त की जा सकती है।

जिसका नम्बर Bid document uploaded on NIB code ZHG2425A0021 and| UBN is: ZHG2425WSOB0034 है।

(पूजा)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अरड़की

(कलावती)
सरपंच
ग्राम पंचायत अरड़की

आपसी समन्वय से काम करें जनता को राहत दें अधिकारी: वंदना आर्य

» जिला परिषद साधारण सभा की बैठक में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क सहित जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मसलों पर हुआ मंथन

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला प्रमुख वंदना आर्य की अध्यक्षता में शनिवार को जिला परिषद सभागार में हुई जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में सांसद राहुल कस्वां, चूरू विधायक हरलाल सहारण, तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, सुजानगढ़ प्रधान मनभरी देवी सहित जिला परिषद सदस्यों ने क्षेत्र के विकास से संबंधित बिंदुओं पर मंथन किया। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए और कहा कि बैठक में लिए गए निर्णयों की गंभीरता से पालना सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कर रही जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि अधिकारी बैठक में हुए विचार-विमर्श और निर्देशों को गंभीरता से लें और यह देखें कि किसी भी विभाग की लापरवाही के कारण आमजन को असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी सामंजस्य से काम करें और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मसलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। सांसद राहुल कस्वां ने जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, विद्युत व्यवस्थाओं सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों की ओर से आने वाले पत्रों, फोन कॉल्स का रिकॉर्ड संधारित करें और उनके द्वारा बताए जाने वाली समस्याओं का समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के कामों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने चूरू क्षेत्र की पेयजल समस्याओं, जल जीवन मिशन के कार्यों के कारण टूटी सड़कों को दुरुस्त करवाने सहित विभिन्न मसलों की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा कंपनी की गड़बड़ी या बैंक की लापरवाही का नुकसान किसान को नहीं होना चाहिए। विधायक नरेंद्र बुडानिया ने तारानगर क्षेत्र की पेयजल एवं बिजली आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिकारियों को अधिक समन्वय व सक्रियता के साथ काम कर आमजन को राहत देनी चाहिए। उन्होंने तारानगर उप जिला अस्पताल के निर्माण कार्य तथा व्यवस्थाओं को लेकर सुधार की जरूरत बताई। सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि आमजन के राजस्व से संबंधित छोटे-छोटे प्रकरण कार्मिकों की लापरवाही के कारण लंबे समय तक लंबित रहते हैं, इसमें सुधार होना चाहिए। उन्होंने सड़कों के निर्माण में अनावश्यक मोड़ दिए जाने से होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने क्षेत्र के विकास कार्यों एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की और कहा कि मानसून के दौरान होने वाले पौधरोपण कार्यों में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा पौधे सर्वाइव कर सकें। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने रेवेन्यू से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया और बिजली कटौती से आमजन को होने वाली परेशानी को देखते हुए व्यवस्थाओं में सुधार पर बल दिया। गोदारा ने किसानों की अनाज तुलाई के लंबित भुगतान की चर्चा कर राजफैड द्वारा जारी आदेश की जानकारी देते कहा कि किसानों का लंबित भुगतान यथाशीघ्र करवाया जाए, जिस पर जिला कलक्टर ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिनों में प्रकरण का समुचित निस्तारण करें। उप प्रमुख महेंद्र न्यौल ने ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि जन समुदाय से जुड़ी योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार होना चाहिए। बैठक में चूरू प्रधान दीपचंद कस्वां ने फसल बीमा, पेयजल, ऊर्जा, चिकित्सा और ग्रामीण विकास से जुड़े बिंदुओं पर बेहतर ढंग से काम करने की जरूरत बताई। तारानगर प्रधान संजय कस्वां ने विभिन्न मसलों की ओर ध्यान आकर्षित किया और पेयजल, बिजली आदि से जुड़ी बुनियादी समस्याओं की ओर से ध्यान आकर्षित किया। जिला परिषद सदस्य राजकुमार सिहाग ने भुखरेड़ी ग्राम सहकारी समिति के कर्मचारी के उपस्थित नहीं मिलने की बात रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने अधिकारियों को समुचित जांच करवाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जल जीवन मिशन के कार्यों की हो निगरानी, आमजन को मिले शुद्ध पेयजल

» जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक शनिवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिला कलक्टर ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार जल जीवन मिशन के कार्यों की निगरानी करने एवं आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य चल रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा करवाएं। विभाग के अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर लें कि जल जीवन मिशन के सभी कार्यों में गुणवत्ता संबंधी सभी मापदण्ड पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर घर जल के लिए जो लक्ष्य हैं, उन्हें शीघ्र पूरा करवाएं। जिन ग्राम पंचायतों में नल जल मित्र का चयन नहीं किया गया है, वहां ग्राम पंचायतों से सम्पर्क कर जल नल मित्र का चयन करवएं, ताकि जल योजनाओं का संधारण सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की जांच थर्ड पार्टी एजेन्सी से करवाकर ही संबंधित ठेकेदारों का भुगतान करें। इसके अलावा विभागीय स्तर पर गठित गुणवत्ता जांच कमेटी के माध्यम से भी कार्यों की गुणवत्ता की जांच करवाई जाए। जो गांव सौ प्रतिशत हर घर जल की श्रेणी में आ चुके हैं, उनके प्रमाण पत्र संबंधित ग्राम पंचायत से प्राप्त कर इसे आईएमआईएस की साइट पर अपलोड करें एवं 5 जुलाई को होने वाली ग्राम सभाओं में हर घर जल प्रमाण पत्र प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष में आने वाली शिकायतों का तुरंत निराकरण करें एवं निवारण के बाद संबंधित अधिशासी अभियंता उसका वेरीफिकेशन भी करवाएं। सभी अधिकारी अपने फोन चालू रखें एवं शिकायतकर्ता का फोन उठाएं। उसकी समस्या का तुरंत समाधान करें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी विद्युत निगम के अधिकारियों के भी सम्पर्क में रहें, ताकि बिजली आपूर्ति में बाधा के दौरान उसका तुरंत निराकरण हो सके। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं मिशन के सदस्य सचिव आशीष गुप्ता ने प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया कि जिले में 1192 गांवों के लिए 333 योजनाएं स्वीकृत हैं। इन सभी गांवों की योजनाओं की तकनीकी स्वीकृतियां भी हो चुकी हैं एवं निविदाएं भी आमंत्रित की जा चुकी है। इनमें से 1162 गांवों के लिए 328 योजनाओं के कार्य आदेश जारी हो चुके हैं एवं 124 योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा 204 योजनाओं के कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं, जिनसे 619 गांव लाभान्वित होंगे। उन्होंने हर घर जल प्रमाणीकरण संबंधी विवरण भी प्रस्तुत किया। विभाग के अधिशासी अभियंता एवं तकनीकी सहायक प्रथम पुरूषोत्तम लाल, अधिशासी अभियंता मोहनलाल अरोडा, सतीश अरोडा एवं रामलाल मित्तल ने खंडवार विवरण प्रस्तुत किया। कलक्टर ने उनसे ब्लॉकवार विवरण भी लिया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह, सहायक अभियंता एवं तकनीकी सहायक द्वितीय बीडी दायमा, प्रशान्त खैरवा, मोनिन्द्रजीत सिंह, अमरजीत सिंह सहित कनिष्ठ अभियंतागण भी मौजूद थे।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुमेर सिंह मेघवंशी का सम्मान

चूरू. जगदीश सोनी। डाइट में आयोजित सम्मान समारोह में सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुमेर सिंह मेघवंशी को अतिथियों ने अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एंव डाइट प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि मेघवंशी ने विभाग के लिए उल्लेखनीय कार्य कर विभाग में सर्व समाज के लिए कार्य किये। आप लोग भी समाजहित के कार्य करे ताकि आप लोगो को भी सम्मानित किया जा सके। इस अवसर पर सुमेर सिंह ने डाइट में एयरकंडीशन प्रदान की। इस अवसर पर उमा सारस्वत, विजयलक्ष्मी शेखावत, कुसुम शेखावत, संत कुमार, अमित ढाका, ओमप्रकाश बारूपाल, गिरीश स्वामी, संदीप महरोलिया, ओमप्रकाश कस्वां, प्रवीण माहिया, संजय, राजकुमार, अफजल अली, बजरंगलाल मीणा, नरेंद्र उपाध्याय, सांवतराम बरोड़ आदि ने कार्यक्रम में सम्बोधित किया। संचालन पीयूष शर्मा ने किया।

समिति ने स्कूल को प्रदान की आलमारी

चूरू. जगदीश सोनी। हनुमानप्रसाद सीताराम सेवा समिति रतनगढ़ की ओर से राजकीय महावीर उच्च प्राथमिक स्कूल को स्टील की आलमारी दी गई। संस्था प्रधान डूंगरमल कंवल ने बताया कि समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने पुत्र सचिन दाधीच के जन्मदिन शिक्षक पर राकेश गहलोत की प्रेरणा से आलमारी दी है। एसएमसी सदस्य जयेश सांकृत्य की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम शर्मा, सचिन दाधीच व माही शर्मा थे। अध्यापिका निर्मला रूहेला, धीरेंद्र सांकृत्य, मोहम्मद अनवार खान, भारत भूषण चौमाल मौजूद रहे। संचालन राकेश गहलोत ने किया।

आंकड़ों के आधार पर बनती हैं योजनाएं इसलिए सांख्यिकी अहम : शेखावत

चूरू। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, चूरू की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में 18वें सांख्यिकी दिवस पर शनिवार को सांख्यिकी के जनक प्रो. पी.सी.महालनोबिस के जन्म दिवस पर 'निर्णयन में समंको की उपयोगिता' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, एसीईओ दुर्गा ढाका, संयुक्त निदेशक (आईटी) मनोज गरवा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। अति जिला कलक्टर शेखावत ने विभागीय प्रकाशन 2023 एवं एसडीजी 2022-23 के प्रकाशन की पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर एडीएम शेखावत ने कहा विभिन्न बिंदुओं पर एकत्र सूचनाओं व आंकड़ों के आधार पर ही योजनाओं का निर्माण होता है, इसलिए सांख्यिकी और आकंड़े अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उप निदेशक पूजा मीणा ने विभाग में हो रहे नवाचारों एवं सांख्यिकी दिवस के उदेश्य एवं महत्व के बारे में अवगत करवाया। कार्यशाला में जिले एवं ब्लॉक कार्यालयों में कार्यरत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही अन्य विभागों में कार्यरत सांख्यिकी अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी कपिल देव, मो जुल्कर खान, समेर सिंह, सुभाषचन्द्र जोशी एवं सांख्यिकी अधिकारी मो. सलीम तथा सांख्यिकी निरीक्षक कृष्ण कुमार नानवाल, सुरेन्द्र एवं संगणक हेमन्त कुमार शर्मा को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

भाविप महिला प्रगति शाखा द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित

भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की 104वीं जयंती को सेवा पखवाड़े के तहत मनाते हुए किया सेवा कार्य

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा, श्रीगंगानगर द्वारा भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की 104वीं जयंती को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाई गई। अग्रसेन नगर स्थित होल्कर वाटिका में हुए कार्यक्रम में महिला प्रगति शाखा अध्यक्ष ममता अरोड़ा ने डॉ. सूरज प्रकाश के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा भारत विकास परिषद की स्थापना व उपलब्धि पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सेवा कार्य करते हुए जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री एवं स्टेशनरी वितरित की गई। अध्यक्ष श्रीमती ममता अरोड़ा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि शिक्षा हमें सभ्य इंसान बनाती है तथा हमें रोजगार करने लायक बनाती है अर्थात यह हमें जीवन में अपने पैरों पर खड़ा होने का सामर्थ्य प्रदान करती है। शिक्षा हमारे व्यक्तित्व, चरित्र, और आदर्शों का निर्माण करती है। शिक्षा हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है और हमें देश के विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर देती है। उन्होंने बच्चों को उनकी शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यथासंभव सहयोग का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर संरक्षक मंजू गर्ग, अध्यक्ष ममता अरोड़ा जैन, सचिव शिवानी गोयल, कोषाध्यक्ष चेतना, सीरत छाबड़ा, सविता सिंह, भारती, सुनीता आचार्य, गीता कपूर राधा भांबरी सहित भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

सांख्यिकी दिवस समारोह में किया उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

प्रोफेसर प्रशान्त चन्द महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में दिये गये योगदान के उपलक्ष में उनके जन्म दिवस 29 जून पर 18वां सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन जिला परिषद सभागार में कार्यालय उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्रीगंगानगर द्वारा मनाया गया। समारोह में जिला, ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों, अन्य विभागों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। समारोह में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सही उतर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विभाग द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों के तहत सतत विकास लक्ष्य 2030, जन्म-मृत्यु पंजीयन, जन आधार योजना, संस्था आधार रजिस्ट्रेशन व अन्य विभागीय कार्यों की पीपीटी बनाकर प्रदर्शित की गई। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सांख्यिकी की महता के बारे अपने विचार प्रस्तुत किये गए। सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक मोहनलाल ने सांख्यिकी के कार्या व इसके महत्व के बारे में प्रकाश डाला। सांख्यिकी विभाग से सेवानिवृत अनिल कुमार शर्मा को शॉल ओढाकर, सम्मान प्रतीक भेंट किया। इसके अलावा सांख्यिकी सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी- किरणदीप कौर, राजीव शर्मा, सरीना शर्मा, सरिता चौधरी, राजूराम सारण, जाफर अली, हरजिन्द्र सिंह, अनिल कुमार, मुकेश पूनिया, विक्रम सिंह, पवन कुमार, मन्दीप सिंह, सुधीर बिश्नोई, माया रानी, किरण देवी, अशोक कुमार को सम्मानित किया गया। मंच संचालन हनुमान प्रसाद ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी श्रीगंगानगर द्वारा किया गया। प्रश्नोतरी का कार्य शिल्पा रानी व दीपक कुमार द्वारा किया गया। किरणदीप कौर ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सादुलशहर द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

हिमांशु का स्काउट आवासीय विद्यालय में चयन

चूरू। गांव दांदू के हिमांशु पुत्र अशोक कुमार झाझडिया का राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड आवासीय विद्यालय खुड़ी बड़ी, लक्ष्मणगढ़ में चयन हुआ है। सरकार द्वारा सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम में संचालित इस विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए मात्र 25 सीटों के लिए पहले प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है और उसके बाद प्रवेश मैरिट में आने पर चयन होता है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा और रहन-सहन सरकार की तरफ से निःशुल्क होता है। हिमांशु झाझडिया का राजस्थान स्काउट आवासीय विद्यालय खुड़ी बड़ी, लक्ष्मणगढ़ में चयन हुआ है।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लाभार्थियों को आज मिलेगी प्रथम किस्त

» नई धानमंडी स्थित व्यापार मंडल हॉल में दोपहर 12 बजे होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

श्रीगंगानगर। राज्य सरकार की किसान उत्थान की दिशा में बजट में घोषित मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 30 जून को अपरान्ह 12 बजे जिला टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में किया जायेगा। योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम नई धानमंडी स्थित व्यापार मंडल हॉल में 30 जून दोपहर 12 बजे आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम को राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जोडा जायेगा। जिला कलक्टर लोकबंधु की ओर से आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न अधिकारियों को कार्य आवंटित किए गए हैं। उक्त कार्यक्रम से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां प्रबन्ध निदेशक सीसीबी, तहसीलदार श्रीगंगानगर व तहसीलदार भू-अभिलेख कलेक्ट्रेट, श्रीगंगानगर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ब्लॉक मुख्यालय पर कार्यक्रम के लिए संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं संबंधित तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित अधिकारी अपने उपखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम संचालन के लिए कार्य आवंटन करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सभी किसानों के बैंक खातों में प्रथम किस्त के रूप में 1000 रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित की जायेगी। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा लाभार्थी किसानो से संवाद भी किया जायेगा। राज्य एवं जिला स्तरीय समारोह के साथ-साथ ब्लॉक व पंचायत स्तर पर भी तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

क्या है मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना: इस योजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र लाभार्थी कृषकों को प्रति वर्ष 2000 रूपये तीन किस्तों में दिये जायेगें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लाभार्थी किसान को 2-2 हजार की तीन किस्तें साल में 6,000 रूपये दी जाती है। इस प्रकार अब योजना के पात्र लाभार्थी किसानों को वर्ष में कुल आठ हजार की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधा बैंक खातों में किया जायेगा।

डॉक्टर्स का सम्मान समारोह आज

हनुमानगढ़। जांगिड़ सुथार समाज समिति हनुमानगढ़ द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर रविवार को जांगिड़ धर्मशाला हनुमानगढ़ जंक्शन में जांगिड़ सुथार समाज के डॉक्टर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष राधेराम सुथार ने बताया कि समाज में अपनी सेवाएं देने पर धरती के भगवान कहलाने वाले डॉक्टर्स का जांगिड़ सुथार समाज समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलेगा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ

» जिला कलक्टर के निर्देश पर शुरू हुआ ''मिशन सम्बल'', 15 जुलाई तक होगा संचालित

श्रीगंगानगर। मुख्यमंत्री की मंशा और जिला कलक्टर लोकबंधु के निर्देशानुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए गंगानगर में ''मिशन सम्बल'' अभियान की शुरुआत की गई है। जिला कलक्टर ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं पालनहार योजना महत्वपूर्ण योजना होने के साथ-साथ स्टेट फ्लैगशिप कार्यक्रम भी है। इसलिये समाज के समस्त जरूरतमंदों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिले में 28 जून से ''सम्बल अभियान'' शुरू किया गया है। अभियान 15 जुलाई तक संचालित होगा। इसके तहत जिले के जरूरतमंद और वंचित लोगों को विभाग की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। अभियान के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद श्रीगंगानगर को नोडल एवं उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान पालनहार योजना का लाभ नहीं मिलने के कुछ प्रकरण सामने आए। इसलिए पालनहार योजना सहित सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने के लिए मिशन संबल अभियान शुरू किया गया है। कई बार जानकारी के अभाव में भी पात्र होने के बावजूद व्यक्ति आवेदन नहीं कर पाते हैं। अभियान के दौरान ऐसे पात्र आवेदकों से आवेदन लेकर उन्हें भी संबंधित योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के ब्लॉक स्तर संचालन एवं कियान्यवन हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी (शहरी क्षेत्र) एवं विकास अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी अभियान के संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करेंगे एवं प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवायेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान हेतु सर्वे/चिन्हीकरण कर पात्र को योजनाओं से जोडना, विशेष अभियान हेतु में सर्वप्रथम सर्वे/चिन्हीकरण कार्य का सम्पादन किया जाकर वंचित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोडा जाना है। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र में आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी अपने कार्यालय के स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य नगर निकाय कार्मिकों की सहायता से एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी अपने संबंधित क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी व आंगनवाडी कार्यकर्ता की सहायता से सर्वे/चिन्हीकरण कार्य करने के पश्चात पात्र लाभार्थियों का ऑनलाईन आवेदन ई-मित्र/ऐप के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करवाने पश्चात पात्र आवेदकों की स्वीकृतियां जारी करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही योजनाओं में पात्र लाभार्थियो के लाभ से वंचित नहीं रहने बाबत प्रमाण-पत्र उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। उक्त के संबध में उपखण्ड अधिकारी जिला स्तर पर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित समस्त विद्यालयों (राजकीय एवं निजी) के संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय में अध्ययनरत् कोई भी पात्र विद्यार्थी पालनहार/पेंशन योजना में लाभ लेने से वंचित न रहे। प्रत्येक संस्था प्रधान इस बाबत् प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी को देगे। पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी उनके अधिकार क्षेत्र में कोई पात्र विद्यार्थी पालनहार योजना/पेंशन योजना में लाभ से वंचित नही होने का प्रमाण पत्र मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को देगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने ब्लॉक में किसी भी विद्यार्थी के पालनहारध्पेंशन योजना में वंचित नही होने का प्रमाण पत्र संबधित उपखण्ड अधिकारी एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को देगे। उन्होंने बताया कि समेकित बाल विकास सेवाओं के जिले में संचालित आंगनबाडी केन्द्रो पर पंजीकृत बालकों के पालनहार/पेंशन से वंचित न होने का प्रमाण पत्र आंगनबाडी कार्यकर्ता महिला पर्यवेक्षक को देगी। महिला पर्यवेक्षक अपने सेक्टर में पंजीकृत बच्चों के पालनहार/पेंशन योजना से वंचित न होने का प्रमाण पत्र बाल विकास परियोजना अधिकारी को देगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने अधीन संचालित आंगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों में से किसी भी बच्चे के पालनहार/पेंशन योजना में वंचित नही रहने का प्रमाण पत्र संबधित उपखण्ड अधिकारी एवं उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग को देगे। उन्होंने बताया कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग अभियान के तृतीय चरण में आवेदन प्रक्रिया हेतु समस्त ई-मित्र केन्द्र संचालकों को लाभार्थियों के आवेदन ऑनलाईन किये जाने बाबत् निर्देश प्रदान करेगे। उपखण्ड अधिकारी अपने उपखण्ड में संबधित अधिकारियों के साथ अभियान की साप्ताहिक समीक्षा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। अभियान की समाप्ति पश्चात् उनके उपखण्ड क्षेत्र में लाभ से वंचित नही होने का प्रमाण पत्र प्रेषित करेगे। उन्होंने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में एनएएम/अन्य कार्मिक के माध्यम से ऐसे विशेष

कविता चीन में आयोजित अंडर -20 एशियन महिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में लेगी भाग

कविता के महिला वॉलीबॉल भारतीय टीम की कप्तान बनने पर गांव में खुशी की लहर

तेज. रिपोर्टर | टिब्बी

कहते हैं ना कि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा,जोश और जुनून और दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। जी हां..ऐसा की कुछ कर दिखाया है टिब्बी तहसील के एक छोटे से गांव सिलवाला खुर्द की बेटी कविता सुथार ने । कविता अंडर -20 एशियन महिला वॉलीबॉल भारतीय टीम की कप्तान बनी है। कविता एक जुलाई को चीन में आयोजित अंडर -20 एशियन महिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। कविता ने कोच बसंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर अंडर -20 एशियन महिला वॉलीबॉल भारतीय टीम की कप्तान बनी है। कविता के कप्तान बनने पर खेल गांव सिलवाला खुर्द, टिब्बी सहित जिले के खुशी की लहर है। कोच बसंत सिंह मान ने बताया कि कविता एक जुलाई को चीन में आयोजित अंडर-20 एशियन महिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। खेल गांव की बेटियां लगातार नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर गांव का नाम रोशन कर रही है। इस गांव की वॉलीबॉल में खास पहचान बन चुकी है। इसे खेल गढ़ के नाम के जाना जाता है।

बेटियां अपना खेल कौशल निखार कर बड़े शहर व खेल अकादमियों के खिलाड़ियों को दे रही मातः

इससे पहले पिछले माह भारतीय सीनियर महिला वॉलीबाल टीम में कविता का चयन किया गया था। भारतीय टीम से खेलते हुए कविता ने फिलीपिंस के मनीला में आयोजित एशिया चैलेंज कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इसके चलते उसको अंडर-20 टीम का कप्तान बनाया गया है। गांव सिलवाला खुर्द में गांव के लड़के व लड़कियों को प्रशिक्षण देकर इस मुकाम पर पहुंचान में वॉलीबाल कोच बसंतसिंह मान निरंतर जुटे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में ही गांव के खिलाड़ी निरंतर उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। कोच बसंतसिंह मान ने बताया कि कविता ने खेल कोटे से रेलवे में नौकरी भी हासिल कर ली है। उसे पुणे रेलवे में नियुक्ति दी गई है।बसंतसिंह मान के निर्देशन में खिलाड़ी अपना खेल कौशल निखार कर बड़े शहरों व खेल अकादमियों के खिलाड़ियों को मात देकर आगे बढ़ रहे हैं। इससे पहले गांव की खुशवीर कौर भी भारतीय टीम में खेल चुकी है।

अटैक इतने जबरदस्त कि प्रतिद्वंद्वी के पास जवाब तक नहीं होताः

कविता के पिता सुभाष सुधार पेशे से दुकानदार हैं। अपने पिता को रोज सुबह से रात तक जी-तोड़ मेहनत करते देखती है। उतनी ही मेहनत कविता खेल मैदान पर करती है। कविता टीम की सबसे तेज और फुर्तीली खिलाड़ी है। उसके अटैक इतने जबरदस्त होते हैं कि प्रतिद्वंद्वी टीम के पास उसका कोई जवाब ही नहीं होता। कविता का कहना है कि कोच बसंत सिंह मान ने उन्हें वॉलीबाल के खेलने के इतने गुर सिखाए है कि अटैक करते समय प्रतिद्वंद्वी के पास कोई जवाब नहीं होता है।

सीमित साधन सुविधा के बावजूद बनाई पहचानः

सीमित साधन-सुविधा के बावजूद कड़ी मेहनत व प्रशिक्षण तथा जुनून की हद तक खेल को प्यार करने वाले कोच के निर्देशन में सिलवाला खुर्द गांव की लड़कियों की नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर गांव का नाम रोशन कर रही है। यहां लड़कियां वॉलीबाल में कामयाबी के झंडे गाड़ रही हैं। गांव के सेवानिवृत्त पीटीआई तथा वॉलीबाल के नेशनल लेवल के प्लेयर रह चुके बसंतसिंह मान के कड़े प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन में सिलवाला की छोरियों ने अपने खेल को इतना निखारा है कि जिस टूर्नामेंट में खेलती हैं खिताब जीतकर लौटती हैं। सिलवाला खुर्द गांव में वर्तमान में डे नाइट वॉलीबॉल का मैदान है । मान ने बताया कि अन्य देशों की तरह भारत में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं का अभाव है ?जिसके चलते हमारे खिलाड़ी उनके सामने टीक नहीं पाते हैं ? । वॉलीबॉल के लिए करोड़ों रुपयों के इंडोर स्टेडियम की जरूरत होती है लेकिन हमारे यहां पर ऐसी सुविधा नहीं मिल पाती है जिससे हमारे देश के खिलाड़ी पिछड़ जाते हैं। अगर तमाम सुविधाओं मिले तो हमारे खिलाड़ियों किसी से कम नहीं है।

कोच बसंत सिंह मान की मेहनत ला रही है रंगः

कोच मान ने 1980 में, हनुमानगढ़ जिले के संगरिया में ग्रामोत्थान विद्यापीठ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फिजिकल इंस्ट्रक्टर के तौर पर नौकरी ज्वाइन की थी और 2011 तक अपने पद पर बने रहे। वहाँ उन्होंने वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और एथलेटिक्स में बच्चों को प्रशिक्षित किया था। 21 सालों तक वह इस स्कूल से जुड़े रहे। उनके द्वारा प्रशिक्षित एक दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला था। वहीं हजार से अधिक छात्र राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं। 2011 में ग्रामोत्थान विद्यापीठ के कुछ कर्मचारियों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं मान को उनके पैतृक गाँव सिलवाला खुर्द में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भेज दिया गया था। कोच ने कहा, 'मैंने तुरंत तीन वॉलीबॉल कोर्ट बनाने शुरू किए और वॉलीबॉल में छात्रों को प्रशिक्षित करना शुरू किया।' उन्होंने अपने रिटायरमेंट के बाद भी वॉलीबॉल खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देना जारी रखा। वह कहते हैं कि 2011 के बाद से उन्होंने सिलवाला खुर्द में 400 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया है तथा इनसे सात खिलाड़ी राजकीय सेवा में चयन हो चुका है।खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है जो आज राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। बड़े गर्व के साथ उन्होंने बताया, 'इन सभी ने गाँव को गौरवान्वित किया है। इनमें से आधी लड़कियां हैं। जिन लड़कियों को मैंने प्रशिक्षित किया उनमें से तीन, कविता सुथार, सुखवीर कौर और अल्पना, सुमन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेली हैं।'

सांख्यिकी दिवस पर कार्यशाला आयोजित

हनुमानगढ़। प्रसिद्ध सांख्यिकविद् पद्म विभूषण से सम्मानित प्रोफ़ेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती सांख्यिकी दिवस' पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने विशेष कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में इस बार थीम 'निर्णय लेने मे डेटा का प्रयोग' रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत उपनिदेशक विनोद गोदारा, सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती सरोज कुमारी, श्रीमती करीना, सुश्री आँचल फुटेला ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। विनोद कुमार ने थीम के अनुसार डेटा के बढ़ते महत्व और बेहतर निर्णय लेने के लिए उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी लोगों के जीवन के हर पहलू में अहम भूमिका निभाती है, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था या सामाजिक विकास हो। यह डेटा को इकट्ठा करने, विश्लेषण करने और एक्सप्लेन करने में मदद करता है, जो बेहतर निर्णय लेने और नीतियां बनाने के लिए बेहद जरूरी है। कार्यशाला में सभी सांख्यिकविदों ने आर्थिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक जीवन में डेटा के महत्व और उचित उपयोग के बारे में बताया। यहां वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। विजेताओं को पुरस्कृत और विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में ज़िला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों के अलावा विभिन्न विभागों में कार्यरत सांख्यिकी व सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

कभी भी अपने सिद्धांतों से नहीं करना चाहिए समझौताः मालवाल

श्रीगंगानगर। माटी कला केंद्र हरियाणा के अध्यक्ष ईश्वरसिंह मालवाल ने कहा कि सच बोलना मानव का धर्म व कर्म है। जीवन में सत्य है तो खुशी भी सदैव बनी रहेगी। जीवन में सच्चाई सफाई होनी चाहिए। जीवन में कई तरह के संघर्षों का सामना करना पड़ता है लेकिन कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। किसी बात को क्षमा करना सबसे बड़ा गुण है। क्षमा का भाव जीवन को परिवर्तन करने के लिए प्रेरित करता है। जिसको क्षमा की जाती है उसके सकारात्मक परिवर्तन के लिए फिर प्रार्थना भी करनी चाहिए। ऐसे भाव शुद्ध मन में ही उत्पन्न होते हैं।वे ब्रह्माकुमारी संस्थान के माउंट आबू में स्थित ज्ञान सरोवर में कला व संस्कृति प्रभाग की ओर से वैश्विक संस्कृति प्रेम शांति व सद्भावना विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।ब्रह्माकुमारी की संयुक्त मुख्य प्रशासिका सुदेश दीदी ने कहा कि दिव्य गुणों को अपने जीवन चरित्र में आत्मसात कर सबकी सेवा करनी चाहिए।बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पाण्डेय ने कहा कि हम सभी इस सृष्टि रंगमंच पर कलाकार हैं। जीवन में किसी भी बात का अभिमान नहीं होना चाहिए। अभिमान मनुष्य को गिरा देता है।संगठन के अतिरिक्त सचिव बृजमोहन आनंद और चन्द्रिका बहन ने कहा कि मानव के अंदर प्रेम, शांति व सद्भावना के विकास को लेकर कलाकारों का अहम योगदान होता है।बालीवुड अभिनेत्री अंजलि अरोड़ा ने कहा कि कलाकार मानव के जीवन को खुशियों से भरपूर करने के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। कार्यक्रम में फिल्म, नाटक, गीत, संगीत के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने वाले कलाकारों को प्रभाग के उपाध्यक्ष दयाल, बॉलीवुड डायरेक्टर सूरज तिवारी, बॉलीवुड अभिनेत्री नीलू कोहली छत्तीसगढ़ से आई प्रसिद्ध फॉक सिंगर आरतीसिंह,प्रभाग के मुख्यालय संयोजक सतीश ने भी अपने विचारों से लाभान्वित किया। प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका प्रेम बहन ने मंच संचालन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से कलाकारों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ समारोह टोंक में आज

हनुमानगढ़ के अंबेडकर भवन में होगा जिला स्तरीय समारोह

» टोंक जिले में दोपहर 12 बजे से राज्य स्तरीय समारोह

हनुमानगढ़। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए अब मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा 30 जून को दोपहर 12 बजे टोंक जिले से राज्य स्तरीय समारोह में योजना का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा योजना में पात्र किसानों के बैंक खातों में प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपए की राशि डीबीटी करेंगे। साथ ही, प्रदेश के लाभार्थी किसानों से संवाद भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्हें अभी प्रतिवर्ष 6000 रुपए राशि का भुगतान किया जाता है। अब मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में भी राज्य सरकार लाभार्थी किसानों को प्रतिवर्ष तीन किश्तों में 2000 रुपए हस्तांतरित करेगी। इस प्रकार लाभार्थी किसानों को प्रतिवर्ष सम्मान निधि के रूप में कुल 8000 रुपए प्राप्त होंगे। हनुमानगढ़ में जिला स्तरीय समारोह राजीव गांधी स्टेडियम के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में आयोजित होगा। यहां बड़ी संख्या में लाभार्थी किसान, कृषि पर्यवेक्षक, कृषक मित्र, किसान उत्पादक संगठन, प्रगतिशील किसान उपस्थित होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को राज्य स्तरीय समारोह से वीसी के जरिए जुड़ा जाएगा। इसी के साथ वीसी से ब्लॉक व पंचायत स्तर पर भी किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

विधानसभा में मोबाइल फोन बैन

राजस्थान विधानसभा का सत्र तीन जुलाई से, फोटोयुक्त प्रवेश पत्र ही मान्य

जयपुर। राजस्थान विधानसभा का द्वितीय सत्र बुधवार यानी 3 जुलाई से आरंभ होगा। विधानसभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबंध कर लिया है। सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने चर्चा की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट विधान सभा को प्रस्तुत की जा रही है। विधानसभा सत्र के दौरान फोटोयुक्त प्रवेश पत्र ही मान्य होगा। फोटोयुक्त क्यूआर कोड प्रवेश पत्र से ही अधिकारी एवं कर्मचारी विधान सभा में प्रवेश कर सकेंगे। क्यूआर कोड के स्कैन करने पर ही फ्लैग बैरियर खुलेगा। जिससे आगंतुक विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे। विधानसभा भवन से बाहर जाने के लिए यही प्रक्रिया अपनानी होगी। विधानसभा सदन में मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। मोबाइल फोन के उपयोग को सदन में निषेध किया गया है। मीडिया के छायाकार और कैमरामैनों का प्रवेश पश्चिमी द्वार के समीप निर्धारित स्थान तक होगा। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर छायाकारों और कैमरामैनों के लिए सत्र के दौरान विशेष व्यवस्था की गई है। विधानसभा भवन परिसर में वही वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जिन पर द्वितीय सत्र का सत्रकालीन वाहन प्रवेश पत्र लगा होगा। अधिकारी व कर्मचारियों के वाहनों का आवागमन गेट नंबर-1 उत्तर पूर्वी द्वारा से होगा और पार्किंग पूर्वी द्वार के भूतल पर की जा सकेगी। पत्रकारों के वाहनों का प्रवेश भी गेट नंबर-1 से होकर पूर्वी एवं दक्षिण कोने में बनाए गए स्थान पर पार्किंग की जाएगी। सत्र के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री व मंत्रीगण से मिलने आने वाले प्रतिनिधिमण्डल के प्रवेश की व्यवस्था संबंधित से सहमति मिलने के पश्चात सम्पर्क अधिकारी द्वारा की जाएगी।

रोटरी क्लब रिद्धि सिद्धि द्वारा छात्राओं हेतु लाइब्रेरी में एसी व कंप्यूटर भेंट

श्रीगंगानगर। रोटरी क्लब रिद्धि सिद्धि द्वारा ग्राम पंचायत घमुडवाली गांव एक पी पी ब्लॉक पदमपुर में छात्र हेतु बनाई गई निशुल्क रीडिंग रूम में दो ए . सी मय स्टेबलाइजर व फिटिंग और एक कंप्यूटर आज भेंट किया गया इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि रोटरी के अध्यक्ष डॉक्टर दीपक चौधरी, सचिव विजय चुग, कोषाध्यक्ष मनोज अरोड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन जयपाल शर्मा व इकबाल सिंह, डॉक्टर संदीप सिहाग, डॉक्टर नरेश गर्ग, संजय खेमका, राहुल धारणिया के साथ-साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे इस अवसर पर ग्राम पंचायत घमुड़वाली के सरपंच कमलजीत सिंह ढिल्लों व पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरुण कौशिक भी मौजूद रहे अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रयास छात्राओं को शिक्षा हेतु प्रेरित करने में अपना अहम योगदान देगा क्लब द्वारा आगे भी इसी तरह की सेवा करें जारी रहेंगे।

कुक्कड़ ने परिवार सहित पौधारोपण किया

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चलाये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा नगरमण्डल महामंत्री राम कुक्कड़ ने अपने परिवार सहित पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रेरित होकर महामंत्री राम कुक्कड़ के पुत्र करण कुक्कड़ व उनकी पुत्रवधु शिखा कुक्कड़ ने अपनी विवाह की प्रथम सालगिराह पर 11 पौधे लगाकर उसकी सार सम्भाल का जिम्मा लिया। भाजपा नगरमण्डल महामंत्री राम कुक्कड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय में बेहद आवश्यक है और यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उक्त अभियान से प्रेरित होकर प्रदेश के अनेकों युवा पर्यावरण के लिए गंभीर होंगे।

काम करने के लिए कम वक्त मिला इसलिए हारेः दीया कुमारी

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 11 सीटों पर मिली हार के लिए दिया कुमारी ने सरकार को कम वक्त मिलने का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हमारी सरकार को कम समय मिला था। केवल डेढ़ से 2 महीने ही सरकार काम कर पाई थी। उसके बाद आचार संहिता लग गई। वहीं अब भी इतना समय नहीं मिला और फिर से उपचुनाव हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि, पूरा विश्वास है कि राजस्थान की जनता अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर विश्वास जताएगी। फिलहाल राजस्थान में भी बीजेपी और केंद्र में भी बीजेपी की सरकार है। ऐसे में डबल इंजन की सरकार राजस्थान का सर्वांगीण विकास करेगी। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में ही शनिवार को प्रदेश की 200 विधानसभा सीटों के विस्तारको की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें विस्तार को से लोकसभा चुनाव में मिली हार को लेकर फीडबैक लिया गया। इस दौरान भाजपा के संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राजस्थान बीजेपी की सहप्रभारी विजय राहटकर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी समेत पार्टी के आला नेता मौजूद रहे। दिया कुमारी ने कहा कि विस्तारको के साथ बैठक में काफी महत्वपूर्ण मुद्दे निकलकर सामने आए। क्यों कि यह लोग हमारी पार्टी की रीड की हड्डी है। यह 24 घंटे जनता के बीच में रहकर उनके मुद्दों को समझते हैं। इस आधार पर पार्टी अपनी रीति नीति तय करती है और सरकार इस रीति नीति पर काम करती है।

संत निरंकारी मंडल द्वारा संत समागम आज

पीलीबंगा। संत निरंकारी मंडल द्वारा रविवार को संत समागम का आयोजन होगा।ब्लॉक मीडिया सह प्रभारी प्रशांत आहूजा ने बताया कि सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक कस्बे के संत निरंकारी भवन में आयोजित होने वाले इस संत समागम में पीलीबंगा ब्लॉक सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की साध संगत शिरकत करेंगी।सत्संग में निरंकारी मिशन द्वारा करवाए जा रहे सामाजिक सरोकारों की जानकारी देकर श्रद्धालुओं को जीवन पर्यंत मानवता भलाई के कार्य करने की सीख भी दी जाएगी।

शराब ठेकेदार राजेंद्र की हत्या के बाद नहर में फेंका था शवः एसपी

ऐलनाबाद। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण द्वारा गठित सीआईए सिरसा व रानियां थाना की विशेष पुलिस टीम ने पिछले दो दिन से लापता चल रहे खारिया जोन के शराब ठेकेदार राजेंद्र के मामले को सुलझा लिया है। शराब ठेकेदार राजेंद्र निवासी नीमला लापता नहीं हुआ था, बल्कि उसकी हत्या कर उसका शव राजस्थान कैनाल में फेंक दिया था। पुलिस टीम ने शराब ठेकेदार राजेंद्र का शव बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल सिरसा भेज दिया है, वहीं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हत्या आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र पुत्र सुभाष चंद्र निवासी गांव खारिया तथा सोनू पुत्र रामजी लाल निवासी गांव मेहना खेड़ा जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर जहां उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार, वाहन बरामद किए जाएंगे। वहीं पर इस हत्या से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीती 27 जून को शराब ठेकेदार राजेंद्र के पार्टनर इंद्रपाल ने रानियां थाना में धर्मेंद्र तथा राजेंद्र दोनों व्यक्तियों के बारे में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जताते हुए मात्र 24 घंटे में शराब ठेकेदार राजेंद्र को राजस्थान केनाल के मसीतावाली हेड क्षेत्र से बरामद कर हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

'बेवफाई'

अधूरे ख्वाब सा तू ने
अंधेरी राह में छोड़ा
बहुत उम्मीद थी तुमसे
मगर तू हाथ न मोड़ा (पकड़ा)।
मैं रोई थी बहुत फिर भी
तरस तुझको ना आया था
सितमगर तुम बहुत निकले
हृदय तब जान पाया था ।
तुम्हारी सोच ओछी थी
तुम्हारा दिल भी छोटा था
तुम्हारी हरकतों से तू ने मेरी
राह रोका था ।
खुशी के पल को छीना था
गमों से मुझको जोड़ा था
तूने तो कुछ भी न छोड़ा
तुम्हारा दिल ही पत्थर था।
तू मेरे सुख से जलता था
तू मेरे दुःख पे हंसता था
वही तूने कमाया है
समक्ष तेरे जो आया है ।
बहुत अभिमान था तुझ को
बहुत ही शान था तुझ को
मगर सब आज है टूटा
तुझ ही से भाग्य भी रुठा ।
हमारे भाग्य से तू ने
बहुत कुछ ही कमाया था
हमारा साथ जो छूटा
तो तेरा भाग्य भी रुठा ।

संजुला सिंह 'संजु'
जमशेदपुर

नशा मुक्त अभियान के नाम, लोगो और टैगलाइन के लिए सुझाव आमंत्रित

हनुमानगढ़। जिले में बढ़ती नशा प्रवृति की रोकथाम और आमजन की जागरूकता के लिए जिला प्रशासन ने अभियान शुरू किया है। इस अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हनुमानगढ़ ने आमजन से सुझाव आमंत्रित किए है। विभाग के उपनिदेशक श्री सुरेंद्र कुमार पूनिया ने बताया कि अभियान का नाम, लोगो, अभियान का पोस्टर, टैगलाइन, स्लोगन डिजाईन के लिए समस्त जिलेवासियों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इससे अभियान में आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित हो सकेगी। पूनिया ने बताया कि सुझाव 07 जुलाई शाम 06 बजे तक व्हाटसएप्प नम्बर 9672576901 एवं ई-मेल आई.डी. dlo.han@rajasthan.gov.in पर भेज सकते है। सुझाव भेजने वाले व्यक्ति अपना नाम, सुझाव का विषय, मोबाइल नम्बर, पता, शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख अवश्य करें। श्रेष्ठ सुझाव देने वाले दो युवाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

राज्य सरकार ने करवा दी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

डीए में नौ फीसदी बढोत्तरी, लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ाया था महंगाई भत्ता

जयपुर। राज्य सरकार ने पांचवें वेतन आयोग वाले कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए 16 प्रतिशत तथा छठे वेतन आयोग वाले कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है, जिसका लाभ वेतन में इस साल एक अप्रेल से पेंशन में एक जनवरी से दिया जाएगा। वित्त विभाग ने इन कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए में बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया। पांचवें वेतन आयोग वाले कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए अब 427 से बढ़कर 443 प्रतिशत तथा छठे वेतन आयोग वाले कर्मचारियों व पेंशनरों का डीए 230 से बढ़कर 239 प्रतिशत हो जाएगा। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2024 से कर दी है, लेकिन कर्मचारियों को एक अप्रेल के वेतन से इसका लाभ दिया जाएगा और इससे पहले की राशि जीपीएफ खाते में जमा की जाएगी। वहीं पेंशनरों को एक जनवरी से ही इसका नकद भुगतान किया जाएगा। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव से पहले भी प्रदेश भर के सरकारी कर्मचारियों का 4 फीसदी डीए बढ़ाया था। जो बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगा था। इस आदेश के आने के बाद राजस्थान के करीब आठ लाख कर्मचारियों और चार लाख पेंशनर्स को इसका लाभ मिलेगा।

एक साथ रिटायर हुए जंगा श्रीनिवास राव सहित चार आईपीएस

हनुमानगढ़ में एसपी रह चुके हैं जंगा

जयपुर। राजस्थान पुलिस मेंएक साथ चार आइपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हुए। डीजी यू.आर. साहू ने बताया कि सेवानिवृत्त होने वालों में जयपुर कमिश्नर रह चुके डीजी (प्रशिक्षण) जंगा श्रीनिवास राव, सीआइडी में आइजी प्रसन्न कुमार खमेसरा, डीआइजी सुनील कुमार बिश्नोई व पीटीएस किशनगढ़ के प्रिंसिपल (डीआइजी) समीर कुमार हैं। इनमें वर्ष 1990 बैच के आइपीएस डीजी जंगा श्रीनिवास राव हनुमानगढ़ सहित अन्य जिलों में एसपी सहित दो वर्ष तक जयपुर कमिश्नर भी रहे। गत वर्ष फरवरी में डीजी पद पर पदोन्नत हुए थे। अब एडीजी गोविंद गुप्ता व सुनील दत्त को डीजी बनाया जा सकेगा।

वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत निर्मित कुआं एक तरफ से धंसा

» नजदीक से गुजर रही रेल लाइनों को खतरा, प्रशासन को करवाया अवगत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

श्रीगंगानगर रेलवे फाटक पर बनाए गए डबल बॉक्स आरयूबी से बरसाती पानी की निकासी के लिए तैयार किए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत निर्मित कुआं करीब एक साल बाद भी एक तरफ से धंसने लगा है। रेल लाइनों से कुछ ही दूरी पर बने कुएं के धंसने से इसमें भरने वाला पानी रेल लाइनों की तरफ जाने का खतरा बना हुआ है। हनुमानगढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्रशासन से समय रहते इस समस्या की तरफ ध्यान देकर कुएं को दुरुस्त करने की मांग की है। इस संबंध में एसोसिएशन की ओर से जिला कलक्टर को पत्र भी लिखा गया है। हनुमानगढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सचिव जयपाल जैन ने बताया कि एक तरफ हनुमानगढ़ विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। दूसरी तरफ सरकारी विभागों की ओर से निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा। इसका जीता-जागता उदाहरण सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से श्रीगंगानगर रेलवे फाटक पर बनाया गया अण्डरपास है। इस डबल बॉक्स आरयूबी को बने एक साल ही नहीं हुआ कि पूर्व में इसके अन्दर लगे रिफ्लेक्टर चोरी हो गए थे। डिवाइडर ऊंचा बन गया। अण्डरग्राउंड से बरसाती पानी की निकासी के लिए तैयार किए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत रेल लाइनों के नजदीक बनाया गया कुआं भी एक साइड से धंस गया है। पानी इस कुएं के निर्माण को ध्वस्त कर रहा है। यह कुआं रेलवे लाइनों से करीब दस मीटर की दूरी पर बना हुआ है। जबकि कम से कम सौ मीटर की दूरी पर इसका निर्माण किया जाना चाहिए था। नजदीक ही रेल लाइन होने के कारण यहां से ट्रेनें गुजरने के दौरान होने वाले वाइब्रेशन के कारण कुआं नीचे धंस रहा है और उसमें दरार बढ़ती जा रही है। कुएं से पानी रेल लाइनों के नीचे जमीन में भी घुसने का खतरा बना हुआ है। भविष्य में इससे कोई बड़ा रेल हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि बारिश में आरयूबी के ऊपर लगे शैड से आने वाले पानी की निकासी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में न करने की वजह से भी कुआं नीचे बैठ गया है और उसमें दरार पड़ गई है। जबकि आरयूबी की छत्त का पानी भी परनाले लगाकर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में जाना चाहिए। जैन ने बताया कि इस संबंध में जिला कलक्टर को भी शुक्रवार को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया है। प्रशासन की ओर से संबंधित विभाग को निर्देशित कर समय रहते कुएं को दुरुस्त किया जाना चाहिए। उधर, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन हनुमान रतनू के अनुसार विभाग के जेईएन को निर्देशित किया गया है कि जांच कर रिपोर्ट पेश करें। इसके बाद आगामी उचित कार्रवाई की जाएगी।

आज 1210 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

1 लाख 76 हजार 419 बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के तहत रविवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक जिलेभर में 1210 बूथों पर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के तहत 0-5 वर्ष तक के एक लाख 76 हजार 419 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 946 व शहरी क्षेत्र में 264 बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर 4878 वैक्सीनेटर तथा उनके निरीक्षण के लिए 243 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस यानि रविवार को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वंचित बच्चों को सोमवार व मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इस वर्ष घुमन्तु जातियां विशेष तौर पर गाडिया लौहारों, मनिहारों, पत्थरों का कार्य करने वालों व गृह निर्माण व ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे तथा सभी बच्चों को बूथ पर लाकर दवा पिलाने में सहयोग देंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि भारत के पड़ोसी देशों अफगानिस्तान व पाकिस्तान के अलावा पूरे विश्व से पोलियो के वायरस का लगभग उन्मूलन हो चुका है। देश में वर्ष 2014 में पोलियो का उन्मुलन हो चुका है तथा गत वर्षों से पोलियो रोग का एक भी रोगी नहीं पाया गया है, इसे पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को एक साथ बूथ पर लाकर दवा पिलाना अति आवश्यक है। सभी माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ-साथ पंचायती राज संस्थाओं के चुने हुए प्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से अनुरोध है कि अपने आस-पड़ोस, गांव, मोहल्ले के सभी बच्चों को रविवार को ही बूथ पर दवा पिलाने में अपना अमूल्य योगदान दें, क्योंकि एक भी बच्चा छूट जाता है तो पोलियो रोग का खतरा बना रहता है। सबके सहयोग से ही पोलियो की बीमारी का पूर्ण रूप से उन्मूलन हो सकता है।

टांटिया यूनिवर्सिटी और कच्छ विश्वविद्यालय में एमओयू

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

ज्ञान और संसाधनों को साझा करने के लिए अंतर-संस्थागत सहयोग बढ़ाने की कड़ी में टांटिया यूनिवर्सिटी, श्रीगंगानगर और कच्छ विश्वविद्यालय, भुज में एमओयू हुआ है। इसके तहत अब दोनों विश्वविद्यालय मिलकर शिक्षण एवं शोध गतिविधियों में परस्पर सहयोग करेंगे। टांटिया यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) एम.एम. सक्सेना और कच्छ विश्वविद्यालय, भुज के कुलपति प्रो. (डॉ.) मोहन पटेल ने इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समारोह में कच्छ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध संस्थानों के अधिकारी भी इसके साक्षी बने। दोनों विश्वविद्यालयों की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए यह प्रस्तावित किया गया कि स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रबंधन, पर्यावरण, मरुस्थलीय लोगों की अर्थव्यवस्था, स्थानीय कला और संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो. पटेल ने टांटिया यूनिवर्सिटी का दौरा करने की इच्छा व्यक्त की और प्रो. सक्सेना को 'इकोनॉमिक्स एंड द गुड सोसाइटी' पुस्तक भेंट करके उनका सम्मान किया।

डबलीराठान में बदमाशों ने दुकानदार को घायल करके लूटा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में सदर थाना क्षेत्र के डबली राठान कस्बे में दो-तीन अज्ञात बदमाशों ने रात को दुकान मंगल कर घर जा रहे दुकानदार को घायल करके लूट लिया। बदमाशों के हमले में गंभीर घायल हुए दुकानदार को श्रीगंगानगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। घायल हुए टेकचंद अरोड़ा (50) के भाई नरेश अरोड़ा की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार नरेश अरोड़ा ने बताया है कि उसके छोटे भाई टेकचंद की डबली राठान में अरोडवंश में धर्मशाला के सामने छाबड़ा वैरायटी स्टोर के नाम से दुकान है।परसों गुरुवार रात्रि 10-30 बजे टेकचंद ने अपने बेटे इशांत के साथ दुकान का हिसाब मिलाया। उसके पास तीन दिनों की बिक्री के 30500 रुपए थे, जो काले रंग के चमड़े के छोटे से बैग में उसने रख लिए। टेकचंद ने इशांत को घर भेज दिया और कहा कि वह दुकान मंगल करके आ रहा है।टेकचंद दुकान मंगल करने के बाद रातलगभग 11 बजे घर जाते हुए सतीश सोनी के मकान के पास पहुंचा, तभी दो-तीन अज्ञात बदमाशों ने लाठियों व अन्य हथियारों से अचानक हमला कर दिया। टेकचंद बुरी तरह से घायल हो गया। उससे रुपयों का बैग छीनकर बदमाश भाग गए। शोर शराबा सुनकर लोग भाग कर आए, जिन्होंने टेकचंद को डबली राठान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया।सिर में ज्यादा चोट लगेने के कारण उसे हनुमानगढ़ टाउन सिविल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। नरेश के अनुसार हालत गंभीर होने के कारण टाउन सिविल अस्पताल से भी उसके भाई को रैफर कर दिया गया,जिस पर उन्होंने उसे श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर लूट का मामला दर्ज किया है। अभी तक बदमाशों का पता नहीं चला।

उत्कृष्ट रहा बेबी हैप्पी स्कूल का परीक्षा परिणाम

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बेबी हैप्पी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। शनिवार को अव्वल रहे विद्यार्थियों का विद्यालय में स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बैबी हैप्पी शिक्षा समिति के संस्थापक भगवान दास गुप्ता, मीना गुप्ता, अनुपमा विजय, विद्यालय प्रिंसीपल महेन्द्र कौशिक ने अव्वल रहे बच्चों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। शिक्षा समिति सदस्य मीना गुप्ता ने बताया कि कक्षा 10वीं में खुशबू प्रथम, रोहित द्वितीय व विनित सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 12 वीं में मानसी अठवाल प्रथम, मोहित द्वितीय, मनीषा कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। शिक्षा समिति संस्थापक भगवानदास गुप्ता ने बताया कि विद्यालय पिछले 70 से अधिक वर्ष से हनुमानगढ़ में अपनी सेवाएं दे रहा है और विद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी अनेकों प्रशासनिक पदों पर विराजमान है और हनुमानगढ़ को गौरान्वित कर रहे है। उन्होने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ साथ बच्चों को संस्कारवान बनाना है।

श्रीगंगानगर में 10-दिन का एनसीसी, एटीसी कैम्प सम्पन्न

गुड डे डिफेंस न्यू सैनिक स्कूल के प्रीत राठी बने 'बेस्ट कैडेट'

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

श्रीगंगानगर में 19 से 28 जून तक आयोजित 15 राज बटालियन के द्वारा 10 दिन का एनसीसी, एटीसी (वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प) शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इस कैंप में गुड डे डिफेंस न्यू सैनिक स्कूल के एनसीसी, सीटीओ इमामबक्श के नेतृत्व में कुल 17 कैडेट्स ने भाग लिया जिनमें होनहार कैडेट प्रीत राठी को पूरे कैंप में 'बेस्ट कैडेट' का खिताब मिला। प्रीत राठी ने अपने अनुशासन, बेहतरीन परेड, फायरिंग कौशल, खेल कौशल और डांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें जीडी कैडेट्स में सर्वश्रेष्ठ कैडेट चुना गया। कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने अपने शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रीत राठी की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और उनके साथियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र प्रीत राठी का यह सम्मान ना केवल उनके स्कूल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य कैडेट्स के लिए भी प्रेरणादायक है। पूरे कैंप के दौरान प्रीत ने न केवल अपने कौशल से, बल्कि अपने अनुशासन और समर्पण से भी सभी का दिल जीता। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन दिनेश जुनेजा, महानिदेशक गिरीश कुमार (इस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, सेवानिवृत्त), निदेशक, सौरभ कुमार (लेफ्टिनेट कर्नल सेवानिवृत्त), प्राचार्य पंकज उप्पल, प्रशासक अनुराग छाबड़ा, विद्यालय के काउंसलर नीरज नागपाल ने छात्र को इस उपलब्धी पर बधाई दी एंव उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद प्रदान किया। उक्त अवसर पर समस्त विद्यालय स्टॉफ और बड़ी संख्या में अभिभावकगण वं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कृषि जिन्सों की बोली का समय निर्धारित

व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों व खरीदार व्यापारियों की बैठक

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन धान मण्डी के व्यापार मण्डल व व्यापार संघ के अध्यक्षों तथा खरीदार व्यापारियों की बैठक शनिवार को कृषि उपज मण्डी समिति सचिव सीएल वर्मा की अध्यक्षता में समिति कार्यालय में हुई। बैठक में खरीददार व्यापारियों के साथ सहमतिपूर्वक अलग-अलग जिन्सों की बोली का अलग-अलग समय निर्धारित किया गया। सरसों जिन्स की बोली अपराह्न तीन बजे किए जाने का तय किया गया। इसके अलावा चोरी न हो, इसके मद्देनजर मण्डी के गेटों को बंद किए जाने का समय निर्धारित किया गया। गेट नम्बर 6, 7 व 8 शाम सात बजे व अन्य गेट साढ़े सात बजे बंद किए जाने पर सहमति बनी। वहीं दो नम्बर गेट 24 घंटे खुला रहेगा। सभी गेट सुबह सात बजे खुलेंगे। यह नियम सोमवार से लागू होंगे। बैठक में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने समिति सचिव को मण्डी की समस्याओं से अवगत करवाया। गेट नम्बर दो की तरफ सड़कों का निर्माण करने, नाली का लेवल सही करवाने, शैड नम्बर एक की मरम्मत करवाने जाने की मांग सचिव से की गई। गेटों पर तैनात चौकीदारों के लिए गुमटी बनाए जाने की मांग की। समिति सचिव सीएल वर्मा ने बताया कि शैड नम्बर दो के पास की सड़कें नीची हैं। उन्हें ऊंचा उठाने, तीन नम्बर ब्लॉक में बनाए गए मुख्य नाले से नालियों का मिलान करने ताकि पानी न रूके, की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सभी दस गेटों पर गुमटियां बनाई जाएंगी। बैठक में प्यारेलाल बंसल, अनिल बंसल, शंकरलाल जैन, मोहित बलाड़िया, मोतीराम गर्ग, पवन गर्ग, कुलवीर सिंह, सुरेश गर्ग, पवन चराया आदि मौजूद रहे।

राजस्थानी भाषा का होगा विकास, बनेगा बोर्ड

राजनीतिक नियुक्ति का दौर, अध्यक्ष व सदस्य सहित अन्य पदों पर होगी नियुक्ति

जयपुर. प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों के दौर शुरू हो चुके है। इसी बीच भजनलाल सरकार जल्द ही राजस्थानी भाषा के विकास के लिए एक विकास बोर्ड का गठन करेगी। इसे राजस्थानी भाषा विकास बोर्ड का नाम दिया जाएगा। इस बोर्ड में राजनीतिक नियुक्तियां भी होगी। जिसमें अध्यक्ष, सदस्य, भाषा के जानकारों के अलावा सचिव पद होगा। बोर्ड को खर्चे के लिए अलग से बजट मिलेगा। बोर्ड का ऑफिस जयपुर या मारवाड़ के किसी जिले में होगा। हालांकि ऑफिस के जगह की घोषणा बोर्ड की स्थापना के साथ होगी। जिस पर फैसला होना शेष है। गौरतलब है कि प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में राजस्थानी भाषा के पीजी कोर्सेस संचालित किए जा रहे हैं। भाषा पर कई शोध हो चुके हैं। बोर्ड का मसौदा तैयार करने में जुटे विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान भाषा का ये बोर्ड किसी प्रकार की मान्यता दिलाने को लेकर नहीं है। बल्कि राजस्थानी भाषा और बोलियों की अहमियत बताएगा। भाषा का पौराणिक जुड़ाव और किस तरह से भाषाएं और बोलियां विकसित होती चली गईं, इस पर भी काम होगा। भगवान श्री कृष्ण से लेकर लोकदेवताओं इसका जुड़ाव है। इनसे जुड़े दस्तावेज और जगहों के संरक्षण पर भी काम होगा। दूसरे राज्यों में भी अलग - अलग भाषाएं और बोली है। किस तरह से वहां पर इस संबंध में विकास पर काम हुआ। खासकर साउथ के राज्यों के मॉडल का भी अध्ययन किया जा रहा है। राजस्थानी भाषा को केंद्रीय मान्यता का मामला कई बार उठा है। भाजपा ने 2023 के संकल्प पत्र में भी राजस्थानी भाषा विकास बोर्ड के गठन का जिक्र किया है। ऐसे में यह सरकार की प्राथमिकता में है।

आज 36 केन्द्रों पर होगी प्री-डीएलएड परीक्षा

कुल 12396 अभ्यर्थी नामांकित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में रविवार को 36 केन्द्रों पर प्री-डीएलएड परीक्षा सम्पन्न होगी। इस वर्ष यह परीक्षा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जा रही है। परीक्षा दोपहर 12.30 से अपराह्न 3.30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। हनुमानगढ़ जिले में कुल 36 परीक्षा केन्द्रों पर 12396 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ. रामपाल अहरोदिया ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र, नीले-काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉलपेन, एक नवीन रंगीन पासपोर्ट फोटो, वैध फोटो पहचान पत्र लाना आवश्यक है। मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति मान्य नहीं है। परीक्षा केन्द्र के परिसर में किसी प्रकार का मोबाइल फोन, ब्ल्यूटूथ, किसी भी प्रकार की घड़ी, केलकुलेटर, लॉग टेबल, संचार के कोइ भी उपकरण, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, व्हाइटनर, स्लाइड रूल, ज्योमेट्री बॉक्स, कोई भी पाठ्य सामग्री, नोट इत्यादि एवं किसी भी अनुचित साधन को लाने की अनुमति नहीं है। फोटो पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने, गहन तलाशी के उपरान्त ही परीक्षार्थी को केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ही परीक्षार्थी प्रयुक्त प्रश्न पत्र बुकलेट एवं ओएमआर की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकेंगे।

सीएमएचओ ने जांचे आधा दर्जन अल्ट्रासाउंड सेंटर

» जांच में पाई गई छुटपुट कमियां दूर करने के दिए निर्देश

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने शनिवार को जंक्शन व टाउन क्षेत्र में संचालित करीब आधा दर्जन अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की। जांच के दौरान सेंटरों पर पाई गई छुटपुट कमियां दूर करने के लिए सेंटर संचालकों को निर्देशित किया गया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों की हर तीन माह में एक बार जांच करने के निर्देश हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। पूरे जिले में 43 एक्टिव अल्ट्रासाउंड सेंटर हैं। हनुमानगढ़ शहरी क्षेत्र में 23 अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। जयपुर से एमडी की ओर से भी अल्ट्रासाउंड सेंटर की सघनता से जांच करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत शनिवार को करीब आधा दर्जन अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की गई। किसी अल्ट्रासाउंड सेंटर में अनियमितता नहीं पाई गई। अच्छे तरीके से काम कर रहे हैं। छुटपुट कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान एक्ट के तहत भरे जाने वाले फार्म में चैकलिस्ट, चिकित्सक के दस्तावेज, मशीन के दस्तावेज, ट्रैकर, अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीजों के फार्म आदि की जांच की जाती है ताकि कोई अनियमितता न हो। अगर अनियमितता पाई जाती है तो केस कर सेंटर बंद भी किया जा सकता है। लिंग जांच की सूचना सत्य पाई जाती है तो डिकॉय की कार्रवाई की जाती है। सूचना देने वाले को तीन लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी
मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442